आज का मौसम 35.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54 सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 25, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 5 रुपये




हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से वाहन मलबे में दबे खेतों को भारी क्षति-10



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घर खरीदारों की रक्षा करे केंद्र सरकार - 10



नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य - 11



भारत का पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में पलड़ा भारी- 12


CENTURION DEFENCE ACADEMY

THE ABSOLUTE LEADER

लखनऊ | देहरादून

रक्षा क्षेत्र की पुख्ता तैयारी के लिए प्रख्यात

## गर्व का वर्ष - देश को समर्पित 150+ सैन्य अधिकारी

NDA | 11TH & 12TH NDA FOUNDATION | CDS | MNS | AFCAT | SSB INTERVIEW



## लगातार AIR- 1,2,3 सिर्फ ड्रीम नहीं, डेस्टिनेशन तक – सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी




## भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के सामने शिशिर दीक्षित सर की ऐतिहासिक घोषणाएँ

## शहीद परिवारों, सैनिकों और युवाओं के भविष्य को नई दिशा

### CENTURION ADVANTAGES

- गर्ल्स के लिए विशेष प्रगति बैच : हर चौथी NDA चयनित छात्रा सेंचूरियन से।
- ब्रह्मोस बैच: हिंदी माध्यम के छात्रों को सफलता की ओर अग्रसर करना।
- फाउंडेशन बैच एक्सीलेंस: हर बार सबसे अधिक फाइनल चयन।
- 2025 में 100+ प्रामाणिक चयन: और गिनती जारी है।
- सतत चैंपियंस: टॉपर्स की पहली पसंद- लगातार AIR-1,2,3
- सेंचूरियन प्रेप एडवांटेज: अतिरिक्त तैयारी के लिए एयर लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब।
- विशेषज्ञ मेंटरशिप: भारत की सबसे अनुभवी टीम द्वारा लिखित व SSB इंटरव्यू की तैयारी।
- सीमलेस हाइब्रिड लर्निंग: सेंचूरियन डिजिटल ऐप के साथ।
- व्यक्तिगत सफलता: व्यक्तिगत मार्गदर्शन और विशेष फीडबैक पाएं।
- सच्चा मेंटर vs अम्पायर: हमारे मुख्य रक्षा परीक्षा मेंटर शिशिर दीक्षित सर के साथ श्रेष्ठ अनुभव।
- रणनीतिक कंटेंट: हमारी R&D टीम द्वारा तैयार की गई सेंचूरियन पब्लिकेशन तक पहुंच।
- डिफेंस डिवोशन: हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ रक्षा क्षेत्र के लिए है।
- असली परिणाम: हमारे पोस्टर पर दिखने वाला हर चेहरा वास्तव में सेंचूरियन स्टूडेंट है, कोई स्टॉक इमेज नहीं।
- प्रमाणित और विश्वसनीय: भारत की सबसे उच्च वास्तविक चयन दर — सभी फाइनल चयन केवल हमारे ऑफलाइन बैच से।
- ट्रेनिंग टाइटंस: भारत का सबसे बड़ा फिजिकल फिटनेस और GTO ग्राउंड लखनऊ और देहरादून में।
- सत्य, सेना एवं संस्कार पर आधारित फिजिकल ट्रेनिंग में मानक एवं अनुशासन से कोई समझौता नहीं।







**लखनऊ, 10 सितम्बर 2025:** परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के 60वें बलिदान दिवस पर सेंचूरियन फाउंडेशन ने भारतीय सशस्त्र बलों, शहीद परिवारों और वीरता पुरस्कार विजेताओं के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएँ कीं। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल आनंद्या सेन गुप्ता (PVSM, UYSM, AVSM, YSM) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री नीरज सिंह (अध्यक्ष, FICCI उत्तर प्रदेश), मंत्री श्री दानिश आज़ाद अंसारी (वेलफेयर एवं वक्फ बोर्ड, उत्तर प्रदेश) और GOC मेजर जनरल सलील सेन, शामिल रहे। सेंचूरियन फाउंडेशन के चेयरमैन श्री शिशिर दीक्षित ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने और शहीदों के परिवारों को सम्मान देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। इन घोषणाओं को लेफ्टिनेंट जनरल आनंद्या सेन गुप्ता, (PVSM, UYSM, AVSM, YSM) और GOC मेजर जनरल सलील सेन ने औपचारिक रूप से स्वीकार किया और इसकी सराहना की।

### देश के हज़ारों भावी सैन्य अधिकारियों को तराशने वाले प्रेरणास्त्रोत गुरु

दीक्षित सर, सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी (लखनऊ और देहरादून) के संस्थापक और चेयरमैन हैं। वे भारत के रक्षा क्षेत्र में सर्वाधिक सफलताओं के लिए प्रसिद्ध हैं, और रक्षा परीक्षाओं व एसएसबी इंटरव्यू में लगातार ऑल इंडिया रैंक 1, 2, 3, 4, 5, 6 दिलाकर रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं उत्तराखंड के राज्यपाल भी उन्हें सर्वाधिक चयन दर के लिए कई बार सम्मानित कर चुके हैं।

चीफ़ डिफेंस एग्ज़ाम मेंटर दीक्षित सर ने "प्रोफाइल मैपिंग" जैसी अनूठी मेंटरिंग तकनीक विकसित की है। वे व्यक्तिगत मार्गदर्शन और कस्टमाइज्ड फीडबैक के लिए पूरे देश में लोकप्रिय हैं। साथ ही वे वंचित और विपरीत सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले



छात्रों को प्रेरित व मार्गदर्शन देने में अग्रणी हैं, और ऐसे कई परिवारों से सेना के अधिकारी तैयार कर चुके हैं जिनका विकासात्मक इतिहास चुनौतीपूर्ण रहा है।उनकी अकादमी देश में एनडीए में सर्वाधिक बालिकाओं का चयन सुनिश्चित कर रही है, और हज़ारों आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को स्कॉलरशिप देकर सशक्त बना रही है। उन्हें कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के शीर्ष नेतृत्व से सम्मान प्राप्त है। उनका मिशन है: भारत के हर परिवार से कम से कम एक सदस्य सेना में सेवा करे।

**श्री शिशिर दीक्षित सर**
संस्थापक एवं चेयरमैन,
सेंचूरियन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स,
चीफ डिफेंस एग्जाम मेंटर, लेखक

Trust the process and involve into the process.

### प्रमुख घोषणाएँ :

- **100% छात्रवृत्ति** – भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के शहीद परिवारों के पात्र रक्षा अभ्यर्थियों को, ऑनलाइन या ऑफ लाइन माध्यम से, रक्षा परीक्षाओं की तैयारी हेतु शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।
- **100% छात्रवृत्ति** – सभी गैलेंट्री अवार्डीज़ (Gallantry Awardees) के पात्र पारिवारिक रक्षा अभ्यर्थियों को भी, ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से, रक्षा परीक्षाओं की तैयारी हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी।
- **₹5000 SSB Prep Aid** – प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी को, जो SSB इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहा है, सेंचूरियन फाउंडेशन द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ SSB कोचिंग मार्ग दर्शन हेतु ₹5000 की तैयारी सहायता प्रदान की जाएगी। इसकी वैधता 1 वर्ष होगी, यानी यदि कोई उम्मीदवार पहले प्रयास में सेलेक्ट नहीं होता, तो वह अगले 1 वर्ष के भीतर पुनः निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगा।
- **डिजिटल पैनल स्थापना** –सेंट्रल कमांड, लखनऊ HRDC क्लास रूम में एक समर्पित डिजिटल पैनल स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से SSB इंटरव्यू प्रेप, स्पोकन इंग्लिश तथा ऑनलाइन सत्र संचालित किए जाएंगे।
- **'रणनीति' पुस्तक की 100 प्रतियाँ –SSB Interview** तैयारी हेतु **'रणनीति'** पुस्तक की 100 प्रतियाँ सेंट्रल कमांड की सभी आर्मी लाइब्रेरीज़ को प्रदान की जाएंगी।
- **निःशुल्क 6-दिवसीय SSB कैप्सूल सत्र** –प्रत्येक 6 माह में, SSB इंटरव्यू विशेषज्ञों द्वारा, लखनऊ HRDC में 6 दिवसीय कैप्सूल ऑफलाइन सत्र निःशुल्क आयोजित किए जाएंगे।

## ADMISSIONS OPEN

For Classroom Course And Centurion digital App

**Head Office, Lucknow (UP)**
Near Phoenix Mall, Opp. Police Station Alambagh
+91 9795977776

**Indira Nagar Center (UP)**
Faizabad Road, Indira Nagar
**Lucknow**
+91 9795977776

**Dehradun Center (UK)**
General Mahadev Singh Road, Near IMA, Ballupur Chowk, Satya Vihar, Kailashpuri, Dehradun
+91 9795977779

BE INSPIRED, BE INFORMED
Watch Our Real Results on

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

कानपुर

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 25, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से वाहन मलबे में दबे खेतों को भारी क्षति-10



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घर खरीदारों की रक्षा करे केंद्र सरकार - 10



नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य - 11



भारत का पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में पलड़ा भारी- 12



लोक दर्पण
जन, संपर्क और व्यवहार हिन्दी भाषा का आधुनिक संदर्भ
जन स्वीकृति की हिन्दी कब होगी राष्ट्रभाषा

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जन, संपर्क और व्यवहार हिन्दी भाषा का आधुनिक संदर्भ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### मथुरा में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोली-बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सराय रोहिल्ला थाने की एक टीम ने यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हथियारों की आपूर्ति संबंधी सूचना के बाद चलाया। इससे पहले एक सितंबर को पुलिस ने अलीगढ़ के जट्टारी पिसावा रोड पर एक अस्थायी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया था। पुलिस को दो बंद कमरों में छह तैयार पिस्तौल, अधूरी बनी 12 पिस्तौल, छह कारतूस, 250 से ज्यादा हथियारों के लिए कच्चा माल, ड्रिल, ब्लो मशीन और बैरल पाइप जैसे उपकरण मिले थे।

### पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र अस्पताल में भर्ती

**मिर्जापुर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र को उपचार के लिए यहां राम कृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उपशास्त्रीय संगीत गायन में मशहूर पद्म विभूषण से सम्मानित छन्नू लाल मिश्रा (89) को हीमोग्लोबिन की कमी और 'बेड सोल' की समस्या के कारण उपचार की जरूरत पड़ी। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम छन्नू लाल मिश्रा स्वास्थ्य की देखभाल कर रही है। छन्नू लाल मिश्र की पुत्री नम्रता मिश्रा ने बताया कि उनके पिता 'बेड सोल' से पीड़ित है।

### चेन्नई में होगा पांचवां तटरक्षक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सहयोग के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को आगे बढ़ाते हुए भारत वर्ष 2027 में चेन्नई में पांचवें तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि 11 और 12 सितंबर को इटली में चौथे तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। तीन दिन के पांचवें वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय तटरक्षक बेड़े की समीक्षा और विश्व तटरक्षक संगोष्ठी होगी। भारतीय तटरक्षक महानिदेशक परमेश शिवमणि ने कहा कि कोई भी एक देश अकेले इतनी विशाल समुद्री चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता।

# मणिपुर में लाएंगे शांति और समृद्धि

## प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के विभिन्न संगठनों से हिंसा छोड़ने का किया आग्रह

- कहा-केंद्र सरकार राज्य के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी

इंफाल/चूड़ाचांदपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर में विभिन्न संगठनों से हिंसा छोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है और इस हिंसाग्रस्त प्रांत को शांति व समृद्धि का प्रतीक बनाने की दिशा में काम कर रही है। मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने मणिपुर को आशा और आकांक्षा की भूमि बताया और कहा कि 'दुर्भाग्य से हिंसा ने इस खूबसूरत क्षेत्र पर अपनी छाया डाल दी' है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले, मैं एक राहत शिविर में प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास के एक नया सवेरा का उदय हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी जगह विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति जरूरी है। पिछले 11 सालों में पूर्वोत्तर में कई संघर्ष और विवाद सुलझ गए हैं। लोगों ने शांति का रास्ता चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। लंबे समय से जारी जातीय हिंसा के बावजूद राज्य का दौरा ना करने को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना झेल रहे प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र के प्रयासों के नतीजे मिलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि हाल ही में पहाड़ी और घाटी में... विभिन्न समूहों के साथ समझौतों पर बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति स्थापित करने के प्रयासों का हिस्सा हैं। मैं सभी संगठनों से शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अपील करता हूँ। मैं आपके साथ हूं... भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है। हम मणिपुर को शांति, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।

राज्य के विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पहले दिल्ली में लिए गए फैसलों को यहां तक पहुंचने में दशकों लग जाते थे, लेकिन अब मणिपुर देश के बाकी हिस्सों के साथ-साथ प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पहाड़ी और आदिवासी इलाकों में अच्छे स्कूल और अस्पताल सिर्फ एक सपना हुआ करते थे।



मणिपुर के चुराचांदपुर में राहत शिविर में हिंसा प्रभावित लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### विस्थापित लोगों से मिले, केंद्र की ओर से हर संभव मदद का दिया भरोसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर की राजधानी इंफाल के ऐतिहासिक कांगला किला परिसर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के एक वर्ग से बातचीत की। मोदी ने आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) की चिंताएं सुनीं और उन्हें राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने में केंद्र सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले प्रधानमंत्री ने चूड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले, मैंने एक राहत शिविर में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास की एक नई सुबह उभर रही है।

### कई विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

मोदी ने इस समारोह में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मणिपुर के लोगों खासकर पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को और बेहतर बनाएंगी। मोदी ने कहा कि मणिपुर नाम में ही 'मणि' है और यही वह रत्न है जो आने वाले समय में पूरे पूर्वोत्तर में चमकेगा। केंद्र सरकार मणिपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी प्रयास के तहत, मैं आज आप सभी के बीच उपस्थित हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफाल से सड़क मार्ग से लगभग 60 किलोमीटर दूर चूड़ाचांदपुर जाते समय उन्हें जो प्यार मिला, उसे वह कभी नहीं भूल सकते।

# नेपाल के पूर्व पीएम ओली के खिलाफ एफआईआर

- ओली पर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवाने का आरोप
- आज अंतरिम सरकार के कैबिनेट विस्तार की संभावना

काठमांडु, एजेंसी

नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश रहीं सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के बाद जेन जी पीढ़ी के युवाओं द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर गोलीबारी का आदेश देने के आरोप में निवर्तमान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य और कांग्रेस सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कपिलवस्तु के मुख्य जिला अधिकारी दिल कुमार तमांग के माध्यम से मेट्रोपॉलिटन पुलिस सर्कल, न्यू बनेश्वर में शिकायत दर्ज कराई है।

इस बीच नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार को कैबिनेट का विस्तार कर सकती हैं। शनिवार को वह दिनभर जेन जी प्रतिनिधियों और अन्य लोगों के साथ विचार-विमर्श में जुटी रहीं। कार्की के करीबी सूत्रों का कहना है कि रविवार तक मंत्रिमंडल सहयोगियों के नाम पर फैसला होने के बाद कल ही शपथग्रहण कराया जा सकता है। स्कूलों को जल्द खोलने का फैसला लिया गया है, खासकर उन स्कूलों को जिसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, उनमें कल से पढ़ाई शुरू होगी।

इस बीच कार्की ने साफ किया है कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को चुनाव लड़ने से नहीं रोकेंगी। संभव है कि उनकी कैबिनेट में कुलमन घीसिंग, बालेंद्र शाह बालेन और सुमाना श्रेष्ठ को शामिल किया जाए। पीएम पद की दौड़ में बिजली बोर्ड के पूर्व सीईओ घीसिंग और काठमांडू के मेयर बालेन भी शामिल थे। सुमाना पूर्व शिक्षा मंत्री हैं। कहा जा रहा है कि अंतरिम सरकार में जेन जी का कोई प्रतिनिधि नहीं होगा। हालांकि जेन जी ने कहा कि वह अंतरिम सरकार के कामकाज पर कड़ी निगाह रखेंगे।

### प्रदर्शन में महत्वपूर्ण न्यायिक रिकॉर्ड नष्ट

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि देश के न्यायिक इतिहास का हिस्सा रहे महत्वपूर्ण दस्तावेज हाल ही में हुए छात्रों के नेतृत्व वाले सरकार विरोधी प्रदर्शनों में लगभग नष्ट हो गए। हालांकि, न्यायालय ने जल्द कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प जताया है। प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत ने कहा कि हम हर परिस्थिति में न्याय के मार्ग पर अडिग और दृढ़ हैं। समाचार पोर्टल माय रिपब्लिका में शनिवार को प्रधान न्यायाधीश के हवाले से कहा गया कि हम नागरिकों की न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द अदालती कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प लेते हैं।

# औद्योगिक प्लॉटो में एससी और एसटी को मिलेगा 10 % आरक्षण

- आरक्षित प्लॉट का मूल्य पश्चिमांचल में सबसे ज्यादा, पूर्वांचल व बुदेलखंड में सबसे कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई औद्योगिक प्रबंधन नीति में सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने औद्योगिक प्लॉटो और शेड्स के आवंटन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। प्लाट का आरक्षित मूल्य पश्चिमांचल में सबसे ज्यादा और सबसे कम पूर्वांचल व बुदेलखंड में तय किया गया है।

प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए नई औद्योगिक प्रबंधन नीति 2025 में एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का लाभ सभी क्षेत्रों पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में समान रूप से लागू किया है। इससे पिछड़े वर्गों के उद्यमियों को औद्योगिक विकास की मुख्यधारा में लाने का रास्ता खुलेगा।

सरकार ने पहली बार औद्योगिक प्लॉट और शेड्स के आवंटन के लिए ई-नीलामी प्रणाली लागू की है। नई नीति के तहत पश्चिमांचल क्षेत्र में प्लॉट का न्यूनतम आरक्षित मूल्य तीन हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर, मध्यांचल में ढाई हजार और पूर्वांचल व बुंदेलखंड में दो हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है। प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल से इन दरों में पांच प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान किया गया है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी पोर्टल के माध्यम से होगी और जल्द ही आवेदन की तिथि और पोर्टल की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

### टोकन मनी के रूप में देना होगा 10 प्रतिशत अग्रिम

आवेदकों को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कुल प्लॉट मूल्य का 10 प्रतिशत पहले जमा करना होगा। भुगतान एकमुश्त या अधिकतम तीन वर्षों की किस्तों में किया जा सकेगा। जो आवेदक तुरंत पूरा भुगतान करते हैं, उन्हें दो प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी।

### आरक्षित वर्ग नहीं तो अन्य को मिलेगा लाभ

आरक्षित कोटा के तहत यदि निर्धारित अवधि में कोई योग्य एससी/एसटी उद्यमी आवेदन नहीं करता है तो उस क्षेत्र में बचे हुए प्लॉटों को सामान्य वर्ग के आवेदकों को ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा। इससे औद्योगिक विकास की गति बनी रहेगी और प्लॉट लंबे समय तक खाली नहीं रहेंगे।

# एसआईआर पर सुप्रीम निर्देश आयोग के काम में दखल

- निर्वाचन आयोग बोला-वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम
- सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका पर आयोग ने दाखिल किया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पूरे देश में नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा। शीर्ष अदालत में दायर एक जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि किसी अन्य प्राधिकरण के हस्तक्षेप के बिना संशोधन की नीति पर उसका पूर्ण विवेकाधिकार है।

आयोग ने कहा कि बिहार को छोड़कर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को संबोधित अपने 5 जुलाई, 2025 के पत्र के माध्यम से आयोग ने 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों के एसआईआर के लिए तत्काल पूर्व-संशोधन गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया है। हलफनामे में कहा गया है कि आयोग को मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन की निगरानी के लिए संवैधानिक एवं वैधानिक शक्तियां प्राप्त हैं। इसमें कहा गया कि देश भर में नियमित अंतराल पर एसआईआर आयोजित करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा।



हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया है, जिन्होंने आयोग को पूरे भारत में, विशेष रूप से चुनावों से पहले, नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का एसआईआर कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल भारतीय नागरिक ही देश की राजनीति और नीति के संबंध में निर्णय लें।

आठ सितंबर को न्यायालय ने निर्देश दिया था कि बिहार में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं के पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। न्यायालय ने आयोग को 9 सितंबर तक इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया था। अपने जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद और प्रत्येक राज्य की विधानसभा के लिए सभी चुनावों के सिलसिले में मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण आयोग पर निर्भर है। हलफनामे में कहा गया है कि उक्त संवैधानिक प्रावधान मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने से संबंधित सभी मामलों में आयोग के पूर्ण अधिकार का आधार है।

## बीजापुर में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

- बंदूक, बीजीएल लांचर और विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी पर सुरक्षाबलों ने सुबह तलाशी अभियान चलाया जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, बाद में सुरक्षाबलों को मुठभेड़ स्थल पर एक माओवादी मृत मिला तथा वहां से 12 बोर की एक बंदूक, एक बीजीएल लांचर, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान अभी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान, सुरक्षाबलों की संख्या आदि जानकारी साझा नहीं की जा सकती।

## ताज पैलेस, मैक्स अस्पताल में बम की धमकी

- बीडीएस और खोजी कुत्तों ने होटल खंगाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित होटल ताज पैलेस और मैक्स अस्पताल को शनिवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस ने तलाशी के बाद इन्हें झूठी धमकी बताया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, शालीमार बाग स्थित ताज पैलेस होटल को शनिवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जबकि द्वारका स्थित मैक्स अस्पताल को भी दोपहर में ऐसी ही धमकी मिली। ताज पैलेस के प्रवक्ता ने कहा कि गहन सुरक्षा जांच के बाद अधिकारियों ने इस धमकी को अफवाह घोषित कर दिया है। मैक्स अस्पताल ने मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता और त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) सहित दिल्ली पुलिस की कई टीम मौके पर पहुंच गईं। होटल पार्किंग, लॉबी और कमरों की खोजी कुत्तों की मदद से गहन जांच की गई। लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# पीटीआर के जंगल में चीतल का किया शिकार, चार शिकारियों को दबोचा

- चीतल का मांस, खाल और सींग समेत बाइक बरामद
- माला रेंज में सूचना मिलने पर वन कर्मियों ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में चीतल का शिकार करने पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर चार शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि उनके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। शिकारियों के पास से चीतल का मांस, खाल, कुल्हाड़ी, सींग और एक बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए शिकारियों के विरुद्ध वन्यजीव अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

माला रेंज के वन दरोगा सुमित कुमार, वन रक्षक सचिन सिंह और हृदेश कुमार पटेल शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे भैरो बीट के माला कंपार्टमेंट 128 सी में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टीम को मुखबिर से शिकारियों द्वारा अवैध शिकार करने की सूचना मिली। टीम ने संबंधित स्थान पर घेराबंदी की। इस बीच कुछ लोग जंगल से चीतल का शिकार कर ले जा रहे थे। सभी अपने हाथों में प्लास्टिक के बैग लिए हुए थे। नजदीक आते ही टीम ने घेराबंदी कर चार शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि तीन शिकारी भाग निकले। पकड़े गए शिकारियों के हाथ में प्लास्टिक के बैग में चीतल का मांस, बांका और कुल्हाड़ी बरामद की गई। तलाश के दौरान दो अलग-अलग बैगों में 500-500 ग्राम चीतल का मांस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम शिव कुमार उर्फ छोटे पुत्र गिरधारी, भूरा पुत्र गयाप्रसाद निवासी गांव भैरोकलां थाना माधोटांडा, रीतराम पुत्र भोलेराम निवासी गांव संडई, थाना माधोटांडा और रामपाल पुत्र राम विलास निवासी गांव हरनाई थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर बताया। पूछताछ के बाद शिकारियों द्वारा बताए गए स्थान पर एक बाइक, नर चीतल की खाल और सींग बरामद किए गए।

स्वास्थ्य | मुख्यमंत्री ने राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस पर दी कई सौगातें

# राष्ट्रहित में लिया गया निर्णय ही हमारी संस्कृति : योगी

- कहा-काल की गति से दो कदम आगे चलें, वरना समय पीछे छोड़ देगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र और जनहित में लिया गया निर्णय ही हमारी असली संस्कृति है। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान व्यापक दृष्टिकोण से समय के अनुरूप निर्णय लेता है, तो वह सिर्फ प्रगति नहीं करता, बल्कि समाज के लिए दिशा-निर्देशक बनता है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएल) इसका जीवंत उदाहरण है। जिसने 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1375 बेड का विस्तार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने 298 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 50 करोड़ की गामा नाइफ मशीन और प्रदेश के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर की शुरुआत भी शामिल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। यदि हम काल की गति से दो कदम आगे नहीं चलेंगे, तो काल की चपेट में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि आरएमएल संस्थान ने पांच वर्षों में यूपी के टॉप तीन चिकित्सा संस्थानों में स्थान बनाया है। जहां केजीएमयू 110 वर्ष पुराना है, एसजीपीजीआई चार दशकों से कार्यरत है, वहीं आरएमएल ने सिर्फ कुछ वर्षों में यह मुकाम पाया है। इससे स्पष्ट होता है कि नेतृत्व और दिशा सही है। सीएम ने कहा कि आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वरण शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह आदि उपस्थित थे।



आरएमएल संस्थान के 5वें स्थापना दिवस पर चिकित्सक का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी।

न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में चाट विक्रेता गम्भीर रूप से घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज नगर के मोहल्ला बरतल में एक दुर्घटना में चाट विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार रात्रि बजे की घटना है। मोहल्ला बरतल निवासी शिवकुमार पुत्र राम प्रकाश अपनी चाट की ठेली लेकर घर लौट रहे थे। कलावती मंदिर के पास नवाबगंज की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी ठेली में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवकुमार दूर जा गिरे। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल शिवकुमार को तुरंत नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### चोरों ने घर से उड़ाई नकदी व जेवर

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चपरा निवासी नंदराम पुत्र रम्मू माथुर शुक्रवार की रात अपनी धान की फसल रखवाली करने के लिए गए थे। रात्रि मे करीबन 11 बजे चोरों ने घर मे घुसकर ताला तोडक़र बक्से व अलमारी में रखे रुपए 20 हजार नगदी और जेवरात जिसमें चांदी की बिछुआ, पायल और सोने की झाले, चैन, मांग बेदी आदि चुरा लिए और फरार हो गए।

### रामगंगा में युवक का पैर फिसलने से डूबा

**फर्रुखाबाद।** शनिवार सुबह शौच के लिए युवक रामगंगा किनारे गया था, रामगंगा में उसका पैर फिसलने से डूब गया। उसका कुछ पता नहीं चला। थाना राजेपुर अंतर्गत राहुल पुत्र रणवीर सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी गांव कादर कुइयां रामगंगा नदी में सुबह शौच के लिए गया था। शौच करते समय उसका पैर फिसल गया और वह रामगंगा की अथाह बाढ़ में डूब गया। गोताखोरों ने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया पर उसका बाढ़ में कुछ पता नहीं चला।

### राम वन गमन की कथा का भावपूर्ण वर्णन

**छिबरामऊ।** नगर के प्राचीन श्रीगंगेश्वरनाथ मंदिर पर श्री गोविंद सत साहिब प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से श्रीरामकथा का आयोजन हो रहा है। वृंदावन धाम के प्रसिद्ध संत प्रहलाद जी महाराज ने शनिवार को राम वन गमन का प्रसंग सुनाया। साथ ही, ऋषिकेश के ब्रह्मचारी संत श्री स्वरूप दास जी महाराज और ब्रह्मचारी संत कृष्ण जी महाराज ने सत्संग में आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। इस कथा का वर्णन सुनकर भक्तों की आंखें नम हो जाती हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 63,776 मामले किए गए निस्तारित

## परिवार न्यायालय में 52 वाद निपटे जिसमें 25 जोड़े खुशी-खुशी अपने घर गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से संदर्भित 90,393 वादों में से 63,776 मामले निस्तारित किए गए जिससे वादकारियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव ने बताया कि 1,98,42,679 रुपये आदेशित भी किए गए।

नवीन जिला कचहरी परिसर में प्राधिकरण के अध्यक्ष/ जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश फूल चंद्र पटेल, एमएसीटी की पीठासीन अधिकारी इंदु द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत हरि प्रसाद व एडीजे / सचिव प्राधिकरण लवली जायसवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम न्यायालय तिर्वा एवं समस्त प्रशानिक कार्यालयों में लोक अदालत हुई। बताया गया है कि परिवार न्यायालय में कुल 52 वाद संदर्भित किए गए जिनमें सुलह-समझौते के आधार पर सभी का निस्तारण हुआ और 25 जोड़े खुशी-खुशी अपने घर गए। एमएसीटी न्यायालय में कुल 132 वादों में 17 का निस्तारण हुआ। सत्र न्यायालय स्तर पर संदर्भित 285 वादों में 237 वाद निस्तारित हुए। एसीजेएम कन्नौज व छिबरामऊ में 339-339 वाद निस्तारित किए गए। अन्य न्यायालयों में भी सैकड़ों वादियों को राहत मिली। सचिव ने बताया कि जनपद न्यायालय कन्नौज में निस्तारण के लिए कुल 5139 वाद संदर्भित किए गए थे, जिनमें 2321 का निस्तारण हो गया। कर 5,25,86,306 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित कर वसूल किया गया। प्रशासन स्तर पर कुल 85,254 वादों में से 61,455 का निस्तारण हुआ जिसमें 14,58,39,973 रुपये आदेशित किए गए। सीजेएम कोर्ट से डाटा प्राप्त नहीं हुआ है जिसके बाद वादों की संख्या बढ़ सकती है।


काउंटर पर जानकारी करते जिला जज चंद्रोदय कुमार व सचिव लवली जायसवाल।

**बंदियों ने बनाई सामग्री**

- जेल अधीक्षक ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बंदियों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों जैसे लैम्प, एलईडी झालर लाइट, बल्ब, टार्च, झोले आदि की बिक्री के लिए स्टॉल लगाया गया। वादकारियों ने उत्पादों की खरीदारी भी की। दूसरी ओर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए जिससे लोगों ने पलों को यादगार बनाया।

# पर्यटक स्थलों का निरीक्षण कर आनंद पैलेस का फीता काटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति धर्मार्थ कार्य ने किया निरीक्षण
- मेहंदीघाट व बाल संग्रहालय भवन को भी देखा

**अमृत विचार।** प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति व धर्मार्थ कार्य विभाग मुकेश कुमार मेश्राम एवं पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया।

मेहंदी घाट का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि जन सुविधाओं का प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराया जाए। कहा कि 12.37 लाख रुपये की लागत से घाट का सुंदरीकरण, चेंजिंग रूम एवं अन्य कार्यों की परियोजनाओं को स्वीकृत कर शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा। रोमा संग्रहालय, रही पर्यटक आवास गृह एवं म्यूजियम को एकीकृत पर्यटन परिसर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोमा संग्रहालय, रही पर्यटक आवास गृह एवं म्यूजियम को एक समेकित पर्यटन परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। आवश्यकतानुसार भूमि क्रय कर इसे आकर्षक पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। बाल संग्रहालय में निरीक्षण के समय उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। प्रमुख सचिव ने मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर तिर्वा में चल रहे पर्यटन विभाग के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अनुरोध किया कि मंदिर में आवश्यकतानुसार पर्यटन संबंधी समस्त कार्य कराए जाएं, जिस पर प्रमुख सचिव ने आश्वासन दिया। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि मंदिर की भव्यता एवं आने वाले पर्यटकों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक कार्य कराए जाने चाहिए।

प्रमुख सचिव ने आनंद भवन पैलेस, तिर्वा में होमस्टे नीति-2025 के तहत जारी प्रमाण पत्र के क्रम में फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। सि मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# टायर फटने से लगी आग, टैंकर धू-धू कर जला

**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शनिवार को आगरा की ओर जा रहे डामर टैंकर का टायर फट गया। इससे उसमे आग लग गई। यह देख चालक व परिचालक ने कूद कर जान बचाई। सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम पहुंची जिस ने आग पर काबू पाया।

शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पटना बिहार में डामर उतार कर टैंकर मथुरा जा रहा था। जैसे ही चालक टैंकर लेकर तालग्राम थाना क्षेत्र के भीखमपुर सानी गांव के सामने पहुंचा उसी समय तेज धमाके के साथ टैंकर का टायर फट गया। इससे टैंकर में आग लग गई।

चालक व परिचालक ने कूद कर जान बचाई। घटना की सूचना पर तालग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उधर हाइवे का बचाव स्टाफ भी पहुंच गया। सभी ने दमकल टीम के साथ आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक टैंकर काफी जल चुका था। मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूल में हुई बनाना पार्टी में बच्चों ने की जमकर मस्ती

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में बच्चों ने बनाना पार्टी का आयोजन कर खूब मस्ती की।

विद्यालय परिसर को पीले गुब्बारों और केले के कटआउट से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बच्चों ने बाल गीतों, देशभक्ति गीतों और फिल्मी तरानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। टीवी के माध्यम से दिखाए गए बनाना राइम्स के जरिए बच्चों को फलों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को केले के पोषक तत्वों के बारे में बताया। प्रधानाचार्या अलका गुप्ता ने जानकारी दी कि केले में कार्बोहाइड्रेट, विटामिन ए, सी, बी6, कैल्शियम, जिंक और पोटेशियम जैसे तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखते हैं। इसे सुपर फूड भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि भारत में केले का उत्पादन मुख्य रूप से तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में होता है। शिक्षक-शिक्षिकाएं गुंजन, नेहा, वंशिका, आरती, प्रियंका, इरम, अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहे।


बनाना पार्टी में मौजूद नन्हे मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

# थाना समाधान दिवस पर पुलिस और प्रशासन ने सुनी फरियाद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/ गुरसहायगंज/छिबरामऊ

**अमृत विचार।** जिले के थाना कोतवालियों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जनता की शिकायत सुनी।

सदर कोतवाली में थाना समाधान दिवस में तहसीलदार अभिनव वर्मा व कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शिकायतें सुनीं। गुरसहायगंज प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व नायब तहसीलदार कन्नौज राकेश कुशवाहा ने पीड़ितों की शिकायत सुनी। इसमें पैमाइश, रास्ता, मेड़, खेत पर कब्जा कर लेने, मकान का निर्माणा न होने देने, नाली का निकास रोकने, मारपीट, रुपये ठग लेने सहित 14 शिकायती पत्र आए। पुलिस संबंधी 04 शिकायतों का जबकि राजस्व संबंधी एक समस्या का निस्तारण किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने कर्मियों को स्थलीय निरीक्षण व जांच कर निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने कोतवाली परिसर, मालखाना, कंट्रोल रूम, सीसीटीएनएस आदि का निरीक्षण किया। अभिलेखों को जांचा और कैमरों को देखा। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में राजस्व की छह तथा पुलिस की एक शिकायत पहुंची। उनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। राजस्व तथा पुलिस की एक-एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया।


गुरसहायगंज कोतवाली में थाना समाधान दिवस में समस्या सुनते एसपी विनोद कुमार।

# शिक्षकों से वसूली का आरोप सीएम को भेजी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अध्यापकों से 2-2 हजार रुपये वसूली करने का आरोप
- अध्यापकों को टेट पास करने के लिए रुपये लेने का मामला

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के तहत परिषदीय स्कूलों में तैनात अध्यापकों से 2-2 हजार रुपये वसूली करने का आरोप लगाया गया है। शिक्षकों के नाम लिखकर उनकी शिकायत सीएम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, डीएम, सीडीओ, एसडीएम सदर व बीएसए से की गई है। कहा गया है कि शासन विरोधी मानसिकता के कुछ अध्यापक छवि धूमिल कर रहे हैं।

तिर्वा कस्बे के निवासी रामानंद राजपूत ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को संबोधित पत्र में कहा है कि कुछ सरकार विरोधी मानसिकता के शिक्षक स्कूल-स्कूल जाकर अध्यापकों से वर्तमान सरकार की छवि धूमिल करने का मुद्दा बना रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से शिक्षकों को टेट पास करने के आदेश के बाद कोर्ट जाने के नाम पर अध्यापकों से 2-2 हजार रुपये की वसूली की जा रही है। जबकि प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जल्दबाजी में कोर्ट न जाने की बात कही है इसके विपरीत आपदा में अवसर ढूंढकर ठगी की जा रही है।

कुछ शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक, एआरपी पर भी आरोप है कि वह धनउगाही करते हैं। कॉल सेंटर में लगे कर्मी-शिक्षक आदि इसमें लिप्त हैं। वसूली करने वाले शिक्षकों को संकुल व नोडल जैसे पदों से मुक्त कर कार्रवाई की मांग हुई है। सूची में कुछ शिक्षकों के नाम भी लिखे हैं जिन पर वसूली के आरोप हैं।

# कंप्यूटर सेंटर में छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपिल थाना क्षेत्र में एक कंप्यूटर सेंटर में छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार सुबह हरकरनपुर चौराहे के पास से सेंटर संचालक सलमान, उसके दिव्यांग भाई शीबू और अनस को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ कपिल चौधरी के अनुसार, तीनों आरोपियों को मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। 19 वर्षीय पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को दी गई शिकायत में बताया कि वह इंटर की पढ़ाई के साथ कंप्यूटर कोर्स कर रही थी।

आरोपियों ने छात्रा को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। उन्होंने घटना का वीडियो बना लिया और उसे ब्लैकमेल करते रहे। जब छात्रा ने कोचिंग जाना बंद किया, तो आरोपी उसके कॉलेज तक पहुंचे। उन्होंने धर्म परिवर्तन और निकाह की धमकी दी।

परिवार को जानकारी देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामला तब सामने आया जब आरोपी का मोबाइल घर पर गिर गया। मोबाइल से कई अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। आरोपी पहले भी इस तरह के कृत्यों के लिए चर्चा में रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भोलेपुर में रेलवे अंडरपास के पास शनिवार को एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अचानक रेलवे ट्रैक पर आया और उसी समय ट्रेन आ गई।

हादसे में युवक की दोनों टांगें घुटनों से अलग हो गईं। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया। पुलिस ने शव को मॉच्र्युरी में रखवा दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जांच की जा रही है।

# इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

- पुलिस ने लोहिया अस्पताल में कराया भर्ती
- बदमाश पर 25 हजार का इनाम घोषित था

**अमृत विचार।** कायमगंज विकास खण्ड के कंपिल क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश तोताराम को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि बीती रात थाना कंपिल पुलिस और एसओजी टीम संयुक्त अभियान चला रही थी। सिवारा रोड भूड़ तिराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान ग्राम पंचायत शादनगर के सिरसा गांव निवासी तोताराम के रूप में हुई है। एसओ कपिल चौधरी के अनुसार, तोताराम पर संगीन धाराओं में 21 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का तमंचा, कारतूस और खोखा बरामद किया है। आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई चल रही है।

# केडी बालिका महाविद्यालय में मनाया गया 10वां आयुर्वेद दिवस

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आवास-विकास लोहियापुरम स्थित कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय (केडी बालिका) में 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की थीम लोगों और गृह के लिए आयुर्वेद थी।

कार्यक्रम में मेजर एसडी इ्क्षसह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की टीम ने भाग लिया। डॉ.अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ.अदीब हुसैन, डॉ. आनन्द बाजपेई, डॉ. रेशमा, डॉ.कविता नेगी, डॉ.कविता शर्मा आदि ने छात्राओं से कहा जीवन शैली में संतुलित भोजन लें, ब्रह्ममुहूर्त में उठें। नियमों के पालन और दैनिक व्यायाम से जीवन सरल होगा और बीमारियां दूर रहेंगी। कार्यक्रम को मेडिकल छात्रों 2022 बैच की शुमैरा फातिमा, प्रणव, आशा, 2023 बैच की राज पाण्डेय, कुमकुम ने भी आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केडी बालिका की प्राचार्या, स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहे।



10वें आयुर्वेद दिवस पर मौजूद डॉ. अरुण पाण्डेय व अन्य लोग। अमृत विचार

# राकेश टिकैत के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने को भाकियू ने झोंकी ताकत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शनिवार को सभी ब्लॉकों में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने जनपद के हथियापुर में प्रस्तावित 22 सितम्बर को महापंचायत को सफल बनाने के लिए बैठके की।

शनिवार को तहसील अमृतपुर के ब्लॉक राजेपुर में ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक की गई जिसमें जिला अध्यक्ष अजय कटियार मौजूद रहे। 7 बैठके निम्न ग्रामों में रही मोकुलपुर, खाकिन, गुड़ेरा, हीरानगर, भावन, अमैयापुर, नगला हुसा बैठकों का संचालन अजयपाल यादव ने किया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि पूरे अमृतपुर क्षेत्र को आज बांध की जरूरत है इस मांग को भारतीय किसान यूनियन टिकैत पिछले वर्षों से ही उठा रही है। क्षेत्र के गांव वासियों को बहुत दिक्कत हो रही है अपनी मांगो को मजबूत करने के लिए सभी अन्नदाता किसान 22 सितम्बर को हथियापुर जरूर आएं और अपनी आवाज बुलंद करे आगे उन्होंने लिंक एक्सप्रेसवे में जो खामियां है उनको भी दूर किया जाए खामियां दूर किए बिना लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण किसान नहीं होने देगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मिश्रा, संजीव सोमवंशी, जिला महासचिव अभय यादव, जिला सचिव सुशील दीक्षित बाबा जी, तहसील अध्यक्ष अमृतपुर अनीश सिंह सोनू सोमवंशी, आयुष यादव, जदुवीर सिंह उप ब्लॉक प्रमुख राजेपुर आदि लोग रहे।


बैठक में मौजूद अजय कटियार व अन्य किसान नेता। अमृत विचार

पहल | भोजन सामग्री, मोमबत्ती लाइट टॉर्च, सॉस, एनर्जी ड्रिंक आदि का वितरण कर बाढ़पीडित्तों के आंसू पोछे

# आकांक्षा समिति ने गंगापार के बाढग्रस्त क्षेत्र में बाटी राहत सामग्री

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बाढग्रस्त गंगापार क्षेत्र में शनिवार को आकांक्षा समिति द्वारा भोजन सामग्री, मोमबत्ती लाइट टॉर्च, सॉस, एनर्जी ड्रिंक आदि का वितरण कर बाढ़पीडित्तों के आँसू पोंछे।

राजेपुर ब्लॉक के चैन, अंबरपुर चैनगंज मढ़ैया, सैदपुर मढैया आदि ग्राम में आकांक्षा समिति ने राहत सामग्री वितरित की। समिति की अध्यक्ष डॉ वंदना द्विवेदी ने बताया कि बाढ़ की विभीषिका कम हो रही है परन्तु प्रभावित गाँवो को सामान्य स्थिति में लौटने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. रजनी सरीन के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम में संचालित हो रहा है दवाइयां आदि की भी आवश्यकतानुसार उपलब्धता करवाई जाएगी। संस्था की संयुक्त सचिव श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा की ग्रामीण गरीबों को विशेष तौर पर यह सामग्री भिजवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। रिवैंप इंडिया फाउंडेशन के वैभव राठौर, नमामि गंगे की निहारिका पटेल, राधा रमन कीर्तन की सदस्यों ने आकांक्षा समिति के नेतृत्व में वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। संयुक्त सचिव रश्मि सिंह, गुंजा जैन, मंजू सिंह सनबीम स्कूल, डॉ सुधा मिश्रा आरआरपी पब्लिक स्कूल, अनीता पाठक, भावना गुप्ता डॉक्टर ज्योति गुप्ता, रुचि मिश्रा, दीपिका त्रिपाठी, श्रीमती अंजू सिह आदि सदस्य उपस्थित रहीं सभी ने आम जनों से भी अपील की है कि वह भी इस जन सेवा के कार्यक्रम में अपना-अपना सहयोग प्रदान करें।


राहत सामग्री के साथ आकांक्षा समिति के सदस्य। अमृत विचार

# खतरे के निशान से 35 सेमी नीचे आया गंगा का जलस्तर

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर शनिवार को खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर नीचे आ गया है। रामगंगा भी खतरे के निशान से 85 सेंटीमीटर दूर है। इसके बावजूद जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है।

ग्रामीण सडक़ और छत पर पॉलिथीन के नीचे रहने को मजबूर हैं। राजेपुर ब्लॉक के चित्रकूट डिप पर करीब 2 सेंटीमीटर पानी भरा है। प्रशासन की रोक के बावजूद ग्रामीण जान जोखिम में डालकर दोपहिया वाहनों से आवागमन कर रहे हैं। जिन मार्गों से पानी हट गया वे इतने क्षतिग्रस्त हो गए हैं कि उनसे पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है।

जनपद में एक महीने से अधिक समय से बाढ़ का प्रकोप जारी है। गंगा के तटवर्ती गांवों में नदी कटान कर रही है। अमृतपुर तहसील के अंबरपुर और आशा की मडैया समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी भरा है। ग्रामीणों के सामने पशुओं के चारे की समस्या है। खेतों में पानी भरा होने से चारा खराब हो चुका है। कायमगंज तहसील क्षेत्र के 50 से अधिक गांव भी बाढ़ से प्रभावित हैं। कंपिल-अटेना मार्ग तीन स्थानों पर कटा हुआ है। ग्रामीणों ने अस्थाई पुल बनाकर आवागमन जारी रखा है। शमशाबाद ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में भी गंगा कटान कर रही है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# मकान से 73 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

## अवैध रूप से आतिशबाजी बनाने व सप्लाई करने की मिली थी सूचना

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सौरिख रोड स्थित कल्याणपुर गांव के रास्ते पर एक मकान से 73 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद कर एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि उक्त मकान में अवैध रूप से आतिशबाजी तैयार की जा रही है। इसकी सप्लाई दीपावली पर बाहरी जिलों तक में की जाती है। इसके आधार पर उप निरीक्षक रावेंद्र सिंह, मनुज चौधरी, फायर ब्रिगेड उप निरीक्षक प्रांशु अवस्थी, कॉन्स्टेबल अनुराग चौहान और मनोज कुमार ने छापेमारी की। मौके से निर्मित व अर्धनिर्मित विस्फोटक सामग्री जब्त करने के साथ आरोपी संतोष सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को विस्फोटक सामग्री सहित कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम, 1908 के तहत मुकदमा दर्ज किया, जो बिना अनुमति विस्फोटक सामग्री के भंडारण, निर्माण या परिवहन पर कठोर दंड का प्रावधान करता है। साथ ही भारतीय दंड संहिता की धारा 286 (खतरनाक पदार्थों में लापरवाही) और धारा 336, 337, 338 (जीवन को खतरे में डालने वाली गतिविधियों) के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। प्राथमिक जांच से पता चला कि बरामद सामग्री का उपयोग अवैध पटाखे या विस्फोटक बनाने में हो सकता था। सामग्री को सुरक्षित कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क और मकसद की गहन जांच कर रही है।


मौके पर मौजूद पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम — अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### छापेमारी से दुकानदारों में मचा हड़कंप

**गुरसहायगंज।** आगामी त्योहार को देखते हुए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो इसके लिए खाद्य विभाग ने किराना की दुकानों पर छापामारी अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश प्रताप व अरविंद कुमार साहू, सर्वेश कुमार, अनिल राठौर ने तिर्वा रोड स्थित किराना की दुकानों पर छापेमारी कर बेसन, मैदा व खड़ी हल्दी के नमूने लिए। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही किराना व्यापारियों में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू ने बताया कि नमूनों को परीक्षण के लिए भेजा जाएगा और रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मारपीट में दंपति सहित तीन घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मारपीट में दंपति सहित तीन लोग घायल हो गए। ग्राम सरायदौलत निवासी संध्या देवी पत्नी मुकेश ने कहा है कि 09 सितंबर की शाम गांव के राजेन्द्र, अरविंद, ओमजी, सुरेन्द्र उर्फ दरोगा रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसे व पति को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कस्बा समधन के ग्राम मलिकपुर निवासी इरफान खां पुत्र ताजुद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 10 सितंबर की शाम वह समोसा लेने के लिए बाजार गया था। तभी गांव के शान आलम, नूरआलम, मोहम्मद आलम, शमीम ने रंजिश के चलते गालीगलौज की। मना करने पर उसे लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी देकर भाग गए।

### हरदोई रोड तिराहा पर पुलिस ने वाहन खंगाले


**कन्नौज।** देर रात कोतवाली पुलिस ने सीओ सदर की अगुवाई में हरदोई रोड तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कोई संदिग्ध नहीं मिला। शुक्रवार की देर रात हरदोई रोड तिराहा के निकट सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग की।

## कारखाने में चोरी करते आरोपी को पकड़ा

**कन्नौज।** कारखाना में चोरी कर रहे व्यक्ति को लोगों ने चोरी के माल समेत पकड लिया। उसे बाद में कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला बजरिया सैय्यद मोहम्मद निवासी इन्तखान आलम पुत्र सलासिद खां ने सदर कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसके कारखाने में तांबे की कतरन छत पर बने टिन शेड में रखी थी। शुक्रवार की रात करीव 1:30 बजे चोर चोरी कर उतार रहा था। तभी नजर पड गई। शोर मचाते हुए उसे दौडा कर पकड़ लिया। उसके पास से करीब 10 किलो तांबे की कतरन मिली। अंधेरे का फायदा उठा कर चोर के तीन साथी मौके से भाग निकले। मौके पर एक को पकड़ा। तत्काल यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपी को लेकर कोतवाली पहुंची। आरोप लगाया कि उनके कारखाने से इससे पहले भी चोरी हो चुका है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। — अमृत विचार

# अभ्युदय कोचिंग को लेकर मंथन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

• टेस्ट पेपर नियमित रूप से कराए जाएं, पढ़ाने में जुनून वाले शिक्षकों को खोजें

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि अभ्युदय कोचिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। इसके लिए शिक्षकों को लगन और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। डीएम ने कहा कि हमें यह भी आत्ममंथन करना होगा कि आखिर बच्चे कोचिंग में क्यों नहीं आ रहे हैं और इसके लिए आवश्यक माहौल व आकर्षक शिक्षण पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कोचिंग संस्थानों को स्मार्ट कोचिंग के रूप में विकसित किया जाए। शिक्षण कार्य पीपीटी मोड पर किया जाए ताकि विद्यार्थी बेहतर ढंग से समझ सकें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार के लिए कहा गया कि जिले की तीनों कोचिंग सेंटर के लिए वह शीघ्र ही डिजिटल बोर्ड एवं रिकॉर्डिंग कैमरों की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार करें। सभी कोचिंग संस्थानों में टाइम-टेबल निर्धारित किया जाए तथा टेस्ट पेपर नियमित रूप से कराए जाएं। ऐसे शिक्षकों की पहचान की जाए जिनमें पढ़ाने का जुनून है। वर्तमान में शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में यूपीएससी की कक्षाएं चल रहीं हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, कमी केवल लगन और परिणाम देने की इच्छाशक्ति की है। यदि मेहनत के बावजूद परिणाम नहीं मिलते तो वह प्रयास व्यर्थ सिद्ध होंगे। बैठक में एडीएम न्यायिक देवेन्द्र सिंह, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, ज्वाइट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र व जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज उपस्थित रहे।

# फर्जी गेमिंग के फरार हाफिज पर 25 हजार का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

• मुकदमा दर्ज होने के बाद से खोज रही पुलिस

**अमृत विचार।** ऑनलाइन फर्जी गेमिंग के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी गोण्डा निवासी हाफिज पर एसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही है लेकिन वह अब तक हाथ नहीं आया।

पिछले दिनों फर्जी गेमिग एप के माध्यम से करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में आठ की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने चार और को पकड़ा था। मामले में गोण्डा निवासी शातिर हाफिज अब तक फरार है। एसपी विनोद कुमार ने इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसने इसी गेमिंग के माध्यम से करोड़ों रुपये की सम्पत्ति अर्जित की है। मामले का वह मुख्य आरोपी है। इसकी गिरफ्तारी के लिये एसपी ने कई टीमों का गठन किया था लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अब एसपी ने इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गेमिंग से जुड़े करीब 60 से 70 बैंक खातों को फ्रीज किया था। इस साईबर ठगी के गैंग के सदस्य कई महानगरों में बैठ कर इस खेल को चला रहे थे। अलग-अलग बैंक खातों में धनराशि को डलवा रहे थे।

मामले में पुलिस ने बताया था कि गोण्डा का हाफिज मुख्य आरोपी है। इसने करीब एक एकड़ भूमि पर बंगला बनवाया है। इसके अलावा इसी के माध्यम से अन्य कारोबार भी कर रहा है। पुलिस की लगातार हो रही छापेमारी से परेशान होकर हाफिज ने पूर्व में कोर्ट में सरेंडर करने का प्रयास किया था। तब पुलिस ने हाफिज के भाई को गिरफ्तार किया था। भाई ने ही पुलिस को कई मुख्य जानकारी दी थी। बताया जाता है कि हाफिज अली का गेमिंग एप के माध्यम से देश के कई राज्यों में जाल फैला था जिस के माध्यम से लोगों को गेम खिला कर धन उगाही कर रहा था।


पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा बैठक लेते एसपी व अन्य अधिकारी — अमृत विचार

# अपराधियों पर की जाये कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

• समीक्षा बैठक में एसपी ने अपराध रोकने को कहा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स सभागार में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी कर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। इस मौके पर थाना कोतवाली प्रभारियों को अपराध रोकने के निर्देश दिये।

एसपी विनोद कुमार ने गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर विशेष ध्यान देने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे विवेचना में तेजी लाएं और समय से पूर्ण करें। उन्होंने आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी थानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, विशेषकर महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों, संसाधनों की कमी, एवं व्यक्तिगत समस्याओं को एसपी के समक्ष रखा। सभी पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान से किया जाएगा। इस मौके पर एएसपी अजय कुमार के अलावा पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे।

# गुणवत्ता सुधार पूरे संस्थान का होता है सामूहिक प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

• राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की दिशा में एक दिवसीय कार्यशाला

**अमृत विचार।** तिर्वा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की दिशा में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, आत्म-मूल्यांकन की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना तथा नैक प्रत्यायन से जुड़े विभिन्न मानकों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता सुधार किसी एक व्यक्ति या टीम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे संस्थान का सामूहिक प्रयास होता है। हमारा लक्ष्य है कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को शीघ्र ही नैक एवं एनबीए दोनों की मान्यताएं प्राप्त हों और यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित हो। विषय विशेषज्ञ प्रो. अर्चना पांडे, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय, महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नोएडा ने पाठ्यक्रम निर्माण में आउटकम बेस्ड एजुकेशन को शामिल करने, सीखने के उद्देश्यों के आकलन तथा गुणवत्ता मानकों को संस्थान की संस्कृति का हिस्सा बनाने पर बल दिया। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, आज़मगढ़ के पूर्व निदेशक प्रो. एसपी पांडे ने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की तैयारी, बेंचमार्किंग एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नैक की प्रक्रिया केवल दस्तावेज़ भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्थान की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और शिक्षण पद्धति को एक नए स्तर तक ले जाने का अवसर है। कार्यशाला में सभी विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन नैक समन्वयक डॉ. अनुराग शुक्ला ने किया। इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. बीडीके पात्रो व रिषभ कश्यप मौजूद रहे।

# पंचायत के बाद विधानसभा क्षेत्रों के वोट बनाने की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

• अधिकारियों को कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** इन दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर वोट बनाने का अभियान चल रहा है। साथ ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के पुनरीक्षण-2025 की तैयारियां भी शुरू हो गईं हैं। इसके तहत अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कहा कि निर्वाचक नामावली लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसे पूरी तरह से शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ा होना चाहिए। प्रशिक्षण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की विभिन्न धाराओं के प्रावधान, मतदाता बनने की पात्रता, बीएलओ की जिम्मेदारियां, फॉर्म 6, 6क, 7 व 8 की प्रक्रिया तथा आपत्तियों और दावों के निस्तारण पर विस्तार से जानकारी दी गई। बीएलओ ऐप के प्रयोग पर भी विशेष बल दिया गया, जिसके माध्यम से फॉर्म ऑनलाइन भरे जा सकते हैं, मतदाता सूची देखी जा सकती है और बूथवार लिंग अनुपात, इपिक रेशियो एवं दिव्यांग मतदाताओं की स्थिति जानी जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करें।

# चौकी प्रभारी की सख्ती, जिला अस्पताल गेट से ई-रिक्शा गायब

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** नये चौकी प्रभारी के चार्ज सभालते ही जिला अस्पताल के गेट पर से ई-रिक्शा गायब हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि गेट के पास ई-रिक्शा मिला तो कार्रवाई की जायेगी।

जिला अस्पताल के गेट पर पूरे दिन ई-रिक्शा का जमावड़ा रहता था। इससे एंबुलेंस समेत वाहनों से आने वाले मरीजों को दिक्कत हो रही थी। कई बार सीएमएस ने गार्ड लगा कर ई-रिक्शों को हटने के निर्देश दिये। गार्ड ई-रिक्शा हटवाते तो वे चंद मिनट के बाद फिर से खड़े हो जाते। इसके चलते जिला अस्पताल के मुख्य गेट बाधित हो रहा था। हाल ही में एसपी ने जिला अस्पताल पुलिस चौकी में दरोगा सुमेश चंद्र की तैनाती की। उन्होंने चार्ज लेने के दूसरे दिन से ही ई-रिक्शों चालकों पर नकेल कसनी शुरू की। चेताया कि कोई ई रिक्शा गेट के सामने नहीं खडा होगा। यदि मिला तो चालान काट दिया जायेगा। इससे फिलहाल राहत हो गई है। मरीजों व तीमारदारों के अलावा एंबुलेंस चालकों ने भी राहत की सांस ली है। चौकी प्रभारी का कहना है कि मरीजों को दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। गेट पर कोईभी वाहन नहीं खड़ा किया जायेगा।


जिला अस्पताल के गेट के सामने खड़े ई-रिक्शा व आटो चालकों को निर्देश देते चौकी प्रभारी। — अमृत विचार

## श्री रामलीला नाटक कमेटी (पुरातन) के अध्यक्ष बने नितेंद्र

**सौरिख।** श्री रामलीला नाटक कमेटी (पुरातन) की बैठक श्री सोमनाथ मंदिर कुम्हरमंडी में हुई। इसमें 23 सितंबर से आयोजित होने वाली श्री राम की पावन लीलाओं के मंचन की प्रस्तावना एवं रूपरेखा का प्रस्तुतीकरण किया गया। कमेटी ने सर्वसम्मति से नितेंद्र बिहारी हजेला को अध्यक्ष चुना। सभी ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने कहा कि बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद एवं नौजवानों के सहयोग से इस वर्ष श्री रामलीला नाटक कमेटी को बहुत ही भव्य एवं दिव्य रूप प्रदान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अनिल पाल मोनी को कोषाध्यक्ष एवं सचिन वर्मा को महामंत्री नियुक्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक अशोक चौरसिया, राहुल गुप्ता (चेयरमैन), जीतू हजेला, विशुन चन्द्र वर्मा, राजन सैनी, आशीष वर्मा, अनूप राठौर, अनिल पाल मोनी, रामानंद शाक्य, प्रमोद प्रजापति, तुषीर वर्मा, मोतीलाल प्रजापति, रत्नेश शाक्य, सचिन वर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।


बाजार में बिक रहीं गज लक्ष्मी की मूर्तियां — अमृत विचार

# हाथी पर सवार महालक्ष्मी का पूजन आज, उल्लास

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** घर में हाथी पर सवार मां लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति से संपन्नता, सुख, समृद्धि, शांति, वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, उपलब्धि, खुशियां, धन आदि के रास्ते सरलता से खुलते हैं। हाथी पर सवार मां लक्ष्मी गजलक्ष्मी कही जाती हैं और श्राद्ध पक्ष की अष्टमी पर इनका विशेष व्रत, अर्चन और आराधन किया जाता है। बाजार में बिक्री के लिए गज लक्ष्मी की मूर्तियां सज गई हैं। अश्विन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 14 सितंबर रविवार को है। इस दिन महिलाएं महालक्ष्मी व्रत रखकर मिट्टी से बने हाथी की विधि विधान से पूजन अर्चन करेंगी। माता लक्ष्मी के आठ रूप माने जाते हैं, इसमें से ही एक हैं गजलक्ष्मी। यह व्रत राधा अष्टमी से प्रारंभ होकर पितृपक्ष में पड़ने वाली अष्टमी को पूर्ण होता है। जो इस व्रत को 16 दिन तक नहीं रख सकते वह इस दिन यह व्रत रखकर पुण्य लाभ अर्जित कर करते हैं। इस दिन सोना-चांदी खरीदने से इसका आठ गुना फल मिलता हैं। मान्यता है कि इस दिन माता की पूजा से जीवन में धन धान्य की कमी नहीं होती है। महिलाएं देर रात तक भजन गाकर रात्रि जागरण करती हैं। अगले दिन नदी में गज लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है।

हिन्दी दिवस आज

प्रतियोगिता प्राथमिक एवं जूनियर दो स्तरों पर आयोजित की गई

# मातृभाषा के प्रति लगाव रखने के लिए हुई सुलेख प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हिन्दी दिवस से एक दिन परिषदीय विद्यालयों में मातृभाषा के प्रति लगाव रखने के लिए सुलेख प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता प्राथमिक एवं जूनियर दो स्तरों पर आयोजित की गई। सुलेख प्रतियोगिता में बच्चों ने सुन्दर, सुडौल अक्षरों को बनाकर लेख लिखा जिसका मूल्यांकन विद्यालय की निर्णायक समिति ने किया।

विद्यालय में प्राथमिक एवं जूनियर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त बच्चे का ब्योरा ब्लॉकों में भेजा गया। साथ ही उनको पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि विकास खंड स्तर पर जो भी प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं उनका सम्बन्धित बीईओ की देखरेख में मूल्यांकन किया जाएगा जिसमें एआरपी हिन्दी निर्णायक होंगे। ब्लाक स्तर पर प्राथमिक एवं जूनियर में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की जनपद स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता विषय मेरे सपनों का उत्तर प्रदेश जनपद स्तर पर 20 सितम्बर को होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारे विचारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास के लिए सुन्दर लेख भी बहुत महत्वपूर्ण हैं इसी को लेकर विद्यालय स्तर से लेकर जनपद स्तर तक सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।


सुलेख प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। — अमृत विचार

### प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ।** अवध एजुकेशन सेंटर में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। निबंध, भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वाद विवाद के माध्यम से 'नारी शिक्षा' विषय पर पक्ष और विपक्ष में विचार प्रकट किये। प्रधानाचार्य शिवम मिश्रा ने कहा हिंदी हमारी मातृभाषा है। यह हमें गौरवान्वित करती है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा शीघ्र करके उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। समन्वयक अनुज वर्मा ने कहा, हिंदी भाषा हम सभी भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधती है। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक संदीप सेंगर ने वरिष्ठ हिंदी शिक्षिका ज्योति दुबे को प्रतीक चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आलोक चतुर्वेदी, आशीष अग्निहोत्री, दीपा दीक्षित, ज्योति शुक्ला, मोनिका द्विवेदी, अभय सिंह, श्रेया दीक्षित, तरु तिवारी, अनमोल सिंह व ईशा सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066
Vikash Pathak

न्यूज ब्रीफ

### नलकूप में मिला किसान का शव

राठ। जरिया थाने के पहरा गांव में शुक्रवार को खेत में लगे ट्यूबवेल पर सो रहे वृद्ध किसान की संदिग्ध अवस्था में करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम पहरा गांव निवासी किसान रामस्वरूप (70) खेत में बने ट्यूबवेल पर रोजाना की तरह सोने के लिए गए थे। शनिवार सुबह करीब 8 बजे जब परिजन ट्यूबवेल की कोठरी में पहुंचे तो उन्हें मृत अवस्था में पाया। परिजनों ने बताया कि रामस्वरूप के पास दो बीघा जमीन थी। जिस पर खेती कर परिवार का गुजर बसर करते थे। बताया कि रामस्वरूप के पांच बेटे महेंद्र, मुकुंदी, जयकरन, रमेश और ब्रजभान हैं। जरिया थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### राठ में बजरंग दल की प्रांतीय बैठक शुरू

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत बैठक का उद्घाटन क्षेत्र संयोजक पुरेंदु ने किया। उद्घाटन के दौरान गौ माता को तिलक एवं माला पहनकर गुड़ खिलाकर पूजन किया गया। बैठक में प्रांत कार्य अध्यक्ष उमेश पालीवाल, प्रांत संयोजक आचार्य अजीत राज, प्रांत की समस्त टोली एवं 21 जिलों से पधारे बजरंग दल के पदाधिकारी सहित जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडे, जिला मंत्री अवधेश भारद्वाज, जिला सहमंत्री अजय हिंगवासिया, जिला संयोजक सचिन शर्मा, नगर मंत्री दीपेंद्र परिहार, फूल सिंह राजपूत, नीरज, धीरेंद्र राजपूत, सत्येंद्र राजपूत, बद्री सोनी, सनी साहू, विकास कश्यप, हर्ष वीर सिंह सहित समस्त नगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दरवाजे तोड़ घर में घुसकर तोड़-फोड़

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के असुई गांव के संजय सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मकान के दरवाजा का ताला बंद कर बाहर चला गया था। तभी गांव के एक युवक ने कुल्हाड़ी से दरवाजा को काटकर घर के अंदर घुसकर सामान की तोड़फोड़ की। पड़ोसी ने फोन से घटना की जानकारी दी। उसने घर में आकर देखा तो दरवाजा फटा हुआ पड़ा था। अंदर जाकर देखने पर घर का सामान टूटा फूटा मिला। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर शक जाहिर करते हुए थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है, मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### समाधान दिवस में 7 शिकायतें दर्ज

बिवांर (हमीरपुर)। थाना परिसर में कानूनगो विमलेश व थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की देखरेख में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर में पहुंची मौदहा सीओ विनीता पहल ने आकर फरियादियों की समस्या को सुनकर निस्तारित किए जाने का आदेश दिए। जिसमें जमीन से विवादित सात शिकायती पत्र आए हैं। जिसमें चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बचे तीन शिकायती पत्रों का राजस्व विभाग पुलिस की टीम को भेजकर निस्तारित के किए जाने का कार्य किया जाएगा।

# पहिये में साड़ी फंसने से बाइकों में सीधी भिड़ंत, 5 लोग घायल

## राठ-हमीरपुर स्टेट हाईवे पर स्वासा गांव के पास शुक्रवार की रात हुआ हादसा

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- हादसे में फतेहपुर जिले के दंपति गंभीर रूप से घायल
- सदर अस्पताल से दोनों घायल हैलट कानपुर रेफर हुए

अमृत विचार। ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा गांव के पास शुक्रवार की देर रात बाइक में बैठी महिला की साड़ी पहिये में फंसने से बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई, जिससे दोनों बाइकों में बैठे 5 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव निवासी विशंभर (39) अपनी पत्नी रोशनी (35) को बाइक में बैठाकर राठ मार्ग से होते हुए हमीरपुर की ओर जा रहा था। वहीं ललपुरा थाना क्षेत्र के रूरीपारा गांव निवासी लकी (25) पुत्र आकाश गांव के अपने साथी अमित (28) पुत्र ज्ञानेंद्र और ललपुरा निवासी विपिन (21) पुत्र सत्येंद्र सिंह के साथ बाइक पर ललपुरा से गांव जा रहा थे, तभी स्वासा गांव के पास विशंभर की बाइक में बैठी पत्नी की साड़ी पहिये में फंस गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर लकी की बाइक से टकरा गई।

हादसे में बाइक सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर ललपुरा पुलिस मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल विशंभर और उसकी पत्नी रोशनी को बेहतर उपचार के लिए हैलट कानपुर रेफर कर दिया, जबकि अन्य तीनों को सामान्य चोटें बताई गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गड्ढे में स्कूटी फिसलने से महिला घायल

कुरारा। हमीरपुर-कालपी स्टेट हाईवे पर स्कूटी गड्ढे में फिसलने से महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद जालौन के कस्बा कदौरा निवासी निशा सिंह (38) पत्नी सुधीर सिंह अपनी स्कूटी से शनिवार को करीब 11:00 कस्बे आ रही थी। तभी कालपी हमीरपुर हाईवे में गड़े में असंतुलित होकर सड़क में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको राहगीरों की मदद से कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होता देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### इलाज से मुकरा ऑटो चालक, मुकदमा दर्ज

मौदहा। छह सितम्बर को ऑटो की टक्कर से घायल महिला का इलाज कराने से ऑटो चालक मुकर गया, जिस पर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ललपुरा थाना क्षेत्र के नदेहरा निवासी अवधेश कुमार ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि छह सितंबर को वह अपनी पत्नी मनीषा का महोबा से इलाज कराकर बाइक से लौट रहा था, तभी नरायच के पास ग्योड़ी निवासी ऑटो चालक श्याम बाबू ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। ऑटो चालक उसके साथ पत्नी को इलाज के लिए कानपुर ले गया और 20 हजार रुपये दिए, लेकिन मौका पाकर भाग निकला। इलाज में एक लाख रुपये का खर्च आने पर ऑटो चालक मुकर गया।

### युवक के गले में हमला कर छत से नीचे फेंका

राठ। कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ले में युवकों ने कमरे में सो रहे युवक के गले में धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे 30 फीट की ऊंचाई से नीचे फेंक दिया। सुबह परिजन घायल को सीएचसी ले गए, जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पिता ने थाने में तहरीर दी है।

लुधियातपुरा के इंद्रपाल साहू ने बताया कि बीते रविवार की रात वह परिजनों के साथ घर में सो रहा था। रात करीब एक बजे उसके घर में तीन लोग घुस गए। आहट पर उसका 20 वर्षीय पुत्र रवि कुमार जागा और छत पर जाने लगा, तभी सीढ़ी पर एक युवक ने उसे पकड़ लिया। युवकों ने धारदार हथियार से गला व हाथ में प्रहार किया और उसे छत से नीचे फेंक दिया। बताया कि सुबह करीब पांच बजे परिजन जागे तो पुत्र गंभीर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। परिजन आनन-फानन में घायल को सीएचसी राठ ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। कोतवाल रामआसरे सरोज ने बताया कि लड़के के हाथ में ब्लड जैसी चीज से कटे होने के 13 निशान बने हुए हैं। मामला संदिग्ध है। घटना की जांच कराई जा रही है।



बैठक को संबोधित करते जिला संयोजक। अमृत विचार

## भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक

- बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर की गई चर्चा

सुमेरपुर। सेवा पखवाड़ा के मद्देनजर भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक में होने वाले कार्यक्रमों के रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं को सभी कार्यक्रमों को पूरे उत्साह के साथ मनाएं जाने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को कस्बे के बांकी रोड में संचालित एक गेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मद्देनजर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की भाजपा पूर्वी मंडल ने रणनीति बनाई गई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ स्नातक चुनाव के लिए वोटर बनाएं जाने पर जोर दिया। सेवा पखवाड़ा के जिला सहसंयोजक स्वामी प्रताप सिंह ने तिथिवार कार्यक्रमों की जानकारी दी। मंडल प्रभारी मौदहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि सभी कार्यक्रम धरातल में किए जाए।मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के एम.खान, जिला मंत्री पुष्पराज सोनी, संतराम गुप्ता, मान सिंह, दिगपाल सिंह चंदेल, मीनू महाराज, शरद चंदेल, कालीदीन निषाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो शराबियों के बीच जमकर हुई मारपीट

हमीरपुर। किसी बात को लेकर दो शराबी आपस में भिड़ गए। दोनों ने बीच सड़क पर एक दूसरे को जमकर मारपीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर स्थित देशी शराब के ठेका में आए दिन सुबह से देर रात तक शराब के शौकीन पीकर ड्रामा करते है। शनिवार की दोपहर इसी ठेका से शराब पी रहे दो शराबी किसी बात को लेकर एक दूसरे से कहा सुनी करने लगे। धीरे-धीरे दोनों मारपीट पर उतारू हो गए। दोनों बीच सड़क पर जमकर एक दूसरे को उठा पठक करते रहें। इसी दौरान किसी ने उनकी पिटाई वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही शराब के शौकीन दहशत में आ गए।

## सवा 15 घंटे में दुर्ग पहुंचेगी स्पेशल ट्रेन

मौदहा (हमीरपुर)। दशहरा, दीवाली सहित अन्य त्योहारों को देखते हुए रेल मंत्रालय ने ढाई महीने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इससे कस्बे की लखनऊ और छत्तीसगढ़, औद्योगिक रायपुर और औद्योगिक शहर भिलाई से कनेक्टिविटी और आसान हो जाएगी।

हालांकि अभी कानपुर दुर्ग बेतवा एक्सप्रेस और लखनऊ रायपुर के मध्य चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस के माध्यम से कनेक्टिविटी है, लेकिन लोगों की सुविधा को देखते हुए रेल मंत्रालय ने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है, जो सप्ताह में एक फेरा चलेगी। सुल्तानपुर दुर्ग स्पेशल ट्रेन शनिवार सुबह 7:20 बजे दुर्ग से चलकर रात 10:45 बजे रागौल पहुंचेगी। जबकि 2:15 बजे रात कानपुर सेंट्रल पहुंचने के बाद सुबह सात बजे लगभग चौबीस घंटे की यात्रा पूरी कर सात बजे सुल्तानपुर पहुंचेगी। जबकि दस बजे सुल्तानपुर से चलकर 17:48 बजे रागौल और 12:30 बजे दुर्ग जंक्शन पहुंचेगी। उक्त जानकारी रेल मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर दी है।



स्पेशल ट्रेन। अमृत विचार

- स्पेशल ट्रेन के संचालन से जिले के लोगों को होगी सहूलियत

### गोलीकांड के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़

मौदहा। शुक्रवार को कस्बे में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है।

शुक्रवार को कस्बे में एक युवक पर कुछ अराजक तत्वों ने लाठी-डंडों और हॉकी से हमला कर गोली मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से कस्बे में हड़कंप मच गया था। इस घटना में शामिल कस्बे के हैदरगंज निवासी नेहालुद्दीन को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। तिंदुही रोड पर आरोपी ने पुलिस पर फायर किया। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई, जो आरोपी के पैर में लगी। पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी बेहद शातिर किस्म का है। घायल आरोपी से पूछताछ जारी है, जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश होगा।

## अतिक्रमणकारियों के कब्जे पर एसडीएम ने चलाया बुलडोजर

राठ (हमीरपुर)। अतिक्रमणकारियों को जारी नोटिस के बाद भी कब्जा न हटाने पर शनिवार को एसडीएम अभिमन्यु कुमार के निर्देशन पर संयुक्त टीम ने तीन अलग अलग जगहों पर हुए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवा कर कब्जा मुक्त करा दिया है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम अकौना के रास्ते के गाटा संख्या 839 में अरुण कुमार व संजय कुमार पुत्रगण ओमकार द्वारा दीवार बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। इसी प्रकार तालाब के गाटा संख्या 695 पर इंद्रपाल सिंह व संतोष कुमार द्वारा तालाब के कुछ भाग पर मिट्टी डालकर समतल करते हुए पक्की अटारी का निर्माण कर लिया गया था।

वहीं चकमार्ग के गाटा संख्या 754 को सीमावर्ती गाटे के खातेदार संतोष आदि जोत कर अपने खेत में मिलाए हुए थे। जिस पर

न्यायालय तहसीलदार द्वारा अतिक्रमणकारियों की बेदखली के आदेश पारित किये जा चुके थे। इनको नोटिस भी जारी की गई थी। नोटिस मिलने के बाद भी अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध नहीं हटाए गए। शनिवार को एसडीएम अभिमन्यु कुमार के निर्देशानुसार राजस्व टीम व पुलिस बल द्वारा अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर उक्त तीनों स्थानों को कब्जा मुक्त करा दिया।



अकौना गांव में अवैध कब्जे पर जेसीबी चलाई गई। अमृत विचार

## युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिजवाही गांव में शुक्रवार की रात पशु बाड़े में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सिजवाही गांव निवासी पवन सिंह (48) पुत्र रामरतन का शव शुक्रवार की रात घर के पशु बाड़े में लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मृतक के पुत्र शिवम ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके में पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री पत्नी सहित परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गया है। इस घटना से जहां मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के पिता रामरतन सिंह ने बताया कि दो बेटे थे, मृत छोटा बेटा था। एक माह से परेशान ज्यादा दिखा करता था। पूछने पर कुछ भी नहीं बताया था। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि सिजवाही में फांसी लगाने सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### चोरों ने घर से पार कर दिया सामान

राठ। क्षेत्र के परा गांव में चोरों ने घर में घुसकर घर में रखा अनाज और 4 लीटर सरसों का तेल सहित पीतल का कलश व अन्य सामान चोरी कर ले गए। परा निवासी कलियां पुत्र गोविंद दास ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 3 बजे किसी अज्ञात चोर ने उसकी गैर मौजूदगी में उसके घर में घुसकर अनाज और चार लीटर सरसों के तेल के अलावा पीतल का कलश सहित गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

## सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक एवं भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य अर्पित अवस्थी रहे।

बैठक में आकाश त्रिपाठी ने बताया कि इस बार जनपद के दो स्थानों पर रक्तदान किया जाएगा। जो क्रमशः 17 सितंबर को जिला अस्पताल एवं 18 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में संपन्न कराया जाएगा। अर्पित अवस्थी ने युवाओं से संवाद करते हुए अभियान की पूरी रूपरेखा रखी एवं नौजवानों को प्रोत्साहित किया और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने नौजवानों में ऊर्जा भरने का काम किया एवं इस अभियान में जनपद को प्रथम श्रेणी में स्थान में लाने को कहा। बैठक में राजीव आर्य, सोनू विश्वकर्मा, संचित पांडे, भरत राजपूत, दीपक सिंह गौर, अभय यादव, निशांत त्रिपाठी ,मोहित सोनी, मोहित साहू, श्लोक अग्रवाल, सौरभ सिंह, आकाश पालीवाल, शिवम द्विवेदी, बॉबी, आकाश विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।



भाजपा कार्यालय में बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

निर्वाण दिवस | शिक्षा और गौरक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्यों के लिए दिया गया पुरस्कार

# राजस्थान के डॉ .भरत सारण को स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के 42वें निर्वाण दिवस पर ब्रह्मानंद पुरस्कार समिति द्वारा अखंड मंदिर में स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरस्कार विजेता डा.भरत सारण को मुख्य अतिथि पद्मश्री विभूषित रामसरन वर्मा व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ इतिहासकार डॉ.रमाशंकर सिंह ने स्वामी ब्रह्मानन्द का स्टेच्यू, मेडल, सनद व सम्मान राशि दस हजार रुपए व समिति के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बता दें स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार हर साल 13 सितंबर को शिक्षा और गौसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीय व गैर भारतीय नागरिकों को प्रदान किया जाता है। विगत वर्षो में यह पुरस्कार गणितज्ञ व सुपर थर्टी फेम आनंद कुमार, शिक्षाविद् अरुण प्रकाश व रणजीत सिंह यादव( खाकी वाले गुरुजी ) व प्रसिद्ध शिक्षक खान सर पटना एवं गोसेवा के क्षेत्र में पद्मश्री फ्रेडरिक इरीना ब्रूनिंग, संत हरवंश सिंह निर्मल भादरिया महाराज को प्रदान किया जा चुका है। भारत के प्रथम संत सांसद, स्वतंत्रता सेनानी त्यागमूर्ति स्वामी ब्रह्मानन्द जी ने बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा, गौसेवा एवं पर्यावरण के प्रतिमान पूरे देश में आदर्श के रूप स्थापित किए थे। मुख्य अतिथि रामसरन वर्मा ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज द्वारा बुंदेलखंड में फैली गरीबी बेकारी व अशिक्षा से निजात पाने के लिए उनके शैक्षिक दिग्दर्शन को उपस्थिति समुदाय को बताया। उन्होंने कहा पूरे देश में कृषि, पर्यावरण के साथ शिक्षा के लिए ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करने वाले स्वामी ब्रह्मानन्द इकलौते हैं। विशिष्ट अतिथि डा.सिंह ने छात्र छात्राओं को जीवन संघर्षों से जूझकर विजय हासिल करने के गुर बताये। इस मौके पर एवार्ड पाने वाले डा.भरत सारण ने स्वामी ब्रह्मानन्द के अशिक्षा को हटाने को किए गए अतुलनीय कार्यों को नमन करते हुए सबको उनसे प्रेरणा लेकर हाशिए में पड़े समाजों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के लिए काम करने का आह्वान किया। डॉ.सारण ने नीट सहित अन्य परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इस मौके पर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, विधायक मनीषा अनुरागी, विधायक चरखारी बृजभूषण सिंह, डा.इन्द्रपाल सिंह अनीता राजपूत चेयरमैन गोहांड, पूर्व मंत्री धूराम चौधरी, पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, लक्ष्मीनारायण दादा, गुलाब सिंह एडीएम, विमलेश अहिरवार, महेंद्र सिंह बीरा, रामसजीवन यादव, दीपा अनुरागी, राजपूत चन्द्रवती वर्मा, डा.उमाकांत सिंह, प्राचार्य सुरेंद्र सिंह, धर्मपाल लोधी, हरिचरन फौजी, उमेश यादव, दानिश खान, मानबहादुर गोहांड समेत लक्ष्य परिवार के सभी सदस्य व छात्र छात्राएं रहीं। स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार समिति के अध्यक्ष डा.मुकेश कुमार राजपूत ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।



स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि को नमन करते डॉ .भरत शरण, डॉ .पुष्पलता झा पंजाब।



डॉ .भरत शरण को स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार देकर सम्मानित करते पदाधिकारी।

## 42वें निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, राठ

अमृत विचार। बुंदेलखंड मालवीय, संत शिरोमणि स्वामी ब्रह्मानंद महाराज का 42 वां निर्वाण दिवस समाधि स्थल पर श्रद्धा के साथ मनाया गया। समारोह में कस्बे के नागरिकों, छात्र छात्राओं, भक्तों, जनप्रतिनिधियों और प्राध्यापकों ने समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माथा टेका। श्रद्धांजलि से पहले संस्कृत महाविद्यालय के विद्वानों द्वारा गीता पाठ कर यज्ञ किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और स्वामी जी के भक्तों ने अपनी आहुतियां दी।

शनिवार की सुबह 9 बजे समाधि स्थल पर छात्रों द्वारा ब्रह्मानंद तरंगिणी के पदों का गायन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के अध्यक्ष डा.इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष डा.अजय पाल सिंह, डा.कमलेश सक्सेना ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतराम सिंह राजपूत, प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह दादा, पूर्व मंत्री चौधरी राजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक डा.अम्बेश कुमारी, उमाकांत सिंह लोधी, मकरध्वज सिंह एड. रामपाल राजपूत चिकासी, डॉ.अरुण कुमार, धर्मपाल राजपूत, डा.कमलेश लोधी, चंद्रशेखर राजपूत, डा.शीला सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ.राकेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह समेत अनेक गणमान्य लोगों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने स्वामी जी की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर समाधि स्थल को फूलों से खूब सजाया गया था। संचालन डा.सरजू नारायण ने किया।



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते अनुयायी।

### मिस्त्री को गोली मारने में 5 पर केस

मौदहा। दिनदहाड़े बाइक मिस्त्री को गोली मारकर घायल करने वाले पांच आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए छापेमारी शुरू कर दिया है।

मुख्य बाजार में शुक्रवार के दिन दिनदहाड़े गोली कांड से नगर में दहशत का माहौल में बना हुआ है। जिसे देखते हुए कोतवाली पुलिस ने अतीश के भाई स्वतंत्र कुमार की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए नीरज पुत्र नोखेलाल रागौल, बाबू पुत्र स्व. रहमान मांचा, दिलावर पुत्र हाफिज कम्हरिया निवासी तथा दो अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 109, 191(3), 115(2) 352, 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। जबकि पीड़ित अतीश का इलाज कानपुर के अस्पताल में चल रहा है। वह जिंदगी मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपियों की ओर से फोन से लगातार बचे हुए अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

अमृत विचार

कानपुर, रविवार,14 सितंबर 2025 महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मांचा निवासी हयात अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 अगस्त की दोपहर गांव का असगर अली कस्बे चलने की बात कहकर लिवा गया। उन्होंने एक दुकान में कोल्ड ड्रिंक पी। इसके बाद असगर उसके साथ गालीगलौज और अभद्रता करने लगा। जब विरोध किया तो उसने अपने दोस्तों हबीब अली, सत्तार अली, रेहान अली को बुला लिया और सभी ने उसे लाठी डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया। उसका एक पैर भी टूट गया था। तहरीर पर पुलिस ने सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट एफआईआर दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला बाघू निवासी मोहम्मद साबिर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते ग्यारह सितम्बर की रात जब वह घर में लेटा हुआ था तभी कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी मोहम्मद नफीस ने उसके ऊपर हमला कर दिया जिससे उसके शरीर में चोटे आई है और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक ने जहर खाया गंभीर हालत में भर्ती

**बिवांर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के उमरी गांव के राजकुमार ने शनिवार दोपहर कस्बे में मंदिर के पास बैठ गया और सल्फास की पांच गोलियां निगल लीं। 10 मिनट बाद कपड़े उतारकर फेंकते हुए चिल्लाने लगा और सड़क पर गिरकर अचेत हो गया। दुकानदार रामू व संदीप ने पुलिस को सूचना दी। एसआई अंकित बैसला ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालात नाजुक होने पर डॉक्टर ने छानी सीएचसी रेफर कर दिया। जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चेयरमैन को 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**सुमेरपुर।** अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष पदमपत सिंघानिया ने तपोभूमि में गायत्री गंगा के सुंदरीकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गणेश द्वार से गायत्री माता मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण, गायत्री गंगा में दोनों तरफ पक्के घाट बनवाकर पाथवे निर्माण, प्रकाश व्यवस्था के साथ बैठने के लिए बेंच लगाने और नौकायान के इंतजाम कराने की मांग की। यहां श्याम मिलन, धीरू बाबू, पंकज साहू, ऋषभ सोनी, प्रदीप कसौंधन, रोहित यादव रहे।

# खेत के हिसाब से ज्यादा खाद खरीदी तो होगी सख्त कार्रवाई

## जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने उर्वरक वितरण की समीक्षा बैठक में सख्त हिदायत दी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- समितियों से जुड़े गांवों की सूची पेंट से लिखवाने के निर्देश
- समिति के सदस्य किसानों को वरीयता से मिलेगी उर्वरक

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रट सभागार में उर्वरक वितरण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी समितियों में जुड़े ग्रामों की सूची पेंट से लिखवाने के निर्देश दिए और कहा कि समिति के सदस्यों को वरीयता देते हुए उन कृषकों को भी उर्वरक उपलब्ध कराई जाए, जो समिति के सदस्य नहीं है। बैठक में डीएम ने खेती से अधिक उर्वरक खरीदने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने कहा कि जिले में उर्वरक प्रतिष्ठानो पर उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की सूची समस्त उपजिलाधिकारीयों को प्रेषित की जाए तथा समस्त उपजिलाधिकारी प्रत्येक दिवस दो प्राइवेट उर्वरक प्रतिष्ठान का निरीक्षण करेंगे। इसी



शनिवार को समीक्षा बैठक में निर्देश देतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

तरह से अन्य राजस्व अधिकारी भी अपने तहसील अंतर्गत दो दो उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करेंगे। कहा कि प्रत्येक उर्वरक प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की जाएगी, यदि किसी प्रतिष्ठान पर अधिक मूल्य की शिकायत प्राप्त होती है, तो उन प्रतिष्ठानों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने कहा कि उर्वरक लेने के लिए कृषक अनिवार्य रूप से खतौनी व अपना आधार कार्ड लेकर अवश्य जाएं, जो भूमि के मालिक होंगे उर्वरक उनको ही उनकी बोई जाने वाली फसल की संस्कृतियों के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में डीएम ने कहा कि यदि कोई कृषक जिनके नाम भूमि है किसी कारणवश स्वयं उर्वरक लेने नहीं जा पाते हैं तो वह अपनी तहसील में जाकर उस कृषक की सहमति पत्र के आधार पर तहसील से अनुमति प्राप्त कर ले, जिससे उनको उर्वरक उपलब्ध कराई जा सके।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई किसान भूमि से अधिक खाद खरीदता है और सत्यापन में यह बात सामने आती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिले के कृषकों के लिए 4700 एमटी यूरिया व 3000 एमटी डीएपी उपलब्ध है और शासन द्वारा नियमित समीक्षा की जा की जा रही है और जिले की आवश्यकतानुसार उर्वरक तत्काल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक कृषक को उसकी जोत के अनुसार उर्वरक जिले में उपलब्ध है और वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज सहित समस्त उपजिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर से पड़ रहा अतिरिक्त भार

**महोबा।** फुटपाथ पर फट्टा बिछाकर चूते-चप्पल सिलने और पॉलिश करने वाले एक व्यक्ति के घर पर जब से स्मार्ट मीटर लगा है, तब से उसे चार गुना ज्यादा बिजली का बिल अदा करना पड़ रहा है। विभाग के चक्कर लगाने के बाद उसने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग उठाई है।

शहर के रामनगर निवासी नन्दू अहिरवार ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह फुटपाथ पर मोची का काम करता है। उसके घर में दो कच्चे कमरे हैं। घर में सिर्फ दो एलईडी बल्ब और दो पंखे लगे हैं। पुराने मीटर से उसका बिजली बिल 250 से 300 रुपये आता था, लेकिन छह महीने पहले स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिल हर महीने 1000 रुपये पहुंच गया है, जो उसकी हैसियत के बाहर है। उसने बिल को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों के पास चक्कर काटे। अपनी समस्या बताई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। उसे डीएम से समाधान का भरोसा है।

# सीमा पटनाहा आईसीसी की अध्यक्ष बनाई गई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके गांव में खुशी का माहौल
- जनपद के बिलबई गांव की रहने वाली हैं सीमा पटनाहा

**अमृत विचार।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) अनुशासन समिति सदस्य अधिवक्ता सीमा पटनाहा को भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर परिजनों के साथ उनके गांव बिलबई के लोगों में खुशी हैं।

सीमा पटनाहा सुप्रीम कोर्ट में करीब 12 साल से प्रैक्टिस कर रही हैं। वह बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) अनुशासन समिति की सदस्य भी हैं। वह भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की अधिवक्ता के रूप में पांच साल से कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। उनके ससुर बुंदेलखंड विश्व विद्यालय के पूर्व डीन प्रोफेसर मदनलाल राजपूत ने बताया कि यह उनके एवं परिवार के लिए बहुत ही गौरवमयी क्षण है। उनकी नियुक्ति से परिवार और क्षेत्र में ख़ुशी की लहर है। भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार



अधिवक्ता सीमा पटनाहा।

यौन उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण के लिए अंतरिक समिति का पुर्नगठन किया गया है, जो अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मामलों पर विचार करेगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस समिति में अध्यक्ष के अलावा 5 सदस्य तरह 1 संयोजक होंगे, समिति के सदस्यों में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच, ओलंपिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

# 51 शिकायतों में 4 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी थाने के समाधान दिवस पर एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने का आश्वास दिया। सदर कोतवाली में सीओ अरुण कुमार और कुलपहाड़ में सीओ रविकांत गोंड ने समस्याएं सुनीं। जिले में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया।

पुलिस और राजस्व विभाग के समन्वय से थानों पर समाधान दिवस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई। थाना चरखारी में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। कहा कि



चरखारी थाने में शिकायतें सुनते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आम जनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। एसपी ने समाधान दिवस के मौके पर सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

सदर कोतवाली में क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में समस्याएं सुनकर राजस्व व पुलिस टीम को जांच के निर्देश दिए। वहीं कुलपहाड़ में क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड ने प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा की मौजूदगी में जन सुनवाई की। जनपद में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 43 शिकायतें राजस्व व 8 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित रहीं। इनमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# शहर की चार मजारों में उर्स, उमड़े अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हजरत कुतुब कत्ताल शाह रहमतुल्लाह अलैह, हजरत नसीरुद्दीन शाह, हजरत कासिम शहीद व हजरत अहमद जंगी रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। अकीदतमंदों ने तीनों मजारों पर पर पहुंचकर फातिहा पढ़ी और मन्नते मानी। उर्स दौरान मुस्लिम भाईयों के अलावा हिन्दू भाईयों ने भी मजारों पर शिरकत कर दुआएं की तो वहीं मजार पर महिलाओं की भी भारी भीड़ जुटी। शनिवार को सारा दिन उर्स के मौके पर लोगों के आने जाने का सिलसिला लगा, जिन्हें लंगर भी वितरित किया गया।

शहर के कीरत सागर के समीप स्थित हजरत हाजी कुतुब कत्ताल साहब के सालान उर्स के मौके पर मजार पर खासी भीड़ उमड़ी। अकीदतमंदों ने उर्स से पूर्व मजार परिसर में बिजली की आकर्षक सजावट की रोशनी से जगमगा दिया था। गुरूवार को चादर जुलूस निकाला गया जो प्रमुख मार्गों से होता



उर्स के मौके पर हजरत कुतुब कत्ताल शाह की मजार पर फातिहा पढ़ते लोग । अमृत विचार

- उर्स पर कमेटी की ओर से मजारों पर लंगर का किया गया इंतजाम

हुआ मजार परिसर पर पहुंचा और ईशा की नमाज के बाद रात करीब साढ़े नौ बजे संदल की रस्म हुई और इसके बाद फातिहा और दुआ मांगने का सिलसिला जारी हुआ जो देर रात तक चलता रहा। शनिवार को दोपहर बाद मजार परिसर में कमेटी व अन्य अकीदतमंदों द्वारा लंगर का आयोजन किया गया, जहां पर कुल की फातिहा के बाद आए हुए लोगों में तवर्रूख वितरित किया गया। उधर, मुकेरीपुरा में शाही मस्जिद के समीप बने हजरत नसीरुद्दीन शाह और हजरत अहमद जंगी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर संदल के साथ सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया, जहां पर मजार कमेटी द्वारा चादर जुलूस, लंगर और तकरीर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार मोहल्ला पठानपुरा में हजरत कासिम शहीद रहमतुल्लाह अलैह के मजार के सालान उर्स के मौके पर सभी लोगों ने पहले चादर जुलूस निकाला, जो परंपरागत मार्गों से होता हुआ मजार ए अकदस पर पहुंचा, जहां पर सभी लोगों ने चादर चढ़ाने के बाद फातिहा पढ़ी और दुआएं मांगी। फातिहा के बाद तकरीर का आयोजन किया गया, जहां पर मौलाना ने खिताब करते हुए हजरत मोहम्मद साहब के बताए गए रास्ते पर चलकर जिंदगी बसर करने का संदेश लोगों तक पहुंचाया। शहर के चार मजारों का एक ही दिन उर्स होने से अकीदमंदों की सभी मजार ए अकदस पर खासी भीड़ उमड़ी।

# टीईटी के विरोध में बनी रणनीति, शिक्षक करेंगे धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- प्राथमिक शिक्षक संघ ने 16 को प्रदर्शन की बनाई रूपरेखा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर शनिवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्य समिति एवं संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक शिक्षक रैन बसेरा में जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से आहत शिक्षकों का भविष्य अंधकार मय होने के कारण शिक्षकों तथा संगठनों ने अत्यंत रोष व्याप्त है। बैठक में शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ क जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन प्रत्येक स्तर से वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा को बचाने के लिए प्रयासरत है और न्यायालय की शरण में जाने के लिए भी संगठन पूरी तैयारी में लगा हुआ है। संगठन अधिशीघ्र सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू याचिका दायर करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2011 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों ने जब नौकरी पाई तो उस समय आहर्ता बीटीसी और विशिष्ट बीटीसी ही शिक्षकों की आहर्ता मानी जाती है। टीईटी का कहीं कोई अता पता नहीं था।



बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाते शिक्षक। अमृत विचार

कार्यकारी जिला मंत्री हरनारायण अनुरागी ने कहा कि संगठन का अर्थ संघर्ष से है, संघर्ष कदापि न भाग, तन मन और धन से पुरजोर इस अमनवीय व्यवहारवादी काला कानून को वापस लेना ही पड़ेगा। जब टेट का कहीं कोई अता पता नहीं था, तब शिक्षकों ने बीस बीस साल से अधिक की नौकरी कर ली और उन शिक्षकों पर टीईटी थोपी जा रही है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णचंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार का रवैया ठीक नहीं है, नियुक्ति के पश्चात कोई नियम नहीं बदला जा सकता। संगठन पर आप सभी विश्वास रखे और 16 सितम्बर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक शिक्षक उपस्थित होकर अपनी एकजुटता का प्रमाण देगे। बैठक में कुलदीप तिवारी, विजय वर्मा, जयनारायण तिवारी, अशोक शुक्ला, आदिवीर सिंह, पंकज नायक, ओमप्रकाश वर्मा, आत्माराम प्रजापति, कप्तान सिंह राजपूत, रामननरेश, भगत सिंह राजपूत, दयाराम वर्मा, सौरभ त्रिपाठी सहित तमाम शिक्षम मौजूद रहे।

# पुलिस की गाड़ी से किशोरी घायल

**महोबा।** कानपुर-सागर हाईवे पर हमीरपुर चुंगी के पास पुलिस की गाड़ी ने किशोरी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल से उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

शहर के गांधीनगर निवासी अतुल कुमार की 13 वर्षीय बेटी घर की तरफ जा रही थी, तभी पुलिस की गाड़ी ने हमीरपुर चुंगी के पास सामने से उसे टक्कर मार दी। किशारी खून से लथपथ होकर गिर गई। दुर्घटना के बाद भीड़ जाम हो गई, लेकिन पुलिस की गाड़ी से हादसा होने के कारण सभी लोग मूकदर्शक बने खड़े रहे। बाद में पुलिस ने किशोरी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया।



कार्यस्थल छोड़ चरखारी पशु अस्पताल में मौजूद ड्रेसर । अमृत विचार

# एक साल से पशु सेवा केंद्र में लटक रहा ताला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- ड्रेसर के गायब होने पर सीवीओ ने दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार।** पशु सेवा केंद्र सूपा में एक साल से ताला लटका है, जिससे ग्रामीणों को जानवरों का उपचार कराने के लिए दूर दराज के पशु केंद्रों में जाना पड़ रहा है। पशुपालकों द्वारा शिकायत करने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका। मामला बढ़ता देख मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

चरखारी पशु चिकित्सालय के अन्तर्गत 11 पशु सेवा केन्द्र संचालित हैं। अधिकांश सेवा सेवा केंद्र में एक कर्मचारी है, उसके बीमार पड़ने और छुट्टी लेने पर केंद्र बंद हो जाते हैं। पशु सेवा केंद्र सूपा में एक साल से ड्रेसर गायब है, जिससे पशुपालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एक वर्ष से पशु सेवा केन्द्र सूपा में ताला लटकर रहा है, इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से करने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। पशुपालकों ने बताया कि इस केन्द्र में कार्यरत ड्रेसर संजय सिंह विगत एक वर्ष से अपनी तैनाती स्थल छोड़कर पशु चिकित्सालय चरखारी में कार्य कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। अनुकम्पा नियुक्ति में ड्रेसर के पद पर सूपा सेवा केन्द्र में संजय की तैनाती हुई थी। तैनाती के बाद उसें एक माह के लिए चरखारी अस्पताल में ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था और उसके बाद तत्कालीन पशु चिकित्साधिकारी ने मूल तैनाती स्थल पर रवाना कर दिया था, लेकिन रवानगी की यह चिट्ठी आज तक उच्चाधिकारियों के पास पहुंची या नहीं लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी उसने चरखारी अस्पताल नहीं छोड़ा है। सूपा केंद्र बन्द होने पर ग्रामीणों और पशुपालकों द्वारा तहसील दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र भी दिए गए, लेकिन आज तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ। इस बावत पूछे जाने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है आज ही मामले की जांच शुरू करते हुए ड्रेसर को मूल तैनाती स्थल पर भेजा जाएगा तथा सूपा का सेवा केन्द्र नियमित रूप से खोले जाने के निर्देश दिए साथ ही अभी तक ड्रेसर ने अपनी मूल तैनाती स्थल पर ज्वांइनिग क्यों नहीं की इसकी जांच कराई जा रही है।

# तालाब में नहाते समय अधेड़ की डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अजनर थाना क्षेत्र के महुआबांध गांव में शनिवार दोपहर घटना

**अमृत विचार।** अजनर थाना क्षेत्र के महुआबांध गांव में तालाब में नहाते समय गहरे पानी में जाने से अधेड़ की मौत हो गई। काफी देर तक पिता के घर न पहुंचने पर पुत्रों ने तालाश करते हुए तालाब में शव देख पुलिस को सूचना दी।

महुवाबांध गांवका कारी उर्फ करिया (55) शनिवार सुबह 11 बजे खेत से लौटते समय तालाब में नहाने लगा। नहाते हुए गहराई की तरफ चला गया। उसने पानी से निकलने का काफी प्रयास किया और बचाव के लिए चिलाया, लेकिन किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी और वह डूब गया। काफी देर तक पिता के घर वापस न आने पर उसके पुत्र परेशान हो गए और उसकी खोजबीन करते हुए तालाब के पास पहुंचे तो तालाब में देखा। ग्रामीणों की मदद से कारी को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के अन्य परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। उपनिरीक्षक आकाश मौर्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिह का कहना है तालाब मे डूबने से अधेड की मौत हुई है साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**अपनाने पर जोर** | हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर साईं कालेज में आयोजित हुई संगोष्ठी

# भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधती हिंदी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** साईं कालेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी हुई। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। वक्ताओं ने भाषण, कविता, गीत दोहों और चौपाई के माध्यम से हिन्दी भाषा के प्रति अपना व्यक्त किया। शुभारंभ संस्था के चेयरमैन संजय कुमार साहू, प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण किया।

संगोष्ठी में प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू ने कहा कि हिन्दी भाषा को सहर्ष अपनाने एवं अधिकाधिक दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी का विकास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तभी




संगोष्ठी को संबोधित करते प्राचार्य डॉ .एलसी अनुरागी। अमृत विचार

सम्भव है जब हम सब एकजुट होकर हिन्दी की आत्मसात करते हुए इसके विकास को नए आयाम तक पहुंचाना होगा। राजेश त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। कार्यक्रम संयोजन व अन्य प्रधानाध्पकों द्वारा हिन्दी की उपयोगिता का वैश्विक पटल पर बढ़ते महत्व का विस्तार से वर्णन किया। प्राचार्य डॉ. अनुरागी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 343(1) में संघ की राज भाषा हिन्दी एवं देवनगरी लिपि होगी। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं दर्ज है, जिसमें हिन्दी भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं यह कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारतीयों को एकता सूत्र में बांधती है। विश्व में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाने का मतलब है कि हिन्दी अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनेगी। इस मौके पर प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, आदर्श सोनकिया, डॉ. रविंद्र कुमार, शशिकांत अग्रवाल, आशीष चौरसिया, लोकेश चौरसिया, मारूतिनंदन तिवारी, सुरेंद्र कुमार, भावना साहू, पूनम, रोमाना खान, रजनी, अर्चना श्रीवास्तव, शुभांशी विश्वकर्मा, अंजना श्रोतीय, शहनवाज, रामशरण कुशवाहा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### आज आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य

**चित्रकूट।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एक दिवसीय दौरे पर रविवार को चित्रकूट आएंगे। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, हवाई पट्टी पर उनका हेलीकाप्टर पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर उतरेगा। साढ़े 11 बजे वह लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद उनका पुरानी कोतवाली के पास डॉ. रनप्पा कुम्हार की जयंती पर होने वाले प्रजापति महासम्मेलन में भाग लेंगे। 2 बजकर 10 मिनट में प्रस्थान करेंगे।

### गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** सरधुआ के एसआई चंद्रमणि पांडेय ने गैर इरादतन हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक अगस्त को अरविंद पुत्र कीरत रैदास निवासी लमियारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के सुरेंद्र रैदास और उसके पुत्रों संदीप, रंजीत, अभिजीत ने पिता से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इससे पिता के सिर, आंख व नाक पर गंभीर चोट आई। इलाज के दौरान आठ अगस्त को पिता कीरत की मौत हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों संदीप और रंजीत को घर से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी सतीश कुमार, नागेश कुमार गुप्ता शामिल रहे।

### प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**चित्रकूट।** प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए पांच दिवसीय विकसित एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें जिले के 100 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य बीके शर्मा ने आशा जताई कि यह प्रशिक्षण बहुआयामी सिद्ध होगा। प्राचार्य ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र दिए।

### ट्रक की टक्कर से पांच लोग घायल

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** मानिकपुर के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के एंचवारा गांव के पास एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सवार पांच यात्री घायल हो गए। सेमरदहा निवासी अंकुर पांडेय खोह से अपने घर सेमरदहा जा रहा था। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया। जिससे अंकुर के पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं ई रिक्शा सवार सुधा पांडेय, काजल पांडेय, प्रिंसी पांडेय और ई रिक्शा चालक को भी चोटें आ गई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक सुभाष यादव को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# पगडंडी से फिसला पैर, पानी भरे गड्ढे में गिरी महिला, मौत

- राशन लेने जाते समय हुआ हादसा, नांदी गांव का मामला

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राशन लेने जा रही महिला का पगडंडी में पैर फिसल गया, जिससे वह पानी भरे गड्ढे में गिर गई। उसे निकाला जाता, उससे पहले उसकी मौत हो गई।



मंजू।

जानकारी के अनुसार, थाना पहाड़ी अंतर्गत ग्राम नांदी निवासी सिद्धगोपाल पाल बाहर रहकर मजदूरी करता है। उसकी पत्नी मंजू (42) घर में अपने पुत्र अंकित , सोनू और दीनू के साथ रहती थी। ये सभी मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर मंजू खाद्यान्न लेने कोटेदार के यहां शिवपुरी गांव रइयाहार की ओर से जा रही थी। हनुमान जी मंदिर के पीछे संकरी पगडंडी पर उसका पैर फिसल गया और वह मुंह के बल पानी भरे गड्ढे में गिर गई। कुछ देर बाद वहीं से निकलीं गांव की महिलाओं, जो राशन लेने शिवपुरी जा रही थीं, ने देखा और ग्रामीणों को सूचना दी। पूर्व प्रधान जगतपाल प्रजापति ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को गड्ढे से निकाला। पुलिस को सूचना दी और महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी, सब इंस्पेक्टर जंगबहादुर सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के पति के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टायर चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** ट्रक के टायर चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनसे दो रिम सहित टायर, बोलेरो पिकअप, जैक, टूल बाक्स बरामद किया।

11 सितंबर को कैसर खान निवासी मऊ ने रिपोर्ट दी थी कि सड़क किनारे खड़े ट्रक से कुछ लोग टायर खोलकर पिकअप में लाद रहे थे। नींद खुली तो वे तीनों दो टायर लेकर भाग गए। 12 सितंबर को अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर तिलौली रोड के किनारे खड़ी पिकअप को घेर लिया। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। इन लोगों ने अपने नाम संगम लाल पुत्र दयाशंकर निवासी कुकुड़ी प्रयागराज, दीपक गौतम पुत्र स्व. संतलाल निवासी रामपुर प्रयागराज, और गोली उर्फ गोलू उर्फ दीपक कुशवाहा पुत्र विध्यांचल निवासी मुंगारी रामपुर प्रयागराज बताए। पुलिस के अनुसार, तीनों ने वारदात करना स्वीकार किया।

# लेखपालों के कामों की करें मानीटरिंग : डीएम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी को निर्देश दिए कि लेखपालों के कामों की मॉनीटरिंग करते रहें। इनकी किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

डीएम ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर भूमि विवाद, राजस्व संबंधी, चक रोड, नाली के मामले ज्यादातर आए। जिलाधिकारी ने समस्याओं का संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस निस्तारण रजिस्टर भी देखा। कहा कि थाना दिवस में आए हुए शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिलनी चाहिए। रजिस्टर पर लाभार्थी का फोन नंबर अवश्य लिखा जाए, जिससे फीडबैक भी लिया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें न्याय दिलाना है। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजन व महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

# लूट में वांछित आरोपी के साथ हुई पुलिस की मुठभेड़, घायल

## बक्टा बुजुर्ग में हुआ आमना-सामना, असलहा बरामद, मौके पर पहुंचे एसपी

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लूट के मामले में वांछित आरोपी की शुक्रवार रात पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से वह घायल हो गया।



आरोपी राजेंद्र यादव।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि थाना पहाड़ी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बकटा बुजुर्ग के पास बदमाशों की चहलकदमी बताई जा रही है। इस पर सुबह लगभग तीन बजे थानाध्यक्ष पहाड़ी अनुपमा तिवारी, थानाध्यक्ष राजापुर पंकज तिवारी एवं एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी की संयुक्त टीम क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल की अगुवाई में बकटा रोड पहुंची, जहां संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार, रुकने के लिए ललकारने पर संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस गाड़ी पर फायर कर दिया तथा भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। घायल को तत्काल सीएचसी पहाड़ी ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोपी की पहचान राजेंद्र यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी कमासिन (बांदा) के रूप में हुई। राजेंद्र गैंगस्टर एक्ट सहित कई संगीन मामलों का आरोपी है। पुलिस ने आरोपी से तमंचा और कारतूस बरामद किए। पुलिस व बदमाशों से मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी ने पुलिस टीम को बधाई दी। फोरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य इकट्ठे किए।



मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

### मुठभेड़ में शामिल रहे ये पुलिसकर्मी

- मुठभेड़ की कमान क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल ने संभाली। पहाड़ी थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी की अगुवाई में कांस्टेबिल बहोरन सिंह, शुभम द्विवेदी ने मुठभेड़ में हिस्सा लिया। राजापुर थानाध्यक्ष पंकज तिवारी के साथ सब इंस्पेक्टर इमरान खान, कांस्टेबिल राहुल यादव, पवन कुमार और एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी के साथ कांस्टेबिल राहुल सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, राघवेंद्र यादव, पवन राजपूत, गोलू भार्गव शामिल रहे।

### आपराधिक इतिहास

- पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास है। इसके खिलाफ बांदा जिले के कमासिन, बबेरू, अतर्रा, गिरवां थानों और चित्रकूट जिले के पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज है।

### एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार

- आरोपी ने 11 सितंबर को पहाड़ी थानांतर्गत क्षेत्र में एक लूट की घटना में संलिप्त होने की बात कबूल की है। इसमें आरोपी एक व्यक्ति राहुल यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी कमासिन को 12 सितंबर को जेल भेजा जा चुका है। उससे लूटा गया माल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हो चुकी है। राहुल ने पूछताछ में राजेंद्र का नाम बताया था।

## छात्राओं ने चित्रकूट का नाम किया रोशन

**चित्रकूट।** बीते दिनों राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज में हुई राज्यस्तरीय राष्ट्रीय भूमिका निर्वाह एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 18 जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जीजीआईसी की छात्राओं ने व्यक्तिगत सुरक्षा (शारीरिक, भावनात्मक तथा लैंगिक विषय पर रोल प्ले की प्रस्तुति की और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनकी टीम प्रभारी शालिनी श्रीवास्तव और राधा सिंह थीं। प्रतिभागी छात्राओं में मानसी, अदिति शुक्ला, सना बानो, फिजा बानो, आशिया शामिल रहीं ।



राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाने वाली छात्राएं। अमृत विचार

## नेत्र चिकित्सालय में नेत्रदाता परिजन सम्मान हुआ

**सीतापुर (चित्रकूट)।** श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में शनिवार को नेत्रदाता परिजन सम्मान हुआ। ट्रस्टी डॉ. बीके जैन ने सभी का आभार जताया। उन्होंने भ्रांतियों को दूर कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। कार्निया विभाग के प्रमुख डॉ. गौतम सिंह परमार ने कहा यह पुण्य का काम है, सबको बढ़चढ़ कर भागेदारी करनी चाहिए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1 लाख से ज्यादा मुकदमों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 1,09,781 वादों का निस्तारण करते हुए 6,32,82,826 रुपये अर्थदंड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किए गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में श्रीकृष्ण यादव मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 40 वादों का निस्तारण करते हुये 2,15,29,444 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाए। राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने 26 वादों का निस्तारण करते हुए 8,00,000 रुपये आपसी सुलह समझौते के आधार पर वादिया को दिलाए। एक-दूसरे से अलग 23 जोड़ों को आपस में सुलह कराकर एक साथ भेजा गया। राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वारा चार वादों का निस्तारण करते हुये 2000 रुपये अर्थदंड व रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वारा एक वाद का निस्तारण करते हुये 500 रुपये अर्थदंड वसूला गया। नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज द्वितीय द्वारा तीन व नीलू मैनवाल अपर जिला न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 156 वादों का निस्तारण किया गया। राजेंद्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा फौजदारी के 966 वादों का निस्तारण करते हुये 1,29,020 रुपये अर्थदंड, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सीडी) द्वारा फौजदारी के 77 वादों का निस्तारण करते हुये 8,600 रुपये वसूला गया व तीन सिविल वादों का निस्तारण करते हुये 6,95,511 रुपये पक्षकारों को दिलाया गया। इला चौधरी सिविल जज (सी.डि.) एफटीसी द्वारा 107 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 3,030 रुपये अर्थदंड वसूला गया व दो एनआई एक्ट के वादों का निस्तारण करते हुये 1,37,094 रुपये पक्षकारों को दिलाया गया तथा एक उत्तराधिकार वाद का निस्तारण करते हुये 7,49,504 रुपये का प्रमाणपत्र जारी किया गया। सैफाली यादव सिविल जज (जू.डि.) द्वारा 31 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 1,550 रुपये अर्थदंड वसूला गया व तीन उत्तराधिकार वादों का निस्तारण करते हुये 7,62,793 रुपये का प्रमाणपत्र जारी किया गया। विदिशा भूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 41 वादों का निस्तारण करते हुये 6,600 रुपये अर्थदंड वसूला गया। अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा 28 वादों का निस्तारण करते हुये 270 रुपये अर्थदंड वसूला गया। एस आनंद सिविल जज (जेडी) मऊ द्वारा 152 वादों का निस्तारण करते हुये 910 रुपये अर्थदंड वसूला गया। अंशुमान यादव न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर द्वारा 133 वादों का निस्तारण करते हुये 1,330 रुपये अर्थदंड वसूला गया। सचिन कुमार दीक्षित प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 109781 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 6 करोड़ 32 लाख 82 हजार 8 सौ 26 रुपये अर्थदंड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया। इस मौके पर अनुराग शर्मा अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, अशोक कुमार गुप्ता अध्यक्ष, पंकज त्रिपाठी महासचिव जिला बार एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।



मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट करते एलडीएम। अमृत विचार

## खेती-किसानी

सहकारी समिति भदेहदू में किसान सभा का आयोजन

# किसानों को बताया खाद के संतुलित उपयोग का महत्व

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बेराउर गांव की सहकारी समिति भदेहदू में किसान सभा का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांव-मजरों ने शिरकत की। किसानों को खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी दी गई। इनको कीटनाशक प्रयोग करने की विधि भी समझाई गई।

किसान सभा का आयोजन इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड जनपद चित्रकूट ने किया था। इफको के उप क्षेत्रीय प्रबंधक राजवीर सिंह ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जल विलेय उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व नैनो जिंक के बारे में बताया। बताया कि नैनो डीएपी से बीज उपचार करने के लिए 100 किलो बीज में एक बोतल नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर मिलाकर बीज का मोयन करने के उपरांत छाया में आधे घंटे सुखाना चाहिए। परंपरागत डीएपी की मात्रा को आधा ही डालना चाहिए। फसल के 30 से 35 दिन होने पर नैनो डीएपी ,नैनो यूरिया, नैनो जिंक को 100 से 125 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ फसल के ऊपर छिड़काव करना चाहिए। किसानों ने कहा कि सहकारी समितियां आवश्यक रूप से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराएं। किसानों को जैव बायो डिकंपोजर वितरित किया गया, जिससे वे गोबर से कंपोस्ट खाद बना सकें। किसानों को बताया गया कि गोबर के सड़ने से दीमक नहीं लगेगी एवं खेतों में खरपतवार का जमाव भी कम होगा। इस दौरान किसानों ने पास के खेत में खाद छिड़काव का डेमो भी देखा। लवलेश सिंह , अनिल सोनी, आदित्य पटेल , संगम लाल करवरिया, विकास द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



किसानों को खाद के उपयोग की जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### धूप के समय न करें छिड़काव

- वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि नैनो डीएपी, यूरिया और चिंक का छिड़काव सामान्यत: ओस अथवा अत्यधिक धूप के समय नहीं करना चाहिए। इसके लिए शाम का समय सर्वोत्तम होता है। छिड़काव के आठ घंटे में बारिश हो जाए तो फिर छिड़काव करना पड़ेगा।

### प्रगतिशील किसानों ने बताए अनुभव

- प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए। अन्य किसानों को बताया कि उन्होंने किस प्रकार नैनो यूरिया, नैनो डीएपी उर्वरकों का उपयोग करते हुए अपनी दानेदार उर्वरक की मात्रा में कमी की है एवं लाभ में बढ़ोतरी पाई है। किसानों ने जिज्ञासाएं जाहिर कीं एवं उनका निराकरण किया गया।



गोरखपुर में दूसरा इनाम प्राप्त करते डॉ. बिलाल अहमद।

## चिकित्सक को प्रशिक्षण में मिला दूसरा स्थान

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर में हुए प्रशिक्षण के बाद प्रजेंटेशन देने पर जिले के डॉ. बिलाल अहमद को दूसरा स्थान मिला है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण का विषय सार्वजनिक स्वास्थ्य में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान कैसे करें, उसकी रणनीतियां कैसे तैयार की जाए था। प्रशिक्षण से संबंधित विषय पर संक्षिप्त प्रेजेंटेशन डॉ. बिलाल अहमद ने दिया, जिसमें उनको प्रदेश में दूसरा स्थान मिला।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि मेरे पासपोर्ट संख्या R7762354 में मेरा नाम Nazifu Rahman ,पुत्र मोहम्मद अफलाजुर्रह्मान,निवासी मो. नुमाइश पुरवा हरदोई है जबकि मेरे आधार में मेरा सही नाम – Mohd Nazeefur Rahman है उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम आधार के अनुसार संसोधित कर प्रति जारी की जाये।

**सूचना**
मैं श्लोक दीक्षित पुत्र बृज किशोर दीक्षित निवासी निर्मल नगर, सहजनी उन्नाव यह सूचित करता हूँ कि मेरी इंटरमीडिएट (12वीं) की वर्ष 2023 की अंकपत्र (मार्कशीट) रोल नंबर 2235974782 की मूल प्रति कहीं खो गई है। यदि किसी को यह दस्तावेज़ प्राप्त हो तो कृपया उपरोक्त पते या मोबाइल नंबर 9621316809 पर संपर्क करें।

**सूचना**
मेरे हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1221272202 का सहअंक प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2246112609 का सहअंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **किशन कुमार पुत्र महेश चन्द, पूर्वा भदौरिया, पोस्ट बंशी, अछल्दा, जिला औरैया 206241**

**सूचना**
मै जय सिंह राणा पुत्र श्री राजेश ग्राम दहेलिया पोस्ट सुघरदेवा कानपुर नगर, का हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण–पत्र वर्ष 2025 अनुक्रमांक 1251136274 कहीं खो गया है ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **गुड्डन सैनी पुत्र जगन्नाथ सैनी निवासी हाल ऊँचा, विरतिया, नईबस्ती, छिबरामऊ जनपद कन्नौज।** मेरे पुत्र मोहित सैनी का चाल–चलन अच्छा नहीं है। आये दिन मुझसे झगड़ा फसाद करता रहता है। इस कारण मैने व मेरी पत्नी ने अपने सभी तरह के रिश्ते मुक्त कर मोहित सैनी से समाप्त कर लिये है तथा अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी कार्य के प्रति हम लोगो की कोई जबावदेही नहीं होगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी तीन बेटियां और पुत्र सचिन वर्मा है। बेटे का विवाह हो चुका है। वह आए दिन परिवार के साथ मोहल्ले के लोगों से विवाद करता है। मां की बात भी नहीं मानता है। उसके गलत आचरण के चलते उसे चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **अरुणा वर्मा पत्नी स्व. गंगा प्रसाद वर्मा निवासी मोहल्ला सलारगंज, निकट समय माता मंदिर तहसील और जिला बहराइच**

**सूचना**
हमने अपने भाई रोहित गोस्वामी से उसके गलत आचरण की वजह से संबंध विच्छेद कर लिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से हमारा सरोकार नहीं होगा। **–दीपू गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार गोस्वामी, वीरेंद्र कुमार गोस्वामी पुत्र राकेश कुमार गोस्वामी, निवासी–643/672 श्रीनगर कॉलोनी, मोहिबुल्लापुर, लखनऊ।**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र रोहित गोस्वामी को उसके गलत आचरण की वजह से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा सरोकार नहीं होगा। **–राकेश कुमार गोस्वामी पुत्र मुन्नू लाल, निवासी–643/672 श्रीनगर कॉलोनी, मोहिबुल्लापुर, लखनऊ।**

**सूचना**
मैं, **रामकुमार नि0– म. नं. 428/55, झरियन का तालाब, लखनऊ,** अपने तीनों पुत्र व पुत्रवधू , पुत्र विजय कुमार पुत्रवधू जया सोनवानी, पुत्र विशाल सोनवानी पुत्रवधू किरन व पुत्र राजू सोनवानी पुत्रवधू संजना सोनवानी को इनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
मेरे पुत्र सागर कुमार व पुत्रवधू दीपमाला की शादी के बाद से इनका आचरण मेरे, मेरी पत्नी व परिवार के प्रति ठीक नहीं है। इससे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनकी ओर से किये गये किसी भी कार्य के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **–रमाकांत पुत्र सूबेदार, नि. ग्राम सहतेपुर्वा मौजा जसौरा पोस्ट–कूल्हापुर थाना गुरसहायगंज कन्नौज। हाल नि. खसरा नं. 1147 ग्राउंड फ्लोर अपोजिट जगदम्बा मार्केट रिठाला गांव राजपुर कला उत्तर पश्चिम दिल्ली**

**सूचना**
मैं **इकबाल हुसैन पुत्र रियाज हुसैन निवासी हकीमपुरवा हाडा बसहरी तहसील व कोतवाली नानपारा जिला बहराइच** सूचित करता हूं कि मैं अपने छोटे पुत्र शिबू उर्फ शाहिद हुसैन को उनके गलत चाल चलन एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों एवं लेन देन से मेरा और मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **प्रदीप कुमार पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम मड़ैया पो0 हांथिन तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज** है। यहकि मेरे पेन कार्ड सं0 में ISWPK2117L में मेरा नाम प्रवीन कुमार व जन्मतिथि 01.07.1998 अंकित है। जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व मार्कशीट व ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम प्रदीप कुमार व जन्मतिथि 15.07.1990 अंकित है जो कि सही व सच है। अत: मेरे पेन कार्ड में मेरा सही नाम प्रदीप कुमार व जन्मतिथि 15.07.1990 अंकित किया जाय।

**आवश्यकता है**
पण्डित संकठा प्रसाद पाण्डेय एकेडमी, भरथीपुर तहसील / जनपद अमेठी में प्राचार्य एवं बी0 एड0 / डी0एल0एड0 कोर्स के कतिपय विषयों में अर्ह शिक्षको की आवश्यकता है। विस्तृत विवरण वेबसाईट psppud.academy/gmail.com पर उपलब्ध है ।इच्छुक व्यक्ति अपना वायोडाटा ऑनलाइन दिनांक 30/09/2026 तक भेज सकते हैं ।
प्रबंधक

**सूचना**
मेरा बड़ा पुत्र आसिफ अली व पुत्रवधू शबनूर गलत सोहबत में पड़ जाने से उनका चालचलन खराब हो गया। वे मेरे व परिवार के साथ मारपीट करते है। समझाने से भी बाज नहीं आ रहे। इस लिए मैं पुत्र व पुत्रवधू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इन दोनों द्वारा किए गए किसी भी अच्छे या बुरे कार्य के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा इससे कोई लेना देना नहीं। – **साकिर अली पुत्र मजीद निवासी ग्गाम अम्बेडकर नगर, कस्बा सौरिख जनपद कन्नौज।**

# अमृत विचार

रविवार, 14 सितंबर 2025




विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निस्पृहः।
निर्ममो निरहंकार स शांतिमधिगच्छति ॥

गीता में श्रीकृष्ण जी कहते हैं, जिसने इंद्रिय तृप्ति के लिए सभी इच्छाओं को त्याग दिया है, जो इच्छाओं से मुक्त रहता है, जिसने स्वामित्व की सभी भावनाओं को त्याग दिया है और झूठ व अहंकार से रहित है। केवल वही वास्तविक शांति प्राप्त कर सकता है।



# हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति

भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं, लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। विलियम जोन्स ने कहा कि "संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ संबंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।" संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन कैसे हो?


> भारत में विश्व के चार भाषा परिवार-भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंतत: हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया।


सभ्यता, संस्कृति, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है, इस सबकी आदि भाषा है संस्कृत। यूरोपीय विद्वान एच. एस. मेन ने लिखा था, "बीजगणित-अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिंदुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। अरब चिकित्सा पद्धति संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद है, यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17 वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी।" विलियम हंटर ने लिखा था कि "पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था। पाणिनि का व्याकरण संसार में सर्वोच्च है।" मैक्समूलर ने लिखा, "भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कांट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति यहूदी के विचारों मात्र पर पालित पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं।" गांधी ने लिखा, "पृथ्वी पर हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है, जहां मां-बाप अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना लिखाना पसंद करेंगे।" अंग्रेजी को विश्व भाषा बताया जाता है लेकिन जापान, रूस और चीन आदि अनेक देशों में अंग्रेजी की कोई हैसियत नहीं है। भारत की संविधान सभा (14 सितंबर 1949) ने हिन्दी को राजभाषा बनाया, 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परंतु' जोड़ा। पंडित नेहरू ने कहा, "हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।"



हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

एन. जी. आयंगर ने सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखते हुए 15 बरस तक अंग्रेजी को जारी रखने का कारण बताया, "हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह समुन्नत भाषा नहीं है। सेठ गोविंद दास ने हिन्दी की पैरोकारी की, इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि ही होनी चाहिए।" आर. वी. धुलेकर ने कहा, "मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है, राष्ट्रभाषा है। हिन्दी के राष्ट्रभाषा-राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा। (संविधान सभा बहस 13-9-1949) संविधान में तीन दिन तक बहस हुई। संविधान के अनुच्छेद (343-1) में हिन्दी राजभाषा बनी। किंतु अनुच्छेद (343-2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्रावधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग-समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनुच्छेद 351) केन्द्र पर डाली गई, लेकिन कांग्रेस अपने जन्मकाल से ही अंग्रेजी को वरीयता देती रही, गांधी जी ने कहा, "अंग्रेजी ने हिंदुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं।" (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312) भारतीय संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिन्दी है। हिन्दी के पास प्राचीन संस्कृति और परंपरा की सुदीर्घ विरासत है। हिन्दी ने संस्कृत सहित सभी भारतीय भाषाओं बोलियां से शब्द लिए। सबको अर्थ दिए। हिन्दी दिवस की रस्म अदायगी होती रही है। वह राजभाषा है, लेकिन फारसी, अंग्रेजी की तरह उसे राज्य आश्रय नहीं मिला। फारसी मध्यकाल के बादशाहों ने थोपी थी, अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी लाई। हिन्दी का विस्तार राज्य आश्रय से नहीं हुआ।

भारत में विश्व के चार भाषा परिवार-भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंततः हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया। अमेरिकी भाषाविद एम. बी एमेन्यू ने भारत को भाषिक क्षेत्र बताया। अरबी-फारसी के विद्वानों ने भारत की भाषाई पहचान के लिए हिन्दी शब्द का प्रयोग किया। अमीर खुसरो ने इसे हिंदवी-हिंदुई गाया। हैदराबाद के मुस्लिम शासक कुली कुतुबशाह ने इसे 'जबाने हिन्दी' बताया। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है। वह यमुना के निकुंजों पर गीत गाते बड़ी हुई। अंग्रेजी राज के बाद फारसी की जगह अंग्रेजी आ गई। गांधीजी ने अंग्रेजी का विरोध और हिन्दी का समर्थन (1917) करते हुए कहा, "हिन्दी ही हिंदुस्तान के शिक्षित समुदाय की भाषा हो सकती है। अंग्रेजी विदेशी भाषा है। हिन्दी 22 करोड़ की भाषा है।" स्वाधीनता संग्राम में जनप्रबोधन की भाषा हिन्दी थी।

तीन दिन तक चली बहस में हस्तक्षेप करते हुए पंडित नेहरू ने कहा, "अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।" 14 सितंबर के दिन अंग्रेजी प्रभुत्व के साथ हिन्दी राजभाषा बन गई। संविधान ने हिन्दी के प्रसार-प्रचार का काम केन्द्र को सौंपा। हिन्दी कमजोर सिद्ध हो गई। वर्तमान केन्द्र सरकार ने हिन्दी को समृद्ध करने के लिए काफी काम किए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विज्ञान आदि विषयों पर हिन्दी में पुस्तकें लिखें जाने की योजना पर काम जारी है। अनेक गोष्ठियां हुई हैं। उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय और संसद में प्रस्तावित विधेयकों-पारित कानूनों की भाषा अंग्रेजी (अनुच्छेद 348) ही है। हिन्दी जानने वालों की संख्या सवा अरब से भी ज्यादा है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजराइल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिदाद, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। देश में सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों-सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। राजनैतिक कारणों से जब कब दक्षिण के राज्यों में हिन्दी का विरोध होने लगता है। प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा तय करने का अधिकार है। दुर्भाग्य से ये राज्य अंग्रेजी चलाना चाहते हैं। तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम आदि से हिन्दी की स्पर्धा नहीं है। हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति है।

# अमेरिका की बेचैनी और भारत की संतुलन नीति

हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक ने वैश्विक राजनीति में एक बार फिर भारत की निर्णायक भूमिका को उजागर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय चर्चाएं कीं। इस घटनाक्रम ने अमेरिका के राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। खासतौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में। डोनाल्ड ट्रंप ने इस बैठक के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप "ट्रुथ सोशल" पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी से बात करने को उत्सुक हैं और भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को "बहुत अच्छा दोस्त" बताते हुए मीठे शब्दों में भारत को एक "विशेष साझेदार" के रूप में संबोधित किया, लेकिन सवाल उठता हैः क्या ट्रंप पर भरोसा किया जा सकता है? यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप "गिरगिट की तरह रंग बदलने" के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। उन्होंने भारत पर कई व्यापारिक प्रतिबंध और टैरिफ लगाए, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैंः 2018 स्टील (25 प्रतिशत) और एल्युमिनियम (10 प्रतिशत) पर टैरिफ भारत की मेटल एक्सपोर्ट इंडस्ट्री को नुकसान, 2019 भारत को जीएसपी से बाहर किया, 2020 दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर निगरानी बढ़ाई भारत के फार्मा सेक्टर पर दबाव, 2021 इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी समीक्षा भारत के टेक एक्सपोर्ट को प्रभावित किया। वर्तमान में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से तो सभी वाकिफ हैं ही।



हरीश उप्रेती करन

लेखक


> एससीओ की बैठक में तीन वैश्विक ध्रुवों के नेताओं के बीच संवाद ने यह दिखा दिया कि भारत अब सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक निर्णायक कूटनीतिक खिलाड़ी है।

ट्रंप प्रशासन ने भारत को "टेरीफ किंग" तक कह डाला था और बार-बार यह जताया कि भारत एक कठिन व्यापार भागीदार है। अब जब अमेरिका भारत-चीन-रूस के समीकरण से चिंतित है, तो ट्रंप की "दोस्ती की पेशकश" एक रणनीतिक चाल से अधिक कुछ नहीं लगती। भारत की संतुलन नीतिः एक स्वतंत्र दृष्टिकोणः भारत की विदेश नीति पिछले एक दशक में स्पष्ट रूप से "गैर-पक्षपाती संतुलन" की दिशा में आगे बढ़ी है। भारत न तो अमेरिका के दबाव में है, न चीन की धौंस में। रूस के साथ रक्षा सहयोग, चीन के साथ आर्थिक बातचीत और अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी, भारत तीनों महाशक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बना रहा है।

एससीओ की बैठक में तीन वैश्विक ध्रुवों के नेताओं के बीच संवाद ने यह दिखा दिया कि भारत अब सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक निर्णायक कूटनीतिक खिलाड़ी है। ट्रंप द्वारा अचानक की गई "मोदी से बात" की पेशकश इस बात का संकेत है कि अमेरिका, खासकर ट्रंप जैसे नेता, भारत को खोना नहीं चाहते, लेकिन वे अब भी भारत को एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप की "मीठी बातें" भारत पर दबाव की पुरानी शैली को एक नए आवरण में प्रस्तुत करने का प्रयास भर हैं। ऐसे में भारत को चाहिए दूरदर्शिता और आत्मनिर्भर रणनीति अपनाए। भारत को ट्रंप के बयानों से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। इतिहास गवाह है कि अमेरिका ने जब-जब भारत को सहयोगी माना है, तब-तब उस सहयोग के पीछे स्वार्थ और रणनीति छुपी रही है। भारत को अपनी "स्वायत्त विदेश नीति" और आत्मनिर्भर व्यापार नीति के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए।

# जिंदगी की गणित और परिवार

गणित विषय में अध्ययन करते समय एक निश्चित फार्मूले के अनुसार उसका हल निकालना पड़ता है। फार्मूला गलत हुआ तो उत्तर सही नहीं आएगा। दो और दो जोड़ने पर चार ही उत्तर आएगा, कोई पांच का उत्तर लिखे तो वह गलत हो जाएगा। इसी तरह जिंदगी की भी गणित होती है। गणित विषय में जैसे अत्यंत सूक्ष्म दशमलव के हेर-फेर से उत्तर बदल जाता है, ठीक वैसे ही जिंदगी में छोटी-छोटी बातों से जीवन की दिशा बदल जाती है। हर इंसान आनंद एवं उल्लास चाहता है, लेकिन अधिकांश लोग जिंदगी में परेशानी का अनुभव करते हैं। परेशानी आ कहां से रही है, क्यों आनंद एवं उल्लासहीन जीवन है, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिंदगी में प्रसन्नता के लिए सबसे पहले परिवार नामक संस्था में एकरूपता तथा समभाव होना चाहिए। इसके बिना आनंद संभव नहीं है। परिवार के रिश्तों में एक-दूसरे के प्रति प्रेम एवं विश्वास का भाव होना चाहिए। घर के बड़े सदस्यों की जिम्मेदारी होती है कि वे घर के हर सदस्य के मनोभावों को समझें तथा उसके अनुरूप आचरण करें।



सलिल पांडेय

वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान भौतिक युग में पैसे की महत्ता बढ़ गई है। सुबह सो के उठने से लेकर रात बिस्तर पर सोने के लिए जाते समय तक अधिकाधिक पैसा कमाने की चाहत जिंदगी की गणित को दो और दो मिलकर पांच कर रहा है, जो पूरी तरह गलत है। इसके अलावा वर्तमान दौर में एंड्रॉयड फोन भी जिंदगी को स्मार्ट नहीं, बल्कि चिंताजनक बना रहा है। आंख खुलते ही मोबाइल पर नजर धंस जा रही है। स्थिति यह हो गई है कि घर हो या कोई भी स्थान हो, कुछ लोग बैठे हैं तो सभी मोबाइल में उलझे हैं। कोई किसी से बात नहीं कर पा रहा है।

सार्वजनिक स्थान पर जो आचरण अपनाते हैं, वह धीरे-धीरे स्वभाव बनता जा रहा है, जिसे सद्गुण नहीं कह सकते। परिवार अलग है और बाहरी दुनिया अलग है। इसमें अंतर करना पड़ेगा। घर के छोटी उम्र के बच्चों से घुलमिलकर बातचीत तथा हंसी-ठहाका लगाने की कोशिश करनी चाहिए न कि उन्हें मोबाइल पर कार्टून देखने के लिए छोड़ देना चाहिए। सुबह का उगता सूरज तथा शाम को ढलता सूरज अनोखी छटा छोड़ता है। इसे भी बीच-बीच में देखते रहना चाहिए। इससे केवल मानसिक नहीं शारीरिक स्वास्थ्य भी उत्तम होता है। इसी प्रकार आकाश में उगा पूर्णिमा का चांद एवं तारे आह्लादित करते हैं। परिवार में आनंद एवं आह्लाद के लिए आपसी संवाद, करेंट विषयों पर सकारात्मक चर्चा करनी चाहिए। घर के बड़े सदस्य अपने अनुभवों को भी साझा करें। साथ ही देश में हुए महान व्यक्तित्वों और उनके कार्यों को भी छोटे सदस्यों को बताना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों के ज्ञान में वृद्धि होगी, साथ सकारात्मक संस्कार का निर्माण भी होगा।

इन स्थितियों में यह नहीं कहना पड़ेगा कि आजकल के बच्चे माता-पिता और बड़ों की बात नहीं मानते। यदि घर का मुखिया इस तरह की बात कर रहा है तो उसे अपना भी दोष देखना चाहिए कि जब समय था तब परिवार को सुसंस्कृत नहीं किया। सफल परिवार के लिए जिस पारिवारिक गणित की जरूरत थी, उसे नहीं अपनाया, क्योंकि बच्चे-बड़ों का अनुकरण करते हैं। समय रहते सजग भाव से परिवार की गणित अपनाए रहना चाहिए, ऐसी स्थिति में कभी दो और दो-पांच नहीं होगा।

# शीतकाल के अस्तित्व पर संकट

मानसून की अवधि जहां लंबी हो चली है तो ऋतुओं के दिनों में 15 से 20 दिनों का अंतर भविष्य के खतरे की घंटी बजा रहा है। मध्य हिमालय इस परिवर्तन की सर्वाधिक जकड़ में है। पर्यटन के लिहाज से देश-दुनिया के लिए आदर्श माने जाने वाले उत्तराखंड में इस कदर मौसम चक्र गड़बड़ा रहा है कि अब शीतकाल के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छा गए हैं। मौसम के बदलते मिजाज को हमें दो तरीकों से समझना होगा। पहला, ऋतुओं की समयावधि अब निश्चित नहीं रही। मानसून और शीतकाल सर्वाधिक प्रभावित होने लगे हैं। मानसून लंबा और शीत ऋतु के दिन कम होने लगे हैं। जलवायु परिवर्तन इसकी मुख्य वजह है और मध्य हिमालय क्षेत्र सर्वाधिक इसकी जकड़ में है। दूसरा-शीत, बसंत, ग्रीष्म व शरद ऋतु को अतीत में मौसम की भिन्नता के हिसाब से विभाजित किया गया था, मगर ग्रीनहाउस गैसों की वृद्धि से जलवायु में आ रहे बदलाव ऋतुओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।


> मानसून तापमान में अधिकता के कारण लंबे समय यानी सितंबर के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय रहेगा। अब बड़ा सवाल यह भी है कि ऋतुओं में आ रहे परिवर्तन से शीतकाल खत्म ही न हो जाए। तापमान में बढ़ोतरी से इसकी समाप्ति की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।




अमित शर्मा

हल्द्वानी

दो दशक पहले तक जुलाई में मानसून में अधिक पानी बरसता था, जो आगे खिसककर अगस्त में अधिक पानी बरसाने लगा है। यह कहा जा सकता है कि मानसून के दिनों में महीनेभर का अंतर आ चुका है। अब संभावना है कि जुलाई की अपेक्षा अगस्त में अधिक पानी बरसेगा। साथ ही मानसून की विदाई का समय भी 15 से 20 दिन आगे खिसक चुका है। यानी सितंबर के शुरुआती चरण में विदा होने वाला मानसून सितंबर के दूसरे पखवाड़े के बाद ही लौट रहा है। मौसम के जानकार मानते हैं कि मानसून के दिन आगे खिसकने से शरद ऋतु के दिनों में अंतर आना स्वाभाविक है। शरद ऋतु के दिन अक्टूबर से दिसंबर तक जारी रह सकते हैं, जिस कारण शीतकाल में ठंड की आमद दिसंबर की जगह जनवरी से होगी और शीतकाल जल्द ही खत्म भी हो जाएगा। इसकी वजह वैश्विक तापमान में तेजी से वृद्धि है। यानी जनवरी का मौसम खासा ठंड रहेगा और फरवरी में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड तापमान बढ़ने की वजह से गर्म होने लगेगी, जिस कारण शीत के दिन सिमटकर लगभग डेढ़ माह रह जाएंगे और बसंत ऋतु समय से पहले गरमाने लगेगी, जिसके चलते मार्च से मई के बीच का तापमान तेजी से बढ़ेगा और मई का महीना वर्ष का सर्वाधिक गर्म रहेगा।

तापमान अधिक बढ़ने के साथ ही प्री मानसून शॉवर समय से पहले बरसने लगेंगे और मानसून भी जल्द दस्तक दे जाएगा। तापमान में अधिकता के कारण लंबे समय यानी सितंबर के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय रहेगा। अब बड़ा सवाल यह भी है कि ऋतुओं में आ रहे परिवर्तन से शीतकाल खत्म ही न हो जाए। तापमान में बढ़ोतरी से इसकी समाप्ति की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। जब ठंड ही नहीं रहेगी तो शीतकाल के मायने ही बदल जाएंगे। यूं भी डेढ़ से ढाई हजार मीटर की ऊंचाई पर तापमान बढ़ने से बर्फबारी का दौर छट चुका है। नैनीताल और मुक्तेश्वर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जहां बर्फ गिरनी लगभग समाप्त हो चुकी है। हां, यदि ला नीना असरकारक रहा, तभी बर्फबारी हो सकती है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज), नैनीताल के वरिष्ठ पर्यावरण व वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि से तापमान इस कदर बढ़ चला है कि जलवायु चक्र गड़बड़ाने लगा है। गर्मी का मौसम लंबा और सर्दी छोटी हो रही है। वायुमंडलीय पैटर्न बदलने से ऋतुओं की शुरुआत और अवधि में बदलाव आ रहा है। अलनीनो व ला नीना जल्द सक्रिय होने लगे हैं। वनों का दोहन, शहरीकरण का विस्तार और औद्योगिकरण के कारण पर्यावरण वैश्विक स्तर पर प्रभावित हो रहा है, जो मौसम और ऋतुओं के समय को बदल रहा है।

हिमाचल तक सिमटे पश्चिमी विक्षोभः वैश्विक तापमान का बड़ा असर शीतकाल में पानी बरसाने वाले बादल पश्चिमी विक्षोभ पर पड़ा है, जो समुद्र से उठते हैं और हिमाचल तक ही सक्रिय रह पाते हैं, जबकि ये उत्तराखंड तक पहुंचा करते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इनका उत्तराखंड तक नहीं पहुंचना बड़ी चिंता का विषय है, जो हमारे दैनिक, सामाजिक व कृषि कार्यों को बदल रहा है।

# गुणवत्ता सहयोग से आती है दबाव से नहीं

समाज और शासन की निगाह में शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोपरि है, इसमें कोई दो राय नहीं। सवाल यह है कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने का रास्ता क्या सिर्फ शिक्षक को लगातार दबाव और तनाव में रखने से ही निकलेगा? हालिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि न केवल नए शिक्षक ही नहीं, बल्कि वे भी, जो आरटीई लागू होने से पहले से सेवा में हैं, अब पदोन्नति या नौकरी बनाए रखने के लिए टीईटी पास करने की बाध्यता में आ गए हैं। जिनकी सेवा पांच साल से कम बची है, उन्हें अपवाद माना गया है, पर बाकी सभी को दो साल में परीक्षा पास करनी ही होगी अन्यथा सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति का सामना करना होगा।



प्रवीण त्रिवेदी

फतेहपुर

यहां मूल प्रश्न टीईटी का नहीं है। मूल प्रश्न यह है कि लगातार बदलते नियम, बार-बार की कानूनी व्याख्याएं और नई शर्तें शिक्षक को पढ़ाने से ज्यादा अपनी नौकरी बचाने की फिक्र में उलझा रही हैं।

वर्षों से सेवा कर रहे शिक्षकों को अचानक दो साल का अल्टीमेटम देकर परीक्षा पास करने के लिए मजबूर करना क्या उचित है? यह तो वही स्थिति हुई कि एक चिकित्सक, जिसने बीस साल तक मरीजों का सफल इलाज किया हो, उसे अचानक कह दिया जाए कि अब एक नई परीक्षा पास करो, अन्यथा तुम्हें अस्पताल से बाहर कर दिया जाएगा। शिक्षक पहले ही मर्जर, पेयरिंग, डेटा संग्रह, सर्वे और चुनाव ड्यूटी जैसे गैर-शैक्षिक बोझ से हलकान थे। अब उसके सिर पर यह तलवार भी लटकाई गई है कि दो साल में परीक्षा पास करो या बाहर निकलो। सवाल यह है कि क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस तरह से बढ़ेगी या शिक्षक का मानसिक संतुलन बिगड़ेगा? शिक्षक भी मनुष्य है, जिसका आत्मविश्वास और मानसिक शांति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही पूंजी बार-बार के फैसलों और कठोर नियमों से छीनी जा रही है।

यह प्रवृत्ति खतरनाक है, क्योंकि इससे शिक्षक अपने पेशे से मोहभंग का शिकार होगा और अंततः नुकसान बच्चों को ही उठाना पड़ेगा। इसलिए बहस अब केवल टीईटी पर नहीं रह गई है, बहस इस बात पर है कि शिक्षक का मनोबल बचाया जाए या तोड़ा जाए। समाज और शासन को यह समझना होगा कि दबाव से गुणवत्ता नहीं आती, गुणवत्ता आती है सहयोग, सम्मान और स्थिरता से।

# नेपाल संकट: सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़

नेपाल में काफी जद्दोजहद के बाद अंतरिम सरकार की मुखिया सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की को मनोनीत किया जा सका है। उम्मीद है कि वे अपने अनुभवों से नेपाल को नया जीवन दे पाने में कामयाब होंगी। सुशीला कार्की न्याय विद के साथ एक राजनीतिक परिवार से जुड़े रहने के नाते वे परिपक्व राजनीतिज्ञ भी हैं। इसकी झलक तब देखने को मिली जब जेन-जी के तरफ से उनका नाम फाइनल होने के बाद भी वे प्रधानमंत्री बनने को लेकर हड़बड़ी में नहीं दिखीं। प्रधानमंत्री पद की शपथ उन्होंने तभी ली जब राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को उनकी संसद विघटन की मांग को मानना पड़ा। सुशीला कार्की के इस बात के सभी कायल हुए कि यदि पुराने प्रतिनिधि सभा का ही नेतृत्व करना है तो भ्रष्टाचार, जिसके खिलाफ इतना बड़ा आंदोलन हुआ, उससे पार पाना संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वे एक भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व नहीं करना चाहेंगी। सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुवेदी का ताल्लुक नेपाली कांग्रेस से था, जिन्हें स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का नजदीकी माना जाता है।



यशोदा श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल सुशीला कार्की के पति का नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक होने की कोई छाप इन पर नहीं है और न ही नेपाली जहाज के अपहरण से भी इनका कोई लेना देना रहा। वे तब भी अपनी मर्जी की मुख्तार थीं और आज भी। बतौर न्यायाधीश उनके कई फैसले चर्चा में रहे, जिसमें नेपाली कांग्रेस के एक मुस्लिम नेता के खिलाफ फैसला राजनीतिक गलियारों में भूचाल जैसा था। उनकी जो कार्यशैली और दृढ़ इच्छा शक्ति है निःसंदेह नेपाल को उसका फायदा मिलेगा। यद्यपि है कि समय कम है, छः महीने बाद होने वाले चुनाव का परिदृश्य क्या होगा, इस पर कुछ भी कयासबाजी ठीक नहीं है। आगामी चुनाव को लेकर भारत विरोधी और भ्रष्टतम सरकार का नेतृत्व करने वाले केपी शर्मा ओली को सत्ता से उखाड़ फेंकने वाले जेन-जी के नौजवानों का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। वे अलग कोई राजनीतिक दल गठित करेंगे या मौजूदा किसी दल के साथ आएंगे, यह भी तय नहीं है। भविष्य के नेपाल में साफ-सुथरी सरकार के लिए उन युवाओं का राजनीतिकरण जरूरी है। बेहद कम समय में सुशीला कार्की के समक्ष नेपाल को फिर से सजाने संवारने की चुनौती भी है। आगजनी और तोड़-फोड़ में नेपाल को अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है। नेपाल को फिर से बनाने में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं है। इसके लिए कौन-कौन देश आगे आता है, यह काफी कुछ नई सरकार के विदेश नीति पर निर्भर करेगा। टूरिस्ट जो नेपाल के आर्थिक स्रोत का बड़ा जरिया है, उसे स्थापित करना भी बड़ी चुनौती है। जिस तरह नेपाल के ऐतिहासिक इमारतों को चुन-चुनकर फूंका गया है, वे सब सरकार की संपत्ति थी, उन्हें दुबारा उसके पुराने स्वरूप में ला पाना मुश्किल होगा।

सुशीला कार्की की जिद भ्रष्टाचार मुक्त नेपाल बनाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की भी है। नेपाल में अभी जितने भी राजनीतिक दल हैं, उसके सारे बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हैं, ऐसे में राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करना भी बड़ी चुनौती है। सुपुर्द-ए-खाक हुए नेपाल के दोषियों की शिनाख्त और उन्हें सजा देने के लिए चिन्हित करना भी चुनौती है, क्योंकि अभी तक इसकी जिम्मेदारी किसी ने ली नहीं है। जेन-जी आंदोलनकारियों का कहना है कि यह कृत्य नेपाल के दुश्मनों का है, जो उनके आंदोलन में घुस आए। यह तय कर पाना आसान नहीं है कि आखिर वे कौन लोग थे? जेन-जी समूह ने एक सही फैसला लिया, जो उन्होंने ईमानदार और निडर महिला न्यायविद को अंतरिम सरकार का मुखिया चुना। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश भी थीं और अब पहली महिला प्रधानमंत्री का खिताब भी उनके खाते में दर्ज हुआ। इधर जेन जी समूह में इस बात को लेकर वैचारिक मतभेद भी था कि अंतरिम सरकार का नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का हो या राज संस्था विचारधारा का? सुशीला कार्की की शिक्षा वाराणसी के बीएचयू में भी हुई है और ये भारत के प्रधानमंत्री को फालो करती हैं। जेन-जी समूह के 40 प्रतिशत से अधिक युवाओं की ये पहली पसंद थीं। नई सरकार को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं जैसे भारत के साथ संबंध। राजशाही के जमाने से ही नेपाल का भारत से उतार-चढ़ाव जैसा संबंध रहा है। लोकतंत्र बहाली के बाद ज्यादातर नेपाली सरकारें भारत से मतलब भर का संबंध रखती थीं। अभी-अभी तख्तापलट के शिकार हुए ओली की शिनाख्त कट्टर भारत विरोधी की रही है। उन्होंने नेपाल की जनता में भारत के खिलाफ जहर घोलने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सनातनी विचारधारा की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथ नई सरकार की कमान भारत के लिए सुखद संकेत है। इस बात की कामना की जानी चाहिए कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में नेपाल में लोकतंत्र मजबूत हो और वह फिर से उठा खड़ा होने में सक्षम हो।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

इंटरव्यू


# टाइप कास्टिंग से परेशान होकर थोक के भाव में छोड़नी पड़ीं फिल्में

किसी बहुमुखी अभिनेता के लिए टाइप कास्टिंग को लंबे समय तक झेलना आसान काम नहीं। एक ही तरह की फिल्में बार-बार ऑफर होने के बाद उनको छोड़ने के सिवा दूसरा कोई चारा नहीं बचता। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से निकलकर थियेटर के मंझे हुए एक्टर अश्वथ भट्ट ने जब बॉलीवुड में कदम रखा तो उनको यही सब झेलना पड़ा, जो आज तक जारी है। राजी, फैंटम, हैदर, सीता रामम जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब तारीफ हुई। इसी साल जॉन अब्राहम के साथ आई फिल्म डिप्लोमेट में पाकिस्तानी स्पाई एजेंसी आईएसआई अफसर का दमदार किरदार निभाया। मगर कसक यही कि पाकिस्तानी किरदारों को निभाने की छाप ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। बकौल अश्वथ भट्ट एक वक्त ऐसा भी आया जब टाइप कास्टिंग की वजह से बड़ी तादाद में फिल्मों के ऑफर तक ठुकरा दिए। पेश हैं अमृत विचार से खास बातचीत के कुछ अंश।

*–मोनिस खान*



अश्वथ ने जिन फिल्मों में काम किया उनमें ज्यादातर की कहानी सरहद पार जाने के सवाल पर उनका दर्द छलका और कहा कि एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने थोक के भाव में फिल्मों को छोड़ दिया, क्योंकि हमेशा एक तरह का काम देने की कोशिश की गई, जिसको टाइप कास्टिंग बोलते हैं। पूरे करियर में इस सब को अब तक फेस किया, मगर इसके बरअक्स बहुत सारी फिल्में की जिनमें अलग तरह का किरदार किया। एक फिल्म आने वाली है, मेड इन इंडिया, जिसमें वो तमिल ब्राह्मण का किरदार निभा रहे हैं। मंडली फिल्म में उन्होंने रामलीला में राम का किरदार निभाने वाले लड़के का रोल किया। मगर लोगों को वही दिखता है जैसी छाप बना दी गई। कोई बिहारी एक्टर से नहीं पूछेगा कि तुम फिल्मों में बिहारी क्यों बनते हो। मेरी फिल्मों को देखेंगे तो उनकी पृष्ठभूमि एक हो सकती, मगर जिन किरदारों को निभाया वो एक दूसरे से अलग हैं। खुद की पसंद यही है कि अलग-अलग किरदारों को करूं। मगर सबकुछ हमारे हाथ में भी नहीं होता है।



## छोटे शहरों को चाहिए रंगमंच के सुधीजन

रंगमंच को लेकर बेहद गंभीर अश्वथ छोटे शहरों में थियेटर को और बढ़ावा देने की हिमायत करते हैं। बरेली जैसे शहरों के अंदर रंगमंच कलाकारों के सामने आ रही चुनौतियों से निपटने और यहां थियेटर को आगे बढ़ाने के सवाल पर उनका जवाब है, थियेटर फेस्ट होना अच्छी बात है, मगर उससे ज्यादा जरूरी है कि नए कलाकारों के लिए कार्यशालाएं रखी जाएं। प्रशासन के सहयोग नाट्यशाला विकसित की जाएं। इस कला को स्कूलों के अंदर भी ले जाना होगा। सभी एक्टर बनें जरूरी नहीं, हमें डायरेक्टर, प्रोडक्शन टीम, राइटर, लाइटर डिजायनर और सबसे जरूरी सुधीजन भी चाहिए। लोगों को रंगमंच और सिनेमा में फर्क भी समझना होगा। हमें थियेटर की ऑडियंस विकसित करनी होगी, जो रंगमंच के संस्कार को भी समझे। इसके अलावा दुनिया के किसी भी कोने का थियेटर तभी आगे बढ़ सकता है जब जमीन पर काम हो। इसके लिए ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश में जितने भी बड़े एक्टर हैं वो ट्रेनिंग हासिल करके ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर, परेश रावल, ओमपुरी, सौरभ शुक्ला, पंकज त्रिपाठी इन सभी ने थियेटर से शुरुआत की।

न्यू रिलीज



## आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज

आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म 'मेरे रहो' 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म 'मेरे रहो' में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे कर रहे हैं। इस फिल्म निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म 'मेरे रहो' आमिर और मंसूर की 17 साल बाद एक साथ वापसी है, जो पहले 'जाने तू या जाने ना' जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं। फिल्म 'जाने तू या जाने ना' 2008 में रिलीज हुई थी।

## 'जो अजब है, वो गजब है' के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट, सिद्धू ने किया लॉन्च

नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन "दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग", उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है, जिन्हें समाज की सोच रोकती है। ये लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडियाज गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन "जो अजब है, वो गजब है" इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, "मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। ये कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं, बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं।" इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9 :30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

फिल्म समीक्षा

## मिराई 2025.. हिंदी डब (तेलुगु)

कार्तिक घट्टमेनी इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं और तेजा सज्जा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मैंने पहले कार्तिक की ईगल फिल्म देखी थी। आइडिया के स्तर पर, वह फिल्म अच्छी थी, लेकिन उसका क्रियान्वयन खराब था।




मिराई का कॉन्सेप्ट ठीक है और प्रस्तुति भी ठीक थी। कहानी में कुछ चीजें छूट गई हैं, लेकिन फिल्म के कुल मिलाकर अच्छे अनुभव से नजरअंदाज किया जा सकता है। दृश्यात्मक रूप से, फिल्म बहुत खूबसूरत है, कुछ दृश्यों में वीएफएक्स एआई का इस्तेमाल कमाल का था और ट्रेन वाले सीक्वेंस में क्लाइमेक्स थोड़ा कमजोर लगा। कम बजट में फिल्म ने जो गुणवत्ता दी है, वह वाकई बेहतरीन है। कार्तिक ने पिछली फिल्म के मुकाबले निर्देशन में काफी सुधार किया है। कुछ दृश्यों में बैकग्राउंड बनाने में थोड़ी कमी लगी और क्लाइमेक्स में दोनों किरदारों के हत्यारे को इस तरह मोड़ने का आइडिया पसंद आया कि सीक्वेंस प्रेडिक्टेबल न लगे। उन्हें किरदारों की गहराई और भावनाओं पर कड़ी मेहनत करनी चाहिए थी। फिल्म में भावनाएं बहुत कम हैं, जो भी थोड़ी-बहुत हैं, वे नायक की मां द्वारा रची गई हैं और मां का किरदार हमें बांध लेता है। संक्षेप में, कहानी कुछ इस प्रकार हैः सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद नौ धार्मिक ग्रंथ लिखे, उन ग्रंथों में शक्ति है और दुनियाभर में कुछ लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन ग्रंथों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह फिल्म एक्शन एडवेंचर शैली में बिल्कुल फिट बैठती है। फिल्म में कई अच्छी सकारात्मक बातें हैं, इसलिए आप इस फिल्म को उसके लिए देख सकते हैं।

**समीक्षक**–शिवकांत पालवे

## इंस्पेक्टर जेंडे




यह फिल्म सन उन्नीस सौ अस्सी के दशक मे मुंबई पुलिस के एक इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के जीवन के उस हिस्से की कहानी कहती है जब उसने वास्तव में कुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय अपराधी और हत्यारे चार्ल्स शोभराज को दो बार पकड़ा था। उस इंस्पेक्टर का रोल कर रहे हैं मनोज बाजपेई। दिल्ली की तिहाड़ जेल से वहां के सभी स्टाफ को उसके जन्मदिन पर खीर में नींद की दवा खिलाकर फरार हुए चार्ल्स को मुंबई में देखा गया था इसलिए वहां की डीजीपी (सचिन खेड़े) ने यह काम झेंडे को सौंपा था। यहां पर नेटफ्लिक्स के लिए फिल्म बनाने का काम सौंपा गया है निर्देशक चिन्मय मांडलकर को। यह पता नहीं कि फिल्म को कॉमेडी जॉनर में क्यों बनाया गया पर निर्देशक और सारे कलाकारों द्वारा यह निश्चित किया गया है कि किसी दर्शक को गलती से भी कभी हंसी न आ जाए।

यह मजाक किसके साथ हुआ? हमारे, आपके साथ या उस कुशल सचमुच का इंस्पेक्टर झेंडे के साथ? तो क्या 1980 में सारे पुलिस वाले यानी दिल्ली, मुंबई और गोवा के इतने बेवकूफ होते थे? मनोज बाजपेई अब भटकने लगे हैं। उनका कोई भी मुंह चाहे कितनी भी आंखे, होठ और मांसपेशियां फैला या सिकोड़ कर बनाया गया हो, किसी को भी हंसा नहीं पाया। यहां तक कि फाइट्स के दृश्यों में हंसाने की नाकाम कोशिश हुई।

मुझे सिर्फ चार्ल्स के रोल में जिम सरभ और झेंडे की पत्नी के रोल में गिरिजा ओक अच्छे लगे, क्योंकि उन्होंने निर्देशक के हंसाने के निर्देश को नहीं माना। इससे पहले इंस्पेक्टर झेंडे पर एक डॉक्यूमेंट्री 2023 में बनाई गई थी, उसकी आईएमडीबी रेटिंग लगभग 9 थी। फिर किस खुशी में इस फिल्म को बनाया गया? इस फिल्म को देखिए और मनोज बाजपेई के लिए प्रार्थना कीजिए कि वह हमें पहले वाला मनोज फिर से ला दें और ये निर्देशक महोदय फिर से अपना कोर्स पढ़ें।

**समीक्षक** –बृज राज नारायण सक्सेना

## 'द बैटल ऑफ शत्रुघाट' में नजर आएंगे गुरमीत चौधरी

जाने माने अभिनेता गुरमीत चौधरी फिल्म 'द बैटल ऑफ शत्रुघाट' में काम करते नजर आएंगे। फिल्म द बैटल ऑफ शत्रुघाट का निर्देशन शाहिद काजमी कर रहे हैं और इसे सज्जाद खाकी व शाहिद काजमी ने लिखा है। इसमें गुरमीत चौधरी, आरुषि निशंक और सिद्धार्थ निगम मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। गुरमीत चौधरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक शानदार पोस्टर साझा किया, जिसे देखकर फैन्स उत्साहित हो उठे। हर कोई इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के बारे में और जानने को बेताब है। फिल्म में मजबूत सह–कलाकारों की टोली भी है, जिसमें महेश मांजरेकर, रजा मुराद और जरीना वहाब शामिल हैं। शाहिद काजमी के निर्देशन और पीवाई मीडिया, हिल क्रेस्ट मोशन्स व शाहिद काजमी फिल्म्स के प्रोडक्शन में यह प्रोजेक्ट एक ऐसा सिनेमाई अनुभव बनने जा रहा है, जो ऐतिहासिक युद्ध को परदे पर जिंदा कर देगा। फिल्म की भव्यता में और इजाफा कर रहे हैं। दरशन भगवानदासस कामवाल, जो कॉस्ट्यूम और स्टाइलिंग की कमान संभाल रहे हैं। इससे दर्शकों को असली दौर की झलक और भव्य विजुअल्स देखने को मिलेंगे। द बैटल ऑफ शत्रुघाट फिलहाल शूटिंग फ्लोर पर है।



## सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती : सई मांजरेकर





अभिनेत्री सई मांजरेकर का कहना है कि उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है। सई मांजरेकर, जिन्होंने पहले ही बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है, अपनी प्राथमिकताओं को लेकर साफ हैं। उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है। सई ने कहा कि मेरा मानना है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती। असल मायने रखती है कहानी और उसका दर्शकों से जुड़ाव।

अभी मैं बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री पर ध्यान दे रही हूं, लेकिन आगे चलकर मैं एक अच्छी मराठी फिल्म जरूर करना चाहूंगी। जब तक स्क्रिप्ट रोमांचक हो और डायरेक्टर का विजन मजबूत हो, मैं किसी भी इंडस्ट्री को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हूं। सई मांजरेकर ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की तुलना करते हुए कहा कि दोनों जगह काम करने का मौका मिलने के बाद मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री की अपनी अलग पहचान और जादू है। बॉलीवुड में कहानियों को बड़े भावनात्मक अंदाज में दिखाया जाता है, जबकि साउथ में मैंने अनुशासन और कला के प्रति गहरा सम्मान देखा, जो मुझे बेहद पसंद आया। दोनों अनुभवों ने मुझे अलग-अलग तरह से गढ़ा है और मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि दोनों का हिस्सा हूं। मेरे लिए यह सफर दोनों की अच्छाइयों को अपनाने और हर प्रोजेक्ट के साथ आगे बढ़ने का है। सई मांजरेकर की सोच पर घर का भी असर रहा है। उनके पिता, मशहूर फिल्ममेकर और अभिनेता महेश मांजरेकर, आठ अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके हैं और उन्होंने सई को दिखाया कि अच्छी कहानियां सीमाओं को पार कर सकती हैं। उसी से प्रेरित होकर सई भी अपना एक ऐसा बहुभाषी सफर तय करना चाहती हैं, जिसमें मुख्यधारा का आकर्षण भी हो और दिल को छूने वाली कहानियां भी।

## कौन हैं करिश्मा जिन्होंने चलती ट्रेन से लगा दी छलांग

'रागनी एमएमएस रिटर्न्स' में लीड रोल में नजर आईं एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा के ट्रेन हादसे की खबर से हर कोई स्तब्ध है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी हेल्थ अपडेट दी है और दुआओं की गुजारिश की है।



### कैसे हुआ हादसा

करिश्मा शर्मा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए ट्रेन हादसे की खबर शेयर की है। उनकी मानें तो हादसा तब हुआ, जब वे एक शूट के लिए मुंबई लोकल से चर्चगेट जा रही थीं। उनकी दोस्त ट्रेन में सवार नहीं हो पाई थी, जिसकी वजह से वे घबरा गईं और उन्होंने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। वे अब अस्पताल में भर्ती हैं।

### बॉलीवुड का सफर

करिश्मा शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल हैं। वे 2013 से लगातार एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। उन्होंने 2014 में जी टीवी के पॉपुलर शो 'पवित्र रिश्ता' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस शो में उन्हें पिया अर्जुन किर्लोस्कर के रोल में देखा गया था। बाद में उन्होंने टीवी पर 'एमटीवी वेब्ड', 'प्यार तूने किया किया', 'ये है मोहब्बतें', 'सिलसिला प्यार का' जैसे फिक्शन और 'कॉमेडी सर्कस' और 'द कपिल शर्मा शो' ऐसे कॉमेडी शोज में भी काम किया।

### 2016 में किया था बॉलीवुड डेब्यू

करिश्मा शर्मा ने बॉलीवुड में कदम कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' से रखा था। इस फिल्म में उनका छोटा सा, लेकिन महत्वपूर्ण रोल था। इसके बाद वे 'होटल मिलन', 'उजड़ा चमन' और 'एक विलेन रिटर्न्स' जैसी फिल्मों में भी दिखाई दीं। यहां तक कि ऋतिक रोशन स्टारर 'सुपर 30' के गाने 'पैसा' में भी उनका कैमियो था। इसमें वे बार डांसर की भूमिका में दिखी थीं।

### ओटीटी पर मिली पहचान

करिश्मा शर्मा को असली पहचान ओटीटी पर आने के बाद मिली थी, जब उन्होंने ऑल्ट बालाजी की इरोटिक हॉरर वेब सीरीज 'रागिनी एमएमएस रिटर्न्स' में लीड रोल निभाया। एकता कपूर ने इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था और 2017 में यह रिलीज हुई थी। करिश्मा 'हम : आई एम बिकॉज ऑफ अस' और 'फिक्सर' जैसी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं।



### एक्ट्रेस बनने से पहले क्या करती थीं करिश्मा

करिश्मा शर्मा का जन्म मुंबई में हुआ। वे दिल्ली और पटना में रह चुकी हैं। उन्होंने बीएमडब्लू में मार्केटिंग इंटर्न के तौर काम किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने कई फैशन डिजाइनर्स के लिए रैम्प वॉक किया था। बताया जाता है कि करिश्मा सिंगर बनना चाहती थीं और कई सिंगिंग कम्पटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। वे गजेन्द्र वर्मा के 'तेरा घाटा' और जुबिन नौटियाल के 'बरसात की धुन' और 'दिल गलती कर बैठा है' जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी दिख चुकी हैं।

## दवा निर्माता उपभोक्ताओं को दें कटौती का लाभ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने को कहा है। प्राधिकरण ने कहा कि दवाएं बेचने वाले सभी निर्माता और विपणन कंपनियां दवाओं (चिकित्सा उपकरणों सहित) के मूल्य में संशोधन करेंगी। निर्माता और विपणन कंपनियां डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, राज्य औषधि नियंत्रकों व सरकार को जीएसटी दरों और मूल्य को दर्शाते हुए मूल्य या पूरक मूल्य सूची जारी करेंगी।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार,14 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क न लगाने का आग्रह

**नई दिल्ली।** खनन कंपनियों के संगठन एफआईएमआई ने सरकार से निम्न श्रेणी के लौह अयस्क पर कोई निर्यात शुल्क नहीं लगाने का अनुरोध किया है। संगठन ने कहा है कि किसी भी कदम से संसाधनों की बर्बादी होगी, खनन कार्य प्रभावित होगा, रोजगार में कमी आएगी और खदान स्थलों पर अनुपयोगी लौह अयस्क के भंडारण से पर्यावरण को नुकसान होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को हाल ही में लिखे पत्र में फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) ने कहा कि निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क के प्रभावी उपयोग और मुद्रीकरण तथा घरेलू इस्पात उद्योग के लिए लौह अयस्क की उपलब्धता बढ़ाने को हम अनुरोध करते हैं कि निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क के निर्यात पर कोई निर्यात शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

## छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि आकलन 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। आयकर विभाग ने एक्स पर कहा कि करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें अब तक छह करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) तक पहुंचने में मदद की है और यह संख्या अभी भी जारी है। आईटीआर फाइलिंग, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं के लिए करदाताओं की सहायता के लिए हेल्पडेस्क चौबीसों घंटे काम कर रहा है, और विभाग अन्य माध्यम से भी सहायता प्रदान कर रहा है।

## बिरला कॉरपोरेशन के प्रस्ताव पर कोर्ट की रोक

**कोलकाता।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कहा कि कोलकाता की अदालत ने एकपक्षीय आदेश पारित करते हुए कंपनी को अपनी आगामी 105वीं वार्षिक आम बैठक में 'ऑर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' से संबंधित प्रस्ताव पर मतदान से रोक दिया है। एजीएम 15 सितंबर को होने वाली है। 'ऑर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो किसी कंपनी के आंतरिक संचालन, नियमों और विनियमों को परिभाषित करता है। इसमें निदेशकों की जिम्मेदारियां, वित्तीय रिकॉर्ड का प्रबंधन और शेयरधारकों के अधिकार शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि 11 सितंबर का यह आदेश पांच शेयरधारकों द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में आया।

# घर खरीदारों के हितों की रक्षा करें केंद्र

## उच्चतम न्यायालय ने कहा- आवासीय परियोजनाओं के लिए पुनरुद्धार कोष पर करें विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए संकटग्रस्त परियोजनाओं के लिए एक पुनरुद्धार कोष बनाने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने कर देने वाले मध्यम वर्ग के नागरिकों की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें से कई के लिए घर का समान अधूरा रह गया है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्य का संवैधानिक दायित्व है कि वह एक ऐसा ढांचा बनाए और उसे सख्ती से लागू करे जहां किसी भी डेवलपर को घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी या शोषण करने की अनुमति न हो। पीठ ने कहा कि देश की शहरी नीति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवासीय परियोजनाएं समय पर पूरी हों। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह जरूरी है कि रेरा प्राधिकरण 'दंतविहीन बाघ' न बन जाएं और उन्हें पर्याप्त बुनियादी ढांचे, सशक्त न्यायाधिकरणों और प्रभावी प्रवर्तन तंत्रों से लैस किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रेरा के आदेशों को अक्षरशः और शीघ्रता से लागू करना चाहिए। यह टिप्पणी करते हुए कि सरकार 'मूक दर्शक' बनी नहीं रह सकती, पीठ ने कहा कि सरकार संवैधानिक रूप से घर खरीदारों और समग्र अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है।



- न्यायालय ने कहा- सरकार ऐसा ढांचा बनाए, जिससे डेवलपर को खरीदारों से धोखाधड़ी या शोषण करने की अनुमति न हो

### निकाय की स्थापना पर भी करें विचार

पीठ ने कहा कि केंद्र राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) या अन्य की तर्ज पर रियल एस्टेट और निर्माण केंद्रित सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से एक निकाय की स्थापना पर भी विचार कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि कुछ मामलों में पूरा या पर्याप्त भुगतान करने के बावजूद निर्माण शुरू भी नहीं हुआ है और भारी भरकम भुगतान करने के बावजूद घर न होने की चिंता स्वास्थ्य, उत्पादकता और सम्मान पर गंभीर असर डालती है।

### तीन महीने में एक समिति गठित करें

उच्चतम न्यायायाल की दो न्यायाधीशों वाली पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार सीआईआरपी (कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया) से गुजर रही संकटग्रस्त परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए एनएआरसीएल के तहत एक पुनरुद्धार कोष स्थापित करने पर भी विचार कर सकती है। न्यायालय ने राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रेरा प्राधिकरणों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा, विशेषज्ञ और संसाधन हों। पीठ ने कहा कि तीन महीने के भीतर उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जानी चाहिए, जिसमें कानून, आवास मंत्रालय और रियल एस्टेट तथा वित्त के क्षेत्र विशेषज्ञ शामिल हों। यह समिति रियल एस्टेट क्षेत्र में स्वच्छता और विश्वसनीयता लाने के लिए सुझाव देगी।

## मुख्य मुद्रास्फीति 3.2% रहने का अनुमानः क्रिसिल

**कोलकाता।** शोध एवं रेटिंग फर्म क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति 3.2% रहने का अनुमान है, जो कि इसके पहले के अनुमान 3.5% से कम है। अपनी नवीनतम रिपोर्ट में क्रिसिल ने कहा कि यह नरमी चालू वित्त वर्ष के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में 1.4% की गिरावट को दर्शाती है, जिससे मौद्रिक ढील के लिए गुंजाइश बनने की संभावना बढ़ जाती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई इस वर्ष ब्याज दरों में 2.5% की कटौती कर सकता है। क्रिसिल के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बढ़ने के साथ ही कम मुद्रास्फीति और घटी हुई ब्याज दरों से अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग में वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि खरीफ सीजन के दौरान अत्यधिक बारिश एक जोखिम है, क्योंकि इससे पंजाब जैसे प्रमुख बागवानी और खाद्यान्न उत्पादक क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। खाद्य मुद्रास्फीति निचले स्तर से बढ़ने लगी है, लेकिन अभी भी मुख्य मुद्रास्फीति से पीछे है।

# पीएसयू बैंक विकसित भारत 2047 में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अस्तित्व और स्थिरता के दौर से आगे बढ़ चुके हैं और अब 'विकसित भारत 2047' की यात्रा में वृद्धि, नवाचार और नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हैं। नागराजू ने शनिवार को संपन्न हुए दो दिवसीय पीएसबी मंथन को संबोधित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की आकांक्षा रखने को कहा।

उन्होंने शासन और परिचालन लचीलेपन को मजबूत करने तथा पारंपरिक और उभरते उद्योगों में अपनी भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की ओर से आयोजित 'पीएसबी मंथन 2025' का विषय - विकसित भारत के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की पुनर्कल्पना था। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, नियामक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद, प्रौद्योगिकीविद् और बैंकिंग व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राहक अनुभव, शासन, नवाचार, ऋण वृद्धि, जोखिम प्रबंधन और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण पर चर्चा हुई।



- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने उभरते उद्योगों में भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रमुख सुझावों में अगली पीढ़ी की तकनीकों को अपनाना, साझा बुनियादी ढांचा बनाना और व्यक्तिगत उत्पादों को तैयार करना शामिल था।

# भारत, यूरोपीय संघ जल्द ही व्यापार समझौते पर काम करने को प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं।

यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक और यूरोपीय कृषि आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने यहां आए थे। दोनों पक्षों के आधिकारिक दलों ने 13वें दौर की वार्ता की। गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के 13वें दौर की बातचीत के लिए आपकी मेजबानी करके हमें खुशी हुई। हम जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि दोनों पक्षों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हों। आपकी यात्रा के लिए धन्यवाद।

वहीं 13वें दौर की वार्ता से एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के कृषि एवं खाद्य आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन और व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफ्कोविक के साथ-साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के अन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह मुलाकात एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्रता से संपन्न करने के प्रयासों के तहत हुई।



- दोनों पक्षों के आधिकारिक दलों ने की 13वें दौर की वार्ता

# शिकागो एक्सचेंज में मजबूती से तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

शिकागो एक्सचेंज में शुक्रवार की रात 1.25% का सुधार रहने के कारण घरेलू बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर अनुकूल असर दिखा और इनके दाम मजबूत बंद हुए।

वहीं सहकारी संस्था नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। निर्यात की कमजोर मांग के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित बंद हुए।

बाजार सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश की मंडियों में सोयाबीन के नये फसल की छिटपुट आवक शुरु हो गई है और इसमें अभी 20-25 प्रतिशत नमी होने की शिकायत मिल रही है। उल्लेखनीय है कि इस नयी सोयाबीन फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,328 रुपये क्विंटल है। पुराने कम एमएसपी वाले सोयाबीन को खपने में मुश्किलें आ रही हैं और इससे अधिक एमएसपी वाला सोयाबीन कैसे खपने का रास्ता बनेगा, इस पर ध्यान देने की जरुरत है।



- नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई, निर्यात की कमजोर मांग से मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित

### देशी बाजारों में तेजी का घरेलू बाजार पर असर नहीं

उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार की ओर से सहकारी संस्था नेफेड, हाजिर दाम से काफी नीचे दाम यानी 4,300 रुपये क्विंटल पर सोयाबीन तिलहन बेच रही है। इन स्थितियों के बीच सोयाबीन प्लांट वालों और किसानों में घबराहट है। सूत्रों ने कहा कि त्योहारों की मांग होने से भी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार है। पर विदेशी बाजारों में जिस तरह से तेजी है, उतना असर घरेलू बाजार में नहीं है। सरसों के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की चीन से अच्छी मांग है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम में पहली रेलवे लाइन और विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की

# रेलवे नेटवर्क के साथ एकीकृत हुआ मिजोरम

आइजोल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम में बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन समेत 9,000 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की, जिसके साथ ही राज्य अब देश के रेलवे नेटवर्क के साथ पूरी तरह से एकीकृत हो गया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्वोत्तर राज्य की दूसरी यात्रा के दौरान, मोदी ने आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और रेल, राजमार्ग, ऊर्जा व खेल बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की।

मोदी ने आइजोल से 37 किमी दूर लेंगपुई हवाई अड्डे से परियोजनाओं की शुरुआत की, क्योंकि भारी बारिश से उनका हेलीकॉप्टर शहर के मध्य में स्थित लामुअल ग्राउंड के लिए उड़ान नहीं भर सका, जहां से उन्हें राष्ट्र को विभिन्न पहल समर्पित करनी थीं और एक जनसभा को संबोधित करना था। एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मिजोरम में 9,000 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने 8,070 करोड़ की लागत वाली बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जिसके तहत राज्य की राजधानी आइजोल को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा गया। चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में बनी इस रेलवे लाइन के लिए जटिल भूगर्भीय परिस्थितियों में 45 सुरंगें बनाई गई हैं।

मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह, मुख्यमंत्री लालदुहोमा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव लामुअल मैदान में मौजूद थे। 51.38 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन परियोजना केंद्र की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण मानी जाने वाली बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन को 2008-09 में मंजूरी दी गई थी और इसका निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इस लाइन में 45 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल शामिल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सैरंग के पास स्थित पुल 114 मीटर ऊंचा है, जो कुतुब मीनार से ज्यादा है। यह देश का खंभों वाला सबसे ऊंचा पुल है। इस रेल मार्ग में पांच सड़क ओवरब्रिज और छह अंडरपास हैं। इस रेल मार्ग पर बैराबी के अलावा चार मुख्य स्टेशन- होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग पड़ते हैं। मिजोरम और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधे रेल संपर्क से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, कुशल व किफायती यात्रा विकल्प मिलेगा।



### पूर्वोत्तर में 77,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं हो रहीं क्रियान्वित

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में 77,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी से मिजोरम में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के उत्पादों के लिए नए बाजार खोजने में मदद मिलेगी। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास प्रधानमंत्री की एक्ट ईस्ट नीति का परिणाम है...2014 से पहले, पूर्वोत्तर के लिए रेलवे का बजट 2,000 करोड़ रुपये हुआ करता था, और प्रधानमंत्री ने इसे पांच गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने जब एक्ट ईस्ट नीति शुरू की तब पूर्वोत्तर का विकास शुरू हुआ। इससे पहले यह केवल लुक ईस्ट नीति थी। प्रधानमंत्री द्वारा बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन करने के बाद वैष्णव ने कहा कि मिजोरम की राजधानी को रेलवे से जोड़ा गया है और यह एक ऐतिहासिक दिन है।

# मोदी की मां का अपमान करने वालों को सबक सिखाएगी जनता : जेपी नड्डा

पटना, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां का बार-बार अपमान करना कांग्रेस की घृणित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को जनता से करारा जवाब मिलेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा पटना के समारोह में विपक्ष को गैर-जिम्मेदार और सत्ता का भूखा करार दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों में असंगतता का आरोप लगाया। नड्डा ने पिछले महीने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में हुई घटना और विपक्षी दल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एआई-जनरेटेड वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि मोदी की दिवंगत मां को किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा अपशब्द कहे गए। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस का नया वीडियो इस बात की पुष्टि करता है कि उनकी मानसिकता कितनी गंदी है। नड्डा ने कहा कि विपक्ष को जनता से करारा जवाब मिलेगा।

उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की और कहा कि महाराष्ट्र के बारे में उनके आरोप कभी भी एक जैसे नहीं रहे हैं। कभी वह (राहुल गांधी) आरोप लगाते हैं कि विधानसभा चुनावों से पहले 70 लाख मतदाता जोड़े गए थे, तो कभी वह यह संख्या एक करोड़ बताते हैं। वह 2005 तक राज्य में व्याप्त अराजकता के 'प्रत्यक्षदर्शी' रहे हैं।



### अनुराग ने कांग्रेस व राजद पर साधा निशाना

पुणे। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां का एआई जनित वीडियो प्रसारित करके निम्न स्तर की राजनीति का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस की बिहार इकाई ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें हिंदी में लिखा था, साहब के सपनों में आई मां। ठाकुर प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाने के लिए पुणे में थे।

# बादल फटने से वाहन मलबे में दबे, खेतों को भारी क्षति

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में शनिवार तड़के बादल फटने से कई वाहन मलबे में दब गए और फसलें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों के मुताबिक बादल फटने की घटना तड़के तीन बजे नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के नम्होल क्षेत्र के गुटराहन गांव में हुई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

स्थानीय निवासी कश्मीर सिंह ने बताया कि पानी के तेज बहाव से मलबा खेतों में जमा हो गया और फसलें नष्ट हो गईं। कई वाहन मलबे में दब गए। बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि चार वाहन मलबे में दब गए। फसल क्षति का आकलन हो रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद राहत प्रदान की जाएगी।



- बिलासपुर जिले में तड़के तीन बजे नैना देवी विस क्षेत्र में हुई घटना

घटना की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग ने जल्द यातायात बहाल करने के लिए मलबा हटाना शुरू कर दिया है। चंबा जिले के भटियात क्षेत्र के ममल और कमलारी गांवों में पानी और मलबे से घरों को नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। शिमला में कोहरे से दृश्यता कम रह गई, जिससे वाहन चालकों को असुविधा हुई।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

## सोनम ने आरोपपत्र में 'खामी' होने का किया दावा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून मनाने गये राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी ने जमानत याचिका दायर की है। सोहरा उप-मंडल के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सोनम की याचिका पर सुनवाई 17 सितंबर को करना निर्धारित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक तुषार चंद्रा ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने मामले के रिकॉर्ड की जांच के लिए समय मांगा। सोनम के वकील ने इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या में दाखिल आरोपपत्र में 'खामी होने' का दावा किया है। सोहरा के वेइसाडोंग के पास पार्किंग में तीन लोगों ने राजा की हत्या कर दी थी। राजा सोनम के साथ हनीमून मनाने मेघालय आया था।

# कर्नाटक : हासन दुर्घटना में मृतक संख्या बढ़कर नौ हुई, प्रधानमंत्री ने जताया शोक

कर्नाटक, एजेंसी

कर्नाटक के हासन जिले के एक गांव में गणेश विसर्जन यात्रा में एक ट्रक के घुस जाने से हुई दुर्घटना में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर नौ हो गई। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए शोक व्यक्त किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार की रात अरकलागुडु तालुक के मोसाले होसाहल्ली गांव में गणेश मूर्ति के विसर्जन यात्रा के दौरान हुआ था। एक मोटरसाइकिल सवार अचानक ट्रक के सामने आ गया। दुर्घटना से बचने के लिए, चालक ने ट्रक को मोड़ने की कोशिश की और इस दौरान वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक ने ट्रक को भीड़ में घुसा दिया, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य ने शुक्रवार रात अस्पताल में दम तोड़ दिया। शनिवार को एक और घायल की अस्पताल में मौत हो जाने से मृतक संख्या बढ़कर नौ हो गई। वहीं कुछ अन्य घायल लोगों को इलाज चल रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

### हासन में हुई दुर्घटना हृदय विदारक : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई कई लोगों की मौत पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि यह एक हृदय विदारक हादसा है। शुक्रवार रात हासन जिले के एक गांव में एक ट्रक के गणेश विसर्जन यात्रा में घुस जाने से आठ लोगों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा घायल हो गए। घायलों में कम से कम आठ लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "कर्नाटक के हासन में हुआ हादसा हृदय विदारक है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की आशा करता हूं।" उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

# भारत-पाकिस्तान मैच राष्ट्रीय भावनाओं का अपमान : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना राष्ट्रीय भावना का अपमान है क्योंकि भारतीय सैनिक सीमा पर अपनी जान कुर्बान कर रहे हैं। उन्होंने पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

उद्धव ने मुंबई में कहा कि एशिया कप में रविवार को दोनों देशों के बीच होने वाले मैच का बहिष्कार दुनिया को आतंकवाद पर हमारे रुख से अवगत कराने का एक अवसर है। यह मैच राष्ट्रीय भावनाओं का अपमान है। उद्धव ने पूछा कि क्या हमें पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना चाहिए जबकि हमारे सैनिक सीमा पर जान कुर्बान कर रहे हैं? उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए मैच को देशभक्ति का मजाक करार दिया। उद्धव ने अपने आवास 'मातोश्री' में बाल ठाकरे और पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद की मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पिता ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान से आतंकी गतिविधियां जारी रहेंगी, तब तक कोई मैच नहीं होगा।



- शिवसेना (उबाठा) प्रमुख ने की महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा

## बीच पर सफाई अभियान



मुंबई में शनिवार को दादर बीच पर युवा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए, जो बीच प्लीज नामक एक युवा समुदाय द्वारा संचालित किया जाता है। यह समुदाय दादर बीच, मीठी नदी बेसिन, और नवी मुंबई के मैंग्रोव जंगलों में सफाई अभियान चलाता है। एजेंसी

# चर्चा में लबूबू डॉल

लबूबू डॉल इस समय काफी चर्चा में है, खासकर बॉलीवुड और सोशल मीडिया पर। यह डॉल एक फैशन स्टेटमेंट बन चुकी है, जिसे कई सेलेब्स जैसे अनन्या पांडे, उर्वशी रौतेला और भारती सिंह ने फ्लॉन्ट किया है। अजीब और डरावनी दिखने वाली गुड़िया की बड़ी-बड़ी आंखें, शैतान की तरह नुकीले दांत और शैतानी मुस्कान वाली लाबूबू डॉल इतने ट्रेंड में है कि इसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच चुकी है। लोग इसे चाबी के छल्ले से लेकर बैग तक में की-चेन की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, लाबूबू एक काल्पनिक कैरेक्टर है, जिसे साल 2015 में हांगकांग के आर्टिस्ट 'कासिंग लुंग' ने बनाया था। ये नॉर्डिक परियों की कहानियों से प्रेरित है। इसका लुक जितना डरावना है, उतना ही प्यारा और स्टाइलिश भी माना जाता है और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।



### इसलिए खरीद रहे हैं लोग

- लाबुबू डॉल दिखने में यूनिक और अजीब तरह से प्यारी है। लिमिटेड एडिशन होने से इसकी वैल्यू और बढ़ जाती है।
- के-पॉप स्टार लीसा (ब्लैकपिंक) ने भी सोशल मीडिया पर लाबुबू डॉल के साथ फोटो शेयर की थी, जिसके बाद अब तक कई बड़े इंटरनेशनल सेलेब्रिटीज इस ट्रेंड का हिस्सा बन चुके हैं।
- रिहाना से लेकर दुआ लीपा और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे तक इस डॉल के साथ नजर आ चुकी हैं। ऐसे में लाबुबू डॉल नया फैशन ट्रेंड बन चुका है।

### चीन की कंपनी पॉप मार्ट ने मशहूर किया

- लाबूबू को चीन की कंपनी पॉप मार्ट ने मशहूर किया। साल 2019 में कंपनी ने इसे 'ब्लाइंड बॉक्स' फॉर्मेट में बेचना शुरू किया। यानी इसे एक बॉक्स में बेचा जाता है लेकिन बॉक्स के अंदर कौन-सी डॉल निकलेगी, ये पता नहीं होता है. ऐसे में लोग इसे लकी ड्रॉ की तरह खरीद रहे हैं। जब तक उन्हें अपनी पसंद का लबूबू न मिल जाए, वो इस ब्लाइंड बॉक्स को बार-बार खरीदते हैं। बॉक्स खोलने का एक्साइटमेंट और फिर उसमें से एक खास या लिमिटेड एडिशन डॉल निकलने की खुशी, इसी के चलते धीरे-धीरे लाबुबू डॉल की पॉपुलैरिटी इतनी बढ़ गई।

### कुछ सितारों ने बताएं बेहद खराब अनुभव

अर्चना गौतम ने एक डरावना किस्सा शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एक दोस्त के लबूबू डॉल लाने के बाद उसके पापा की मृत्यु हो गई और शादी टूट गई। उन्होंने लोगों को यह डॉल न खरीदने की सलाह दी है। कॉमेडियन भारती सिंह ने अपने बेटे गोला के व्यवहार में बदलाव के कारण लबूबू डॉल को जलाकर नष्ट कर दिया था। उनका कहना है कि डॉल के आने के बाद उनका बेटा ज्यादा शरारती हो गया था। बाद में उन्हें राज कुंद्रा से एक और लबूबू डॉल मिली, जिसे उन्होंने दफनाने का फैसला किया।

### क्रेज इतना की आसमान छू रहे दाम

हाल ही में बीजिंग में एक 131 सेंटीमीटर ऊंची लाबूबू डॉल की नीलामी 1.08 मिलियन युआन यानी करीब 1.2 करोड़ रुपये में हुई। इसके छोटे वर्जन भी लाखों में बिक रहे हैं। अब तो आधे से ज्यादा एक्टर्स भी अपने बैग पर डॉल को कीचेन की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडीयो वायरल हो रहे हैं जिसमें अभिभावक को इस गुड़िया से बच्चों को दूर रखने की सलाह दी जा रही है। क्योंकि कई लोग इसके शैतानी होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि हम नहीं करते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप

**मॉस्को।** रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार तड़के 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूविज्ञान सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 111.7 किलोमीटर पूर्व में और जमीन में 39 किलोमीटर की गहराई पर था। किसी तरह के जान माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशांत सुनामी चेतावनी प्रणाली ने संक्षेप में कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा है, लेकिन बाद में अपनी वेबसाइट से इस खतरे को हटा दिया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में समुद्र के स्तर में मामूली बदलाव के बारे में चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसका मतलब है कि नुकसान की संभावना बहुत कम है।

### खैबरपख्तूनख्वा में 35 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि दोनों अभियानों में आतंकवादियों से लड़ाई में 12 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। आईएसपीआर के मुताबिक, ये अभियान पिछले चार दिन में चलाए गए। उसने बताया कि सुरक्षा बलों ने बाजौर जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया और भीषण मुठभेड़ में टीटीपी के 22 आतंकवादी मारे गए।

### डलास में होगा भारतीय व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के होटल मैनेजर चंद्रमौली बॉब नागमलैय्या का अंतिम संस्कार उनका परिवार टेक्सास के फ्लावर माउंड स्थित फ्लावर माउंड फैमिली फ्यूनरल होम में करेगा। चंद्रमौली "बॉब" नागमलैय्या की अमेरिका के डलास में इस सप्ताह हत्या कर दी गई थी। चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की हत्या उसके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज (37) ने चाकू से हमला करके की थी। नागमलैय्या पर हमले की गवाह उनकी पत्नी निशा और 18 वर्षीय बेटे गौरव की मदद के लिए शुरू किए गए चंदा अभियान के तहत करीब दो लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि एकत्र हो चुकी है। इस धनराशि का उपयोग नागमलैय्या के अंतिम संस्कार और गौरव की कॉलेज की पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए किया जाएगा।

# नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य

## दुकानें और शॉपिंग मॉल खुले, राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा- अगले साल 5 मार्च को होगा संसदीय चुनाव

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू व प्रतिबंधात्मक आदेशों को शनिवार को हटा लिया गया, जिसके बाद दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। नेपाली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार को कोई प्रतिबंधात्मक आदेश या कर्फ्यू लागू नहीं है। वहीं नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को होगा। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के कार्यालय ने यह घोषणा की।

कई दिन तक बंद रहने के बाद दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल फिर से खुल गए तथा सड़कों पर आवाजाही फिर से शुरू हो गई। कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिनमें प्रमुख सरकारी इमारतें भी शामिल हैं। हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने इन इमारतों में तोड़फोड़ की थी और आग लगा दी थी। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी। इसके विरोध में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के प्रधानमंत्री कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री ओली ने इस्तीफा दे दिया था। आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को शुरू हुए 'जेन जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों में एक भारतीय नागरिक समेत कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है।



अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की काठमांडू के टुडीखेल स्थित ट्रॉमा सेंटर में प्रदर्शनों के पीड़ितों से मिलने पहुंचीं।

### देश में राजनीतिक अनिश्चितता का दौर हुआ समाप्त

काठमांडू। देश में एक सप्ताह तक चले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद अगले साल 5 मार्च को चुनाव कराने का फैसला लिया गया। विरोध प्रदर्शनों के कारण केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त की गईं। पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की (73) ने शुक्रवार रात देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही, देश में राजनीतिक अनिश्चितता का दौर समाप्त हो गया। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच, इस सप्ताह ओली के अचानक इस्तीफे के बाद यह स्थिति पैदा हुई थी।

### नेपाल के दलों और वकीलों ने संसद भंग करने को असंवैधानिक और मनमाना बताया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों और वकीलों के शीर्ष निकाय ने राष्ट्रपति के संसद भंग करने के फैसले की कड़ी आलोचना की और इस कदम को असंवैधानिक, मनमाना तथा लोकतंत्र के लिए एक गंभीर झटका बताया है। यह आलोचना शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक में प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफारिश किए जाने और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा इसे तुरंत मंजूरी दिए जाने के बाद आई। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार, प्रतिनिधि सभा 12 सितंबर, 2025 की रात 11 बजे से भंग हो गई है। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने नए संसदीय चुनाव कराने की तारीख 21 मार्च, 2026 तय की है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने संसद भंग करने के इस कदम की निंदा की है। इस कदम को अस्वीकार करते हुए, देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, नेपाली कांग्रेस ने चेतावनी दी कि संविधान का उल्लंघन करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य होगी। एक समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में यह निष्कर्ष निकला कि संसद भंग करने के फैसले ने देश की लोकतांत्रिक उपलब्धियों को खतरे में डाल दिया है। नेपाली कांग्रेस के महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने कहा कि संविधान का कोई भी उल्लंघन गंभीर सवाल खड़े करता है। सीपीएन-यूएमएल के महासचिव शंकर पोखरेल ने इस कदम को चिंताजनक बताया। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेता के हवाले से समाचार पोर्टल ने कहा, अतीत में, संसद को भंग करने के अधिकतर सरकारों के प्रयासों को असंवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। विडंबना यह है कि वही आवाजें अब संसद को भंग करने का समर्थन कर रही हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए। सीपीएन (माओवादी केंद्र) ने भी प्रतिनिधि सभा को भंग करने के फैसले पर असहमति व्यक्त की।

# प्रधानमंत्री के रूप में कार्की की नियुक्ति महिला सशक्तिकरण का शानदार उदाहरण : मोदी

**इंफाल, एजेंसी**

- बोले-- नेपाल में सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को पदभार संभालने पर बधाई दी और उनकी नियुक्ति को महिला सशक्तीकरण का एक शानदार उदाहरण बताया। मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल साझा इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े घनिष्ठ मित्र रहे हैं तथा नई दिल्ली वहां सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से कार्की को बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि वह नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की शुक्रवार रात देश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। मोदी ने कहा, कार्की का उस देश के शीर्ष पद पर आसीन होना महिला सशक्तीकरण का एक उदाहरण है। कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने से कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता समाप्त हो गई। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण देशव्यापी आंदोलन के चलते केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। कार्की को



अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले युवा प्रदर्शनकारियों की एक बैठक के बाद चुना गया था। मोदी ने नेपाल के लोगों की भी सराहना की और उल्लेख किया कि पिछले कुछ दिनों में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, कैसे नागरिक, खासकर युवक और महिलाएं, इमारतों की सफाई और रंग-रोगन में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं नेपाल के लोगों को भी बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इतने अशांत समय के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा है। मोदी ने कहा कि दोनों देश एक साथ आगे बढ़ रहे हैं तथा नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा और स्थिरता की आकांक्षा का समर्थन करने के लिए नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई।

# नाटो देशों से रूसी तेल खरीद बंद करने की अपील चीन पर 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

- ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, यदि सभी सहमत हो तो

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देशों को यूक्रेन संघर्ष खत्म करने में मदद के लिए चीन पर 50 से 100% शुल्क लगाना चाहिए और रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए। इससे एक दिन पहले अमेरिका ने जी-7 देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने का अनुरोध किया था।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बर्शते सभी नाटो देश सहमत हो जाएं और ऐसा ही करना शुरू कर दें तथा मास्को से तेल खरीदना बंद कर दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जीत के लिए नाटो की प्रतिबद्धता



100 प्रतिशत से बहुत कम रही है, और कुछ लोगों द्वारा रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा, यह रूस के साथ आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाजी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है। कहा कि जब नाटो देश सहमत होंगे, तो वह आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने से इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को खत्म करने में बहुत मदद मिलेगी। चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण व पकड़ है, और ये शक्तिशाली शुल्क उस पकड़ को तोड़ देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध उनका संघर्ष नहीं है और अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होता।

यह बाइडेन और जेलेंस्की का युद्ध है। मैं यहां केवल इसे रोकने और हजारों रूसी और यूक्रेनी लोगों की जान बचाने के लिए हूं... अगर नाटो मेरे कहे अनुसार करता है, तो युद्ध जल्दी खत्म हो जाएगा और जानें भी बच जाएगी! अगर नहीं, तो आप मेरा और अमेरिका का समय, ऊर्जा और पैसा बर्बाद कर रहे हैं।

## भारतीय मूल के व्यक्ति को मां की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास

**लंदन।** इंग्लैंड के बर्मिंघम स्थित घर में अपनी मां की हत्या करने वाले 39 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत के फैसले में कहा गया कि दोषी को पहले कम से कम 15 साल जेल में बिताने होंगे और इसके बाद ही उसे पैरोल दिए जाने पर विचार किया जाएगा। दोषी सुरजीत ने अपनी 76 वर्षीय मां मोहिंदर कौर की हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया था। पिछले वर्ष सितंबर में कई बार वार किए जाने से लगी चोट के कारण कौर की मौत हो गई थी। बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में सिंह को उस दौरान सजा सुनाई गई, जब यह बात सामने आई कि टीवी के रिमोट को लेकर हुए विवाद में नशे में धुत सिंह ने अपनी मां पर हमला कर दिया था।

# गाजा शहर पर हमले तेज, 32 की मौत

**दीर अल-बलाह, एजेंसी**

- इजराइल ने फलस्तीनियों से गाजा शहर को खाली करने की अपील की मृतकों में 12 बच्चे शामिल



इजराइल ने गाजा शहर में अपने हमले तेज कर दिए हैं और उसके हवाई हमलों में कम से कम 32 लोगों की मौत हुई है। चिकित्सा कर्मचारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि फलस्तीनियों से गाजा शहर खाली करने की अपील की गई है। शिफा अस्पताल के अनुसार, मृतकों में 12 बच्चे शामिल हैं।

इजराइल ने हाल के दिनों में गाजा शहर में हमले तेज कर दिए हैं, कई ऊंची इमारतों को नष्ट कर दिया है और हमास पर उनमें निगरानी उपकरण लगाने का आरोप लगाया है। इसने निवासियों को शहर छोड़ने का आदेश दिया है, जो सबसे बड़े फलस्तीनी शहर पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक हमले का हिस्सा है। इजराइल इसे हमास का आखिरी गढ़ कहता है जहां लाखों लोग अब भी अकाल की स्थिति से जूझ रहे हैं।


### पाकिस्तान इस बात को झुठला नहीं सकता कि लादेन उसकी जमीन पर मारा गया : इजराइल

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामाबाद इस बात को झुठला नहीं सकता कि अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को उसने ही अपनी सरजमीं पर पनाह दी और वह वहीं मारा गया। इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत डैनी डैनन ने पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद की ओर इशारा करते हुए कहा, जब बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब यह सवाल नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया? डैनन ने कहा, किसी ने यह सवाल नहीं पूछा।

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 सितंबर 03.06 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 08.41 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज अपने विषय में गलत धारणा बनाने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण आपका बजट बिगड़ सकता है। ऐसे सभी लोगों से दूरी बनाकर रखें, जो नकारात्मक बातें करते हों। सर्दी-जुकाम और हल्के बुखार की स्थिति भी बन सकती है।

**वृष** — आज प्रेम विवाह को लेकर घर में चर्चा करना चाहते हैं तो दिन शुभ है। अव्यावहारिक विचारों के कारण उपहास हो सकता है। आपको स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी उपेक्षा हो सकती है। मित्रों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो सकता है। सोच-विचारकर ही आपको लोगों के सामने प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

**कर्क** — आज छोटी किंतु आधारभूत समस्याओं का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे। इसका सकारात्मक परिणाम आपको अवश्य मिलेगा। आप जिन कार्यों को प्राथमिकता क्रम में रखेंगे उन्हें अवश्य ही पूर्ण कर लेंगे।

**सिंह** — आज व्यापार में नई साझेदारी को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। आपके काम की गति में अचानक तेजी आ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से आनंदित महसूस करेंगे।

**कन्या** — आज व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अनुकूल है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। कोई समस्या हो तो अपने बड़ों से उसे साझा करें। संतान के विवाह की चिंता रहेगी।

**तुला** — आज आप अपने काम पर ही ध्यान दें। दूसरों के मामलों में पड़ने से बचें। व्यावसायिक दृष्टिकोण से दिन बहुत सामान्य रहने वाला है। आपका मन कुछ अशांत हो सकता है। आप जिनसे प्रेम और सम्मान की अपेक्षा रखते हैं, वो आपको भाव नहीं देंगे।

**वृश्चिक** — आज सहयोगियों के ऊपर अधिक निर्भर न हों। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। आपकी वाणी और व्यवहार से मित्रजन अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को निवेश से जुडी चिंता हो सकती है। मशीनरी से जुड़े कारोबार में लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** — आज आर्थिक समस्याओं को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। बच्चों के भविष्य की चिंता हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर कम गंभीर रहेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों से जुड़ने का प्रयास करेंगे। इससे आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज शरीर में कुछ थकावट महसूस हो सकती है। व्यर्थ की बहसबाजी से स्वयं को दूर रखें। लोग आपसे सहायता की अपेक्षा रख सकते हैं। व्यवसाय में नया प्रयोग करने से बचें। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर विशेष ध्यान देना होगा।

**कुंभ** — आज अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर मन में कुछ कन्फ्यूजन रहने की संभावना है। बातचीत के माध्यम से संपत्ति विवाद हल हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को विरोधियों से सावधान रहना चाहिए।

**मीन** — आज आपके मन में उच्च पद और प्रतिष्ठा की इच्छा प्रबल होगी। अपनी तीव्रबुद्धि का कुशल प्रयोग करेंगे। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन खत्म होने की संभावना है। नौकरीपेशा जातकों का कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। किसी दूर के रिश्तेदार से मिलना हो सकता है।

## सुडोकू-99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | | 8 |
| | | 9 | 1 | | | 4 | | |
| | 8 | | | 7 | | | 1 | |
| | 1 | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | 5 | | | 4 | | | 9 | |
| | | 3 | | | 5 | 2 | | |
| 4 | | 1 | | 3 | | | | |

### सुडोकू - 98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |



> भारतीय क्रिकेट टीम के नए जर्सी प्रायोजक का चयन अगले दो से तीन हफ्तों में हो जाएगा और बोलियां 16 सितंबर को बंद होंगी। अभी तक कोई नाम सामने नहीं आया है। कई बोलीदाता शामिल हैं। इसके अंतिम रूप देने के बाद सबको बताया जाएगा।
>
> -राजीव शुक्ला


# स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 14 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### निशानेबाजी में ईशा ने स्वर्ण पदक जीता

**निंगबो (चीन) :** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों के सूखे को खत्म किया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 20 वर्षीय ईशा ने एक रोमांचक फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी याओ कियानक्सुन को 0.1 अंक से हराया। दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ओह येजिन ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में यह ईशा का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक है और इसने भारत को पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत के साथ चार और देश एक स्वर्ण पदक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। मेजबान चीन दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने इस टूर्नामेंट में हर स्पर्धा में अपने चौथे से छठे क्रम के निशानेबाजों को उतारा है।

### एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 11 से

**नई दिल्ली :** यूएई के हटने के बाद 22 देशों ने भुवनेश्वर में होने वाली 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है। आयोजकों ने इस जानकारी को साझा करते हुए 500 से ज्यादा प्रतिभागियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद जताई। ओडिशा पहली पर एशियाई स्तर की टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 अक्टूबर तक कलिंगा स्टेडियम में होगा।

### बालाजी-बोलीपल्ली की जोड़ी हारी

**बील (स्विटजरलैंड) :** भारत के एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की जोड़ी विश्व ग्रुप वन मुकाबले में स्विटजरलैंड के याकूब पॉल और डोमिनिक स्ट्रिकर से हार गई जिससे मेजबान ने डेविस कप क्वालीफायर की दौड़ में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। बालाजी और बोलीपल्ली को दो घंटे 26 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6, 4-6, 5-7 से पराजय झेलनी पड़ी। अब भारत को दो उलट एकल में से एक मुकाबला जीतना होगा।



चंडीगढ़ में शनिवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी और अन्य। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया से हिसाब बराबर करने उतरेगी महिला टीम

- तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मुकाबला आज
- महिला विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता करने का मौका
- नौ महीने बाद लौटीं तेज गेंदबाज रेणुका सिंह पर रहेगी सबकी नजर

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय से विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता करने के साथ इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली पिछली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

इस श्रृंखला से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को आगामी घरेलू विश्व कप के लिए अपनी टीम को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की श्रृंखला में भारत का सूपड़ा 0-3 से साफ हो गया था। इस दौरे के बाद हालांकि भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आयरलैंड को 3-0 से हराया, श्रीलंका में दक्षिण अफ्रीका की मौजूदगी के साथ हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में जीत दर्ज की और फिर इंग्लैंड दौरे पर भी टी20 अंतर्राष्ट्रीय (3-2) और वनडे (2-1) दोनों दोनों प्रारूपों में जीत दर्ज की। स्ट्रेस फैक्चर के



कप्तान एलिसा हीली व हरमनप्रीत कौर।

कारण क्रिकेट से नौ महीने दूर रहने के बाद तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर सबकी नजरें टिकी हैं। मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने उनकी वापसी को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा रेणुका हमारे लिए एक अनमोल खिलाड़ी हैं। उन्हें कुछ परेशानियां थीं और वह खेल से बाहर थीं, लेकिन अब वह उपलब्ध हैं। वह हमारी मुख्य खिलाड़ी हैं. यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और खुशी है कि वह टीम का हिस्सा हैं। रेणुका, क्रांति गौड़ (जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं) और अरुंधति रेड्डी के साथ मिलकर भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी।

स्पिन गेंदबाजी विभाग भी काफी मजबूत है। इसमें श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावित करने वाली स्नेह राणा, युवा श्री चारानी के साथ दीप्ति शर्मा और राधा यादव की अनुभवी जोड़ी शामिल हैं। स्मृति मंधाना के साथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर प्रतिका रावल बल्लेबाजी में पारी का आगाज करेंगीं।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, एन श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, स्नेह राणा।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), तहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम ।

# टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ पलड़ा भारी

## एशिया कप : दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**दुबई, एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम रविवार को एशिया कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यहां होने वाले मुकाबले में प्रबल दावेदार होगी। दिलचस्प बात है कि पिछले कुछ महीनों में सीमा पर बढ़े तनाव के बावजूद इस मुकाबले को लेकर किसी तरह की हाइप नहीं है। चार महीने बाद भारत में टी-20 विश्व कप को देखते हुए मुकाबला महत्वपूर्ण है। लेकिन कई साल में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच में उस तरह के उत्साह का अभाव है। जो दोनों देशों के बीच मैच में अक्सर होता है। जबकि यह रविवार को खेला जा रहा है।

भारत के अंतिम एकादश में शुभमन गिल, सूर्यकुमार, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाज, जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर मौजूद हैं। कागज पर भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक खतरनाक दिखती है जो नए कप्तान सलमान अली आगा के नेतृत्व में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि इस प्रारूप की बदलने वाली प्रकृति को देखते हुए उलटफेर की संभावना हमेशा बनी रहती है, लेकिन इस मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ इसकी संभावना कम ही है।

पाकिस्तानी टीम के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक सलामी बल्लेबाज सैम अयूब, मध्यक्रम के बल्लेबाज हसन नवाज तथा अबरार अहमद, सूफियान मुकीन और मोहम्मद नवाज की स्पिनरों की तिकड़ी नए लुक वाली टीम में यह बात साबित करना चाहेंगे कि उन्होंने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पर निर्भर रहने की नीति को त्याग दिया और नया मुकाम हासिल करने जा रहे हैं।





अहमदाबाद में क्रिकेट प्रशंसकों ने मैच के प्रति लोगों का ध्यान खींचा। एजेंसी





**समय रात 8 बजे से**

### पहलगाम की कड़वाहट का दिख रहा असर

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में कड़वाहट भर गई। जनता के गुस्से ने महाद्वीपीय क्रिकेट के इस सबसे 'हाई-प्रोफाइल' मैच की तैयारी को फीका बना दिया। मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं और शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र में बहुत कम दर्शक पहुंचे।

### बुमराह और शाहीन शाह में दिखेगी टक्कर

आमतौर पर भारत-पाक मैच में भारतीय बल्लेबाजों और पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के बीच मुकाबला होता है, लेकिन इस बार दोनों टीमों के स्पिनरों की अहम भूमिका होगी। जबकि जसप्रीत बुमराह और शाहीन शाह अफरीदी ही एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं जो रविवार को मैदान में उतरेंगे। पिच में हालांकि ज्यादा टर्न नहीं है, लेकिन दोनों टीमों में एक-एक दाएं हाथ के कलाई के स्पिनर और एक-एक बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की मौजूदगी एक दिलचस्प कहानी बनाती है। सूफियान मुकीम एक अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन कुलदीप यादव जैसे चतुर गेंदबाज के आस-पास भी नहीं हैं जिनकी गुगली खेलना आसान नहीं है। अबरार अहमद की लेग-ब्रेक और विकेट लेने के अनोखे अंदाज से पाकिस्तान में उनके प्रशंसकों की तादाद बढ़ी है, लेकिन वरुण चक्रवर्ती की रहस्यमयी गेंदबाजी पाकिस्तान के बल्लेबाजों के लिए खतरनाक हो सकती है।

सूर्यकुमार यादव



बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमोन आउट होने के बाद मैदान से बाहर जाते हुए। एजेंसी

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को दिया 140 रनों का लक्ष्य

**अबु धाबी, एजेंसी**

शमीम हुसैन (नाबाद 42), जाकेर अली (नाबाद 41) और कप्तान लिटन कुमार दास (28) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने शनिवार को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 140 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां श्रीलंका के कप्तान चरित असालंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। तंजिद हसन और परवेज हसन इमॉन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद मोहम्मद तोहिद ह्रदोय (आठ) रनआउट हुये। ऐसे संकट के समय कप्तान लिटन कुमार दास ने महेदी हसन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हसरंगा ने मेहदी हसन (नौ) को पगबाधा कर श्रीलंका को चौथी सफलता दिलाई। बांग्लादेश का पांचवां विकेट लिटन कुमार दास (28) के रूप में गिरा। इसके बाद शमीम हुसैन और जाकेर अली ने छठे विकेट लिए 61 गेंदों में 86 रनों की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को पांच विकेट पर 139 रनों का स्कोर तक पहुंचाया।

# भारतीय खिलाड़ियों ने पहले दिन निराश किया

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**टोक्यो, एजेंसी**

भारत के पैदल चाल खिलाड़ियों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन 35 किमी स्पर्धाओं में निराश किया। संदीप कुमार और प्रियंका गोस्वामी ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शनिवार को 23वां और 24वां स्थान हासिल किया।

पुरुषों की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी राम बाबू को चौथा रेड कार्ड मिलने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। तब तक वह 24 किमी की दूरी तय कर चुके थे। राम बाबू दो साल पहले बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर रहे थे।

वह दो 2 घंटे 29 मिनट और 56 सेकंड के समय के साथ मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। सुबह की इस स्पर्धा में 50 खिलाड़ियों में से 34 ने रेस पूरी की, जबकि 10 इसे पूरा करने में नाकाम रहे और छह अयोग्य घोषित हो गए। 39 साल के संदीप ने दो घंटे 39 मिनट और 15 सेकंड का समय लिया।





टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर हीट में संयुक्त राज्य अमेरिका की शाकारी रिचर्डसन (बीच में), ऑस्ट्रेलिया की टोरी लुईस (दूसरे बाएं), जर्मनी की जीना ल्यूकेंकेम्पर (दाएं) और रिपब्लिक ऑफ कांगो की नताचा नगोए। एजेंसी

# हांगकांग ओपन: सात्विक-चिराग सत्र के पहले फाइनल में पहुंचे

- खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका

**हांगकांग, एजेंसी**

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उनके पास इस साल खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका है।

दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।





आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियां 3-3 और 6-6 से बराबरी पर थीं। लेकिन सात्विक के स्मैश और चिराग के तेज 'इंटरसेप्शन' की बदौलत भारतीय जोड़ी 11-8 से आगे हो गई। हालांकि ताइवानी जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर लिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने 15-12 से बढ़त बना ली। चिराग के तेज रिटर्न के साथ दूसरे गेम प्वाइंट पर गेम अपने नाम कर लिया।

# भारत-जापान का मुकाबला ड्रॉ

**महिला एशिया कप हॉकी**

**हांगझोउ (चीन), एजेंसी**

भारत ने शनिवार को यहां महिला एशिया कप के अपने आखिरी सुपर चार मैच में जापान के खिलाफ शुरुआती बढ़त गंवाकर 1-1 से ड्रॉ खेला और फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार रखीं। भारत ने शानदार शुरुआत की। ब्यूटी डुंग डुंग ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन जापान ने वापसी की और शेहो कोबायाकावा (58वें मिनट) ने हूटर बजने से दो मिनट पहले ही बराबरी का गोल दाग दिया।

यह इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच दूसरा ड्रॉ था। इससे पहले पूल चरण का मुकाबला भी 2-2 से बराबरी पर छूटा था। जापान के खिलाफ जीत से भारत सीधे मेजबान चीन के खिलाफ फाइनल में पहुंच जाता। अब भारत की फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें चीन और कोरिया के बीच होने वाले मैच के नतीजे पर निर्भर करेंगी।



जापान व भारत की खिलाड़ी भिड़ती हुईं।

- फाइनल में पहुंचने की उम्मीद अभी कायम, कोरिया-चीन के नतीजे पर टिकी आगे की राह

भारत ने एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ से चार अंक बटोरे हैं जिससे उसका गोल अंतर माइनस एक है। चीन दो जीत से छह अंक के साथ सुपर चार तालिका में शीर्ष पर है और अगर वह कोरिया को हरा देता है तो उसके नौ अंक हो जाएंगे। कोरिया के एक अंक और गोल अंतर माइनस दो है। अगर चीन कोरिया को हरा देता है या ड्रॉ करा लेता है तो भारत फाइनल में पहुंच जाएगा। लेकिन अगर कोरिया चीन को दो गोल के अंतर से हरा देता है तो वह फाइनल में पहुंच जाएगा। चीन ने सुपर चार चरण में भारत को हराकर पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत ने बेहतर शुरुआत की और पहले कुछ मिनट में ही इशिका चौधरी ने गोलपोस्ट पर शॉट लगा दिया। इसके बाद जापान ने कुछ आक्रामक मूव बनाने शुरू किए। लेकिन भारत ने डुंग डुंग के गोल से बढ़त हासिल कर ली। बराबरी की कोशिश में जुटी जापान ने जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारत ने बिना परेशानी के उन्हें रोक दिया। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, भारतीयों ने गेंद पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया और हमले तेज कर दिए।

# इंग्लैंड की रिकॉर्ड रनों की आंधी में उड़ा दक्षिण अफ्रीका

**मैनचेस्टर (इंग्लैंड) :** फिल सॉल्ट के इंग्लैंड के लिए सबसे तेज टी20 शतक और इस प्रारूप के की सबसे बड़ी पारी के बूते इस टीम ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड 146 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सॉल्ट के नाबाद 141 रन और जोस बटलर की 83 रन की ताबड़तोड़ पारी से इंग्लैंड ने दो विकेट पर 304 रन बनाने। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड की पारी में 18 छक्के और 30 चौके लगे। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 64 रन बना लिए थे, लेकिन आठवें ओवर में कप्तान एडेन मारक्रम की 20 गेंदों में 41 रनों रन की पारी पर विराम लगने के बाद टीम की हार तय हो गई। दक्षिण अफ्रीका 17वें ओवर में 158 रन पर सिमट गई।

**कवायद** — खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अधिनियम को लागू करने का किया वादा

# राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन तीन महीने में होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के तहत महासंघों को मान्यता देने या निलंबित करने और उनके वित्तीय आचरण की निगरानी करने का सर्वोच्च अधिकार रखने वाले बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का गठन दिसंबर के अंत तक कर दिया जाएगा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अगले साल जनवरी के अंत तक इस अधिनियम को पूरी तरह से लागू करने का वादा किया है और एनएसबी का गठन उस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने पीटीआई द्वारा पूरी प्रक्रिया की समय-सीमा के बारे में पूछे जाने पर शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन अगले तीन महीनों में किया



खेल मंत्री मनसुख मांडविया।

जाएगा। इसकी प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने का काम भी चल रहा है। उन्होंने हालांकि विवरण का खुलासा नहीं किया। इसमें हालांकि राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को संबद्धता देने के मानदंड भी शामिल हैं।

एनएसबी में एक अध्यक्ष और कुछ सदस्य (सदस्यों की संख्या अभी तय नहीं हुई है) होंगे। इनकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा 'सार्वजनिक प्रशासन, खेल प्रशासन, खेल कानून और अन्य संबंधित क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले, सक्षम, ईमानदार और प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से' की जाएगी। इससे जुड़ी नियुक्ति कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक खोज-सह-चयन समिति की सिफारिश पर की जाएंगी। इस समिति के अन्य सदस्यों का विवरण अभी ज्ञात नहीं है, लेकिन अधिनियम में कहा गया है कि उनके पास सार्वजनिक प्रशासन और खेल प्रशासन का व्यापक अनुभव होना चाहिए और वे राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता भी होने चाहिए। एक बार गठित होने के बाद सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए केंद्र सरकार से धन प्राप्त करने के लिए बोर्ड से संबद्धता लेना अनिवार्य होगा।

### अदालतों में उलझने से मिलेगी मुक्ति

**नई दिल्ली :** भारतीय खेल बोर्ड के साथ राष्ट्रीय खेल पंचाट और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल का गठन भी शुरुआती चरण में है। खेल पंचाट का उद्देश्य खेल से जुड़े मामलों को लंबे समय तक अदालतों में उलझने से रोकना है। इसमें एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य होंगे। पंचाट के अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश या किसी भी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा एक समिति की सिफारिशों पर की जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष भारत के मुख्य न्यायाधीश या उनके द्वारा नामित उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश होंगे।